RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 259
नई दिल्ली, बुधवार, 26 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com






अश्विन मेरे लिए श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी
स्पोर्ट्स-12


# इंडिया अब तक का सबसे दिशाहीन गठबंधनः मोदी

## पीएम ने ईस्ट इंडिया कंपनी, इंडियन मुजाहिदीन जैसे नामों का हवाला देकर साधा विपक्षी गठबंधन पर निशाना

● केवल देश के नाम का इस्तेमाल करने से लोगों को गुमराह नहीं किया जा सकता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) को देश का अब तक का सबसे दिशाहीन गठबंधन करार दिया और ईस्ट इंडिया कंपनी तथा इंडियन मुजाहिदीन जैसे नामों का हवाला देते हुए कहा कि केवल देश के नाम के इस्तेमाल से लोगों को गुमराह नहीं किया जा सकता।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। बैठक में मौजूद कई सूत्रों ने कहा कि मोदी ने संसद में जारी गतिरोध के बीच विपक्ष की आलोचना की और भरोसा जताया कि 2024 के लोकसभा चुनावों में जीत के बाद सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को लगातार तीसरा कार्यकाल मिलना तय है। केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने विपक्ष के हताश और निराश व्यवहार का उल्लेख किया और कहा कि उसके इस रुख से यह दिखाई पड़ता है कि उसने आने वाले कई वर्षों तक विपक्ष में रहने का निर्णय लिया है। विपक्षी दलों ने पिछले दिनों बेंगलुरू में हुई बैठक के बाद 18 जुलाई को अपने गठबंधन का ऐलान किया था जिसका नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलांयस (इंडिया) रखा था। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया नाम के बैनर तले लामबंद होने के बीच प्रधानमंत्री ने देश के नाम का इस्तेमाल करने वाले कुछ प्रतिबंधित चरमपंथी और आतंकवादी संगठनों सहित कुछ अन्य संगठनों के इतिहास का हवाला दिया और समूह को भ्रष्ट नेताओं और पार्टियों का गठबंधन बताया।

सूत्रों के अनुसार उन्होंने कहा कि यहां तक कि मुख्य विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का नाम भी एक अंग्रेज ए ओ ह्यूम ने रखा था। सूत्रों के अनुसार मोदी ने कहा कि जो संगठन शासन करना चाहते हैं और देश को तोड़ना चाहते हैं, जो इसे विभाजित करना चाहते हैं, उन्होंने लोगों को गुमराह करने के लिए भारत और भारतीय जैसे नामों का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि लोग अब परिपक्व हो गए हैं और इस तरह के नामकरण से गुमराह नहीं होंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने एक बहुत बड़ी टिप्पणी की है। इंडियन नेशनल कांग्रेस एक अंग्रेज ने बनाई थी। ईस्ट इंडिया कंपनी भी अंग्रेजों ने बनाई थी। आज कल लोग इंडियन मुजाहिद्दीन और इंडियन पीपुल्स फ्रंट भी नाम रखते हैं। तो चेहरे पर चेहरे चढ़ा लेते हैं, सच्चाई (शेष पेज 9)

## विपक्षी एकता से प्रधानमंत्री परेशान इंडिया से कर रहे नफरतः कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● हम सभी लोगों के जीवन में प्यार और शांति वापस लाएंगे और मणिपुर में भारत की अवधारणा का पुनर्निर्माण करेंगेः राहुल

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी द्वारा विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) पर निशाना साधे जाने के बाद मंगलवार को कांग्रेस ने उन पर तगड़ा पलटवार किया और आरोप लगाया कि वह इस गठबंधन से बहुत परेशान हैं। विरोध करते-करते वह इंडिया से ही नफरत करने लगे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की संसदीय दल की बैठक में विपक्षी गठबंधन इंडिया को देश का अब तक का सबसे दिशाहीन गठबंधन करार दिया और ईस्ट इंडिया कंपनी तथा इंडियन मुजाहिदीन जैसे नामों का हवाला देते हुए कहा कि केवल देश के नाम के इस्तेमाल से लोगों को गुमराह नहीं किया जा सकता। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट कर कहा कि मणिपुर की बात हम कर रहे हैं, प्रधानमंत्री सदन के बाहर इंडिया को ईस्ट इंडिया कंपनी बोल रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी हमेशा मदर इंडिया यानी भारत माता के साथ रही है। उन्होंने दावा किया कि अंग्रेजों के गुलाम तो भाजपा के राजनीतिक पूर्वज ही थे। प्रधानमंत्री को अपनी ऊल-जुलूल बयानबाजी से देश का ध्यान भटकाना बंद करना चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट किया कि मोदी जी, आप हमें जो चाहें संबोधित कर लें। हम इंडिया हैं। हम (शेष पेज 9)

## सरकार व विपक्ष अड़े, दोनों सदनों में कामकाज बाधित



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● विपक्ष कर रहा सदन में पीएम मोदी की उपस्थिति और मणिपुर पर उनके बयान की मांग

● सत्ता पक्ष राजस्थान, छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर भी चाहता है बहस

**मणिपुर** मुद्दे पर गतिरोध मानसून सत्र के दूसरे सप्ताह में भी नहीं टूटा। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दोनों सदनों में कांग्रेस नेताओं से संसद में सार्थक बहस के लिए सहयोग करने की अपील की, लेकिन समूचा विपक्ष मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर जोर देता रहा।

मानसून सत्र के चौथे दिन भी राज्यसभा की कार्यवाही ठप रही। दोनों सदनों में विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते रहे और तख्तियां लहराते रहे। बार-बार के स्थगन के बाद दोनों सदनों को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्ष ने संसद में गतिरोध पर अपना रुख सख्त कर लिया है। भारी हंगामे के बीच सरकार लोकसभा में बहु-राज्य सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक, 2022, जैव विविधता (संशोधन), 2022 और राज्यसभा में संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक, 2022 सहित प्रमुख विधेयकों को पारित करने में कामयाब रही। गृह मंत्री ने कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर रंजन चौधरी को पत्र लिखकर मणिपुर मुद्दे पर सार्थक बहस की (शेष पेज 9)

## हरियाणा के पूर्व मंत्री कांडा विमान परिचारिका को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में बरी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने विमान परिचारिका गीतिका शर्मा को आत्महत्या के लिए कथित तौर पर उकसाने के मामले में हरियाणा के पूर्व मंत्री गोपाल गोयल कांडा को मंगलवार को बरी कर दिया।

अदालत ने कहा कि कांडा ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई कार्य नहीं किया जिससे उनकी विमानन कंपनी में काम करने वाली शर्मा आत्महत्या करने के लिए मजबूर हुईं। अदालत ने कहा कि कांडा वास्तव में शर्मा के प्रति आकर्षित थे, जो उसे उनकी कंपनियों में दी गई पदोन्नति और उसे दिए गए उपहारों से स्पष्ट होता है। विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने कांडा और सह-आरोपी अरुणा चड्ढा को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना), 120-बी (आपराधिक साजिश) और 466 (जालसाजी) सहित अन्य धाराओं के तहत लगाए गए आरोपों से बरी कर (शेष पेज 9)

डोभाल ने चीनी राजनयिक से एलएसी पर की चर्चा

## द्विपक्षीय संबंधों में बाधाओं को दूर करने पर दिया जोर

**भाषा।** जोहानिसबर्ग



**राष्ट्रीय** सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में चीन के शीर्ष राजनयिक वांग ई से मिले जिसमें उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन एवं शांति बहाली के प्रयास जारी रखने की जरूरत पर जोर दिया ताकि द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की बाधाओं को दूर किया जा सके।

डोभाल और वांग की मुलाकात सोमवार को जोहानिसबर्ग में फ्रेंड्स ऑफ ब्रिक्स की बैठक के इतर हुई। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, बैठक में डोभाल ने कहा कि भारत-चीन सीमा पर पश्चिमी सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति के कारण 2020 के बाद से सामरिक विश्वास तथा सार्वजनिक एवं राजनीतिक संबंध कमजोर हुए हैं। बयान के अनुसार, उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन एवं शांति बहाली एवं स्थिति के समाधान के प्रयास जारी रखने के महत्व को रेखांकित किया ताकि द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की बाधाओं को दूर किया जा सके। इसमें कहा गया है कि दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि भारत-चीन द्विपक्षीय संबंध न केवल दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण हैं बल्कि क्षेत्र और विश्व के लिए भी अहम हैं। वांग चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति में विदेश मामलों के आयोग कार्यालय के निदेशक हैं। डोभाल और उनकी मुलाकात इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में विदेश मंत्री एस जयशंकर और वांग के बीच बैठक के कुछ दिन बाद हुई।

जयशंकर और वांग ने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और अमन-चैन से संबंधित लंबित मुद्दों पर चर्चा की थी। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में पिछले तीन साल से सैन्य गतिरोध जारी है। जयशंकर ने इसे अपने लंबे राजनयिक करियर की सबसे जटिल चुनौती बताया है। भारत ने स्पष्ट किया है कि जब तक सीमा क्षेत्र में शांति कायम नहीं होगी, तब तक द्विपक्षीय संबंध सामान्य नहीं हो सकते। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, डोभाल से मुलाकात (शेष पेज 9)

## चीन ने विदेश मंत्री छिन कांग को पद से हटा दिया

**भाषा।** बीजिंग

● वांग ई लेंगे उनका स्थान

**चीन** ने मंगलवार को विदेश मंत्री छिन कांग को बर्खास्त कर दिया और वरिष्ठ नेता वांग ई को इस पद पर फिर से नियुक्त किया। इस नियुक्ति के साथ सख्त प्रशासन वाले कम्युनिस्ट देश में राष्ट्रपति शी चिनफिंग के करीबी विश्वासपात्र से जुड़े दुर्लभ घटनाक्रम का अंत हो गया। छिन लगभग एक महीने से सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए हैं।

छिन को लेकर कई तरह की अटकलों के बीच चीन की नाम मात्र की संसद ने उन्हें हटाने के फैसले को मंजूरी दे दी। छिन (57) को पिछले साल दिसंबर में कई वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर विदेश मंत्री बनाया गया था और उन्हें सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) में एक उभरते सितारे के तौर पर देखा जा रहा था। वह चीन के इतिहास में इस पद पर नियुक्त सबसे कम उम्र के व्यक्तियों में से एक थे। शी ने छिन को विदेश मंत्री बनाए जाने से पहले वाशिंगटन के साथ बीजिंग के तनाव भरे संबंधों को स्थिर करने के लिए अमेरिका में चीन का राजदूत बनाया था। छिन को अचानक हटाए जाने का कोई कारण नहीं बताया गया है। श्रीलंका, वियतनाम और रूस के अधिकारियों से 25 जून को मुलाकात के बाद छिन को सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है।

चीन की संसद ने छिन के पूर्ववर्ती वांग को फिर से नियुक्त किया, जिन्हें जनवरी में सीपीसी के विदेश मामलों के आयोग के निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया था। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार, चीन की संसद ने वांग (69) को विदेश मंत्री नियुक्त करने के लिए मतदान किया और छिन को पद से हटा दिया। खबर में कहा गया है कि राष्ट्रपति शी, जो सीपीसी के महासचिव भी हैं, ने आदेश पर हस्ताक्षर किए। वांग ने 2013 से 2022 तक विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया। चीनी राजनीतिक पदानुक्रम में (शेष पेज 9)

## दिल्ली जलबोर्ड और एनबीसीसी अफसरों पर ईडी की छापेमारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को बताया कि उसने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की निविदा प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के दो अलग-अलग मामलों की जांच के संबंध में धन शोधन का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में डीजेबी के साथ-साथ नेशनल बिल्डिंग्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन (एनबीसीसी) के कर्मचारियों और कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापेमारी भी की गई। ईडी ने एक बयान में बताया कि सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, केरल और तमिलनाडु में 16 ठिकानों पर छापेमारी की गई। यह ठिकाने डीजेबी, एनबीसीसी और निजी संस्थानों से संबंधित थे, जहां छापेमारी की गई। संघीय जांच एजेंसी ने बताया, ईडी डीजेबी की निविदा प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के दो अलग-अलग मामलों की जांच कर रही है। एजेंसी ने बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और दिल्ली (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### मणिपुर में महिला से छेड़छाड़ के मामले में बीएसएफ का जवान निलंबित

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बीते सप्ताह अशांत मणिपुर में एक राशन की दुकान पर एक स्थानीय महिला से छेड़छाड़ करने के आरोपों में अपने एक जवान को निलंबित कर दिया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक सीसीटीवी कैमरे में कैद वीडियो में हेड कांस्टेबल सतीश प्रसाद अपनी वर्दी पहने हुए और इंसास राइफल के साथ महिला के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार करते हुए दिख रहा है। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर भी बड़ी संख्या में साझा किया गया। बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा कि यह घटना 20 जुलाई को इंफाल वेस्ट जिले में दर्ज की गई थी। अर्धसैनिक बल को शिकायत मिलने के बाद आरोप की जांच की गई और बाद में उसी दिन जवान को निलंबित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि बल की 100वीं बटालियन से संबंधित हेड कांस्टेबल के खिलाफ कोर्ट ऑफ इंक्वायरी की कार्यवाही शुरू की गई है। जवान को पूर्वोत्तर राज्य में जातीय हिंसा के मद्देनजर सुरक्षा ड्यूटी के लिए तदर्थ इकाई के रूप में भेजा गया था।

## पुरस्कार वापसी रोकने के लिए पहले ही शपथ पत्र लेगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● राजनीतिक विरोध के चलन को रोकने को केंद्र ने उठाया कदम संसदीय समिति ने रखा शपथ पत्र का प्रस्ताव

**पुरस्कार** वापसी के चलन को हतोत्साहित करने के लिए परिवहन, पर्यटन और संस्कृति पर संसदीय समिति ने सम्मान प्राप्त करने वालों से शपथ पत्र लेने का प्रस्ताव रखा है। ज्ञात रहे कि राजनीतिक विरोध व अन्य कारणों के चलते सरकारी पुरस्कार प्राप्तकर्ता सम्मान वापस करते हैं।

संसद में प्रस्तुत राष्ट्रीय अकादमियों और अन्य सांस्कृतिक संस्थानों की कार्यप्रणाली शीर्षक वाली रिपोर्ट में समिति ने पुरस्कार से सम्मानित लोगों की की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने के लिए नया दृष्टिकोण का सुझाव पेश किया है। इस सुझाव के अनुसार पुरस्कार प्रदान करने से पहले प्राप्तकर्ता की लिखित व हस्ताक्षरित सहमति लिया जाना चाहिए। इस कदम का उद्देश्य राजनीतिक उद्देश्यों के आधार पर भविष्य में पुरस्कार की वापसी को रोकना व सुरक्षा प्रदान करना है। जिससे देश की प्रतिष्ठा को नुकसानदायक माना जाता है।

समिति का मानना है कि साहित्य अकादमी जैसे संस्थानों को अपनी स्वायत्तता बनाए रखते हुए अराजनीतिक रहना चाहिए और सांस्कृतिक उपलब्धियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इस रिपोर्ट में सांस्कृतिक क्षेत्र या संबंधित अकादमियों के कामकाज से संबंधित राजनीतिक मुद्दों के विरोध में पुरस्कार लौटाने वाले प्राप्तकर्ताओं की चिंता पर प्रकाश डालती है। ऐसी घटनाओं में अन्य योग्य पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियों को कमजोर करने और इन सम्मानों की समग्र प्रतिष्ठा को धूमिल करने की क्षमता है। इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए, समिति एक ऐसी प्रणाली के कार्यान्वयन की सिफारिश करती है जहां चिह्नित किए गए उम्मीदवार पुरस्कार के प्रति अपनी स्वीकृति व्यक्त करते हैं और भविष्य में इसका अपमान न करने की प्रतिज्ञा करते हैं। ऐसी प्रतिबद्धता प्राप्त करने के बाद ही पुरस्कार प्रदान किए जाने चाहिए। इसके अतिरिक्त, समिति का प्रस्ताव है कि जो भी पुरस्कार विजेता अपना सम्मान लौटाता है उसे भविष्य में वही पुरस्कार प्राप्त करने से अयोग्य घोषित कर दिया जाना चाहिए। इस उपाय का उद्देश्य सरकारी पुरस्कारों की अखंडता को बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना है कि पुरस्कार विजेता उन्हें दिए गए सम्मान की गरिमा बनाए रखें।

## मानकों पर खरी नहीं 2,545 दवाएं, 379 मिली नकली

● राज्यसभा में सरकार ने दी जानकारी, अप्रैल 2021 से मार्च 2022 के बीच 88,844 नमूनों का परीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश** में किस कदर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जांच में 2545 दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरीं। यही नहीं, 379 दवाएं नकली भी पाई गईं। यह खुलासा अप्रैल 2021 से मार्च 2022 के बीच दवाओं के 88,844 नमूनों के परीक्षण से हुआ है।

सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा में यह जानकारी साझा की है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों से मिली जानकारी के अनुसार, इसी अवधि के दौरान नकली या मिलावटी दवाओं के उत्पादन, बिक्री और वितरण को लेकर 592 मुकदमे चलाए गए। राज्यमंत्री ने विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दवा नियंत्रकों की रिपोर्ट के आधार पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2020 से मार्च 2021 के बीच 84,874 नमूनों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 2,652 दवाएं मानक गुणवत्ता की नहीं थीं जबकि 263 दवाइयां नकली पाई गईं। इस अवधि के दौरान नकली या मिलावटी दवाओं को लेकर 236 मुकदमे चलाए गए।

एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने पिछले पांच वर्षों में फार्मास्युटिकल क्षेत्र में मानकीकरण और गुणवत्ता सुधार के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का विवरण दिया। पवार ने कहा कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने देश में दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न नियामक उपाय किए हैं। उन्होंने कहा कि नकली और मिलावटी औषधियों के विनिर्माण के लिए कठोर दंड हेतु औषधि और प्रसाधन सामग्री (संशोधन) अधिनियम 2008 के तहत औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 को संशोधित किया गया तथा कुछ अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती भी बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि राज्यों ने औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत अपराधों से जुड़े मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए विशेष अदालतों का गठन किया है। पवार ने कहा, पिछले 10 वर्षों में सीडीएससीओ में स्वीकृत पदों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। दवाओं की प्रभावकारिता सुनिश्चित करने के लिए, ड्रग्स और कॉस्मेटिक्स नियम, 1945 में संशोधन किया गया है, जिसमें प्रावधान किया गया है कि आवेदकों को कुछ दवाओं के मौखिक खुराक के रूप में विनिर्माण लाइसेंस के अनुदान के लिए आवेदन से पहले विनिर्माण प्रतिष्ठान का (शेष पेज 9)

# इमारत का छज्जा गिरा, मां-बेटे की मौत

● इमारत काफी पुरानी है, हादसे के समय महिला बच्चे के साथ छज्जे के नीचे थी

● दमकलकर्मी व पुलिस ने पीड़ितों को मलबे से बाहर निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



अरिहंत नगर में गिरा मकान का हिस्सा।

वेस्ट पंजाबी बाग के अरिहंत नगर इलाके में मंगलवार को एक इमारत के छज्जे का बड़ा हिस्सा भरभरा कर गिर गया। मलबे में दबकर एक महिला और उसके तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गई।

मृतक की पहचान ममता और उसके चार वर्षीय बच्चे अंसुल के रूप में हुई। पुलिस ने इस बाबत लापरवाही से हुई मौत का मामला दर्जकर किया है।

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब करीब दो बजे सूचना मिली थी कि महाराजा बैंक्वेट हॉल के पास एक इमारत का बड़ा हिस्सा गिर गया है । जानकारी मिलने पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव अभियान चलाकर महिला और उसके बच्चे को गंभीर हालत में मलबे से बाहर निकाला; पुलिस ने दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया । पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इमारत काफी पुरानी है। जिस समय हादसा हुआ महिला बच्चे के साथ छज्जे के नीचे मौजूद थी । जैसे ही हादसा हुआ पड़ोसी मदद के लिए दौड़े और मलबे को हटाने में जुट गए ।

इस बीच पुलिस व दमकलकर्मी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। दमकल व पुलिस टीम ने छज्जे के नीचे फंसे मां-बेटे बाहर निकाला और उन्हें तुरंत संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने जांच के उन्हें मृत घोषित कर दिया ।

पुलिस के मुताबिक महिला ममता मजदूरी करती थी;पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रख दिया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इमारत काफी पुरानी थी । महिला अपने परिवार के साथ इसी इमारत में एक कोने में रहती थी । पुलिस मृतक महिला के रिश्तेदारों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

# सरकार ने पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपये देने का किया ऐलान

● राजस्व मंत्री ने पीड़ित परिवार के रहने की व्यवस्था करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




पीड़ित परिवार से बातचीत करतीं मंत्री आतिशी

पंजाबी बाग थाना क्षेत्र में अचानक एक पुरानी इमारत का छज्जा ढह गया। हादसे में इमारत में रह रही महिला ममता व उसके तीन वर्षीय बेटे अंशुल की मौत हो गई।

राजस्व मंत्री आतिशी ने घटनास्थल पर जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और दिल्ली सरकार की ओर से परिवार को 20 लाख रूपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया। इस मौके पर आतिशी ने कहा हादसा दर्दनाक है; दु:ख की इस घडी में वह पीड़ित परिवार के साथ है और उन्हें हर संभव मदद देने का प्रयास करेंगी; घटना में पीड़ित परिवार ने अपनों को खोया है।

ये परिवार के लिए दु:ख का क्षण है। यह राशि नुकसान की पूर्ति तो नहीं कर सकती लेकिन उनकी तत्काल जरूरतों को जरुर पूरा करेगी; साथ ही राजस्व मंत्री ने अधिकारिओं को निर्देश दिए कि तत्काल पीड़ित परिवार को सुरक्षित स्थान पर भेजा जाये और उनके रहने व खाने का इंतजाम किया जाए। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

## दिल्ली दंगे : 49 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2020 में हुए दंगों से संबंधित मामले में 49 आरोपियों के खिलाफ दंगे और आगजनी समेत विभिन्न अपराधों के तहत आरोप तय किए, जिसके साथ ही उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का रास्ता तैयार हो गया। हालांकि अदालत ने इन सभी आरोपियों को आपराधिक षड्यंत्र के आरोप से मुक्त कर दिया और कहा कि आरोपियों और अन्य लोगों ने कोई साजिश रची थी, यह साबित नहीं हो सका। अदालत ने एक आरोपी को सभी आरोपों से मुक्त करार दिया और कहा कि दंगाई भीड़ में उसके शामिल होने के कोई ठोस सबूत नहीं हैं।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला 51 आरोपियों के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। इनमें से सुलेमान नाम के एक व्यक्ति को अभी गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी उस भीड़ का हिस्सा थे जिसने वजीराबाद रोड पर एक कार के शोरूम में आगजनी की थी।

# दो हथियार तस्कर गिरफ्तार, 12 पिस्तौल जब्त

● खेप दिल्ली में बदमाशों को बेची जानी थी: पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले दो अंतर्राज्यीय तस्करों को मुकुंदपुर से गिरफ्तार किया है । इन लोगों के कब्जे से 32 बोर की 12 सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल बरामद की गई हैं।

तस्करों ने पूछताछ के दौरान बताया कि यह हथियार मध्य प्रदेश स्थित एक तस्कर से खरीदे थे जिन्हें दिल्ली और पंजाब के बदमाशों को बेचा जाना था। आरोपियों की पहचान शमशेर सिंह उर्फ शेरा और लवदीप सिंह उर्फ लव के रूप में हुई है। विशेष आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने बताया कि दिल्ली पुलिस अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी कड़ी में मुखबिर से सूचना मिली थी कि पंजाब के रहने वाले दो तस्कर दिल्ली में अवैध हथियारों की खेप पहुंचाने आए हैं; यह हथियारों की खेप पंजाब और दिल्ली के बामदशों को बेची जानी है, जानकारी पुख्ता करने के बाद पुलिस ने बीस जुलाई को जाल बिछाकर मजलिस पार्क मेटो स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया है।

पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया यह हथियार मध्य प्रदेश के बुरहानपुर से तीस हजार रूपये में खरीदे थे जिसे बदमाशों को 50 हजार रूपये में बचते थे। शमशेर के खिलाफ अमृतसर में पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## प्रधानमंत्री इंडिया से नफरत क्यों करते हैं: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इंडिया नाम की तुलना आतंकवादी संगठनों और उपनिवेशवादियों से करने पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा और पीएम मोदी को घेरा है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी को उनकी टिप्पणी पर घेरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री इंडिया से इतनी नफरत क्यों करते हैं; वहीं आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने टिप्पणी की कि पीएम मोदी को इंडिया शब्द से नफरत होने लगी है लेकिन स्टार्ट अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और खेलो इंडिया के बारे में क्या। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या पीएम मोदी और भाजपा इंडिया के विचार से इतने डर गए हैं।

# यमुना में जलस्तर अभी खतरे के निशान से ऊपर

## पहले के मुकाबले कुछ कम हुआ पानी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● बाढ़ प्रभावित निचले क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास के काम पर असर पड़ सकता है: अधिकारी

यमुना नदी के जलस्तर में मंगलवार को भी गिरावट देखने को मिली, लेकिन यह अभी भी खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर है ।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के मुताबिक, मंगलवार दोपहर 12 बजे ओल्ड रेलवे ब्रिज (ओआरबी) पर जलस्तर 205.4 मीटर था । ओल्ड रेलवे ब्रिज पर 13 जुलाई को 208.66 मीटर के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद नदी का जलस्तर खतरे के निशान के आसपास बना हुआ है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के बाद हथिनीकुंड बैराज से नदी में पानी छोड़े जाने के बाद यमुना का जलस्तर रविवार को एक बार फिर खतरे के निशान से ऊपर चला गया था । जलस्तर बढ़ने के कारण रेलवे ने रविवार रात ओआरबी पर रेलगाड़ियों का आवागमन रोक दिया था। अधिकारियों ने बताया कि नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से राष्ट्रीय राजधानी के बाढ़ प्रभावित निचले क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास के काम पर असर पड़ सकता है । सीडब्ल्यूसी के आंकड़ों के अनुसार, यमुना का जलस्तर शनिवार रात 10 बजे 205.02 मीटर से बढ़कर सोमवार तड़के तीन बजे 206.57 मीटर पर पहुंच गयाए जिसके बाद इसमें गिरावट आने लगी ।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 27 जुलाई तक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान जताया है । दिल्ली को इस महीने अप्रत्याशित जलभराव और बाढ़ की समस्या का सामना करना पड़ रहा है । शुरुआत में, आठ और नौ जुलाई को अत्यधिक बारिश से भारी जलभराव हुआ और इन दो दिनों में शहर में मासिक कोटे की 125 प्रतिशत बारिश हुई इस बीच, यमुना नदी के हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा समेत ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश से जलस्तर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया । विशेषज्ञों ने दिल्ली में अभूतपूर्व बाढ़ के लिए यमुना के बाढ़ क्षेत्र में अतिक्रमण, थोड़े अंतराल में अत्यधिक वर्षा और गाद संचय को जिम्मेदार ठहराया है, जिससे नदी का जलस्तर बढ़ गया है ।

# आप के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन, आईटीओ जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● पार्टी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मांगा मुख्यमंत्री से इस्तीफा

अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली की आप सरकार को विफल बताते हुए भाजपा की प्रदेश इकाई ने मंगलवार को वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में आप विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री से इस्तीफा देने की मांग की।

आम आदमी पार्टी (आप) कार्यालय की तरफ बढ़ रहे हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार की और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। पुलिस ने वीरेन्द्र सचदेवा और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर आईपी एस्टेट थाने ले गई और चेतावनी देकर छोड़ दिया। प्रदर्शन का संचालन प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा द्वारा किया गया जिसमें नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह, विजेन्द्र गुप्ता, आदेश गुप्ता, पवन शर्मा, साबिर अली, दिनेश प्रताप सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। भाजपा की दिल्ली इकाई ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) कार्यालय के पास विरोध प्रदर्शन करने के कारण दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग को बंद करना पड़ा।

मार्ग बंद होने से आईटीओ पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ। मार्ग को बाद में यातायात के लिए खोल दिया गया। पूर्वी दिल्ली के निवासी अमन सिंह ने बताया कि उन्हें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचने में करीब एक घंटा लग गया।

प्रदर्शन के चलते शहर के अन्य हिस्सों में भी यातायात प्रभावित हुआ। यात्रियों ने ट्विटर पर लिखा कि नजफगढ़ नाले के पास जनकपुरी और द्वारका के कुछ हिस्सों में सड़कों पर यातायात धीमा था।

# केंद्रीय करों में राजधानी की हिस्सेदारी 23 साल से रुकी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● वित्त वर्ष 2022-23 में केवल 350 करोड़ मिले जबकि मिलने चाहिए 7,378 करोड़: केजरीवाल

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय करों में दिल्ली के वाजिब हिस्से को लेकर पुरजोर तरीके से मांग उठाई है। केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र लिखकर सीएम ने पिछले 23 वर्षों में दिल्ली के लोगों के साथ हुए भेदभाव को उजागर किया है ।

इसके साथ ही आगामी 16वें केंद्रीय वित्त आयोग में इसपर ध्यान देने का अनुरोध किया है । क्योंकि दिल्लीवासियों ने आयकर में 1.78 लाख करोड़ का भुगतान किया, लेकिन केंद्र ने वित्त वर्ष 2023.24 में दिल्ली की हिस्सेदारी जीरो कर दी है। इसके अलावा केंद्रीय करों में दिल्ली का हिस्सा पिछले 23 वर्षों से रुका हुआ है। वित्त वर्ष 202-23 में दिल्ली को केवल 350 करोड़ मिले जबकि उसे 7,378 करोड़ मिलने चाहिए थे। एक अनूठा मामला मानकर इसे 16वें वित्त आयोग के संदर्भ की शर्तों में शामिल करने का अनुरोध किया है।

# स्कूलों में माइंडफुलनेस के साथ योग भी सीखेंगे बच्चे

● माता अमृतानंदमयी के यूथ विंग के साथ योग व ध्यान शिविर का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



हैप्पीनेस सप्ताह के दूसरे दिन स्कूली बच्चों के लिए माता अमृतानंदमयी के यूथ विंग आयुध के साथ सूर्य नमस्कार व मेडिटेशन किया।

इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री आतिशी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई और छात्रों को अपने दैनिक जीवन में योग और माइंडफुलनेस अपनाने को प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा किए वर्तमान के चुनौतीपूर्ण माहौल में आमतौर पर बच्चों में तनाव व एकाग्रता की कमी पाई जाती है। ऐसे में इन समस्याओं से निपटने के लिए योग और मेडिटेशन बेहद कारगार उपाय है। ऐसे में दिल्ली सरकार के स्कूलों में माइंडफुलनेस के साथ अब योग को भी बच्चों की जिन्दगी का हिस्सा बनाया जायेगा। आतिशी ने कहा भारत में हजारों वर्षों से ध्यान और योग का अभ्यास किया जा रहा है। उन्हें गर्व महसूस होता है कि भारतीय ध्यान और योग परंपरा ने सैकड़ों वर्षों से दुनियाभर के लोगों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना सिखाया हैं और अब एक बार फिर हमें इसे अपनी सामान्य जिन्दगी का हिस्सा बनाने की जरुरत है।

आतिशी ने कहा कि बचपन से ही बच्चों के मन में यह विचार घर कर जाता है कि उनके स्कूल आने और पढ़ाई करने का एकमात्र उद्देश्य अच्छे ग्रेड हासिल करना और भविष्य में अच्छी नौकरी हासिल करना है ।

पूरे शिक्षा प्रणाली का भी फोकस सिर्फ इसी पर होता है, लेकिन बच्चों को ये नहीं सिखाया जाता कि वो दैनिक जीवन की चुनौतियों से कैसे निपटे, ऐसे में अक्सर विद्यार्थियों को स्ट्रेस होता है।

## संक्षिप्त समाचार



'जनजातीय दर्पण' गैलरी के उद्घाटन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### 'जनजातीय दर्पण' गैलरी का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में के मार्बल हॉल में 'जनजातीय दर्पण' गैलरी का उद्घाटन किया। 'जनजातीय दर्पण' गैलरी को राष्ट्रपति भवन और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के सहयोग से शुरू किया गया है। गैलरी को आईजीएनसीए के जनपद सम्पदा प्रभाग ने क्यूरेट और क्रियान्वित किया है। इस अवसर पर आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी, जनपद सम्पदा के विभागाध्यक्ष प्रो. के. अनिल कुमार और उनकी टीम भी उपस्थित थी।

### बच्चे को पिता के संरक्षण में भेजने से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली ।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दो साल के एक बच्चे को उसके पिता के संरक्षण में भेजने से इनकार करते हुए मां को ही उसकी देखभाल की जिम्मेदारी देने के फैसले को बरकरार रखा। उच्च न्यायालय ने कहा कि परिवार अदालत का आदेश तार्किक और संतुलित है एवं बच्चे का संरक्षण मां को देने के लिए अकाट्य तर्क दिए गए हैं। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा, साथ ही बच्चे के हित को देखते हुए पिता को महीने में दो बार रात में उसे साथ रखने की अनुमति दी गई है। बच्चे की उम्र को देखते हुए चुनौती वाले आदेश में कोई खामी नहीं है। पीठ ने इसके साथ ही परिवार अदालत द्वारा अप्रैल 2023 को पारित आदेश को चुनौती देने की लिए दायर पुरुष की अपील खारिज कर दी। परिवार अदालत ने बच्चे का संरक्षण मां को दिया था। पुरुष ने तर्क दिया कि जब बच्चा महज तीन महीने का था तब पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई थी और उसने ही बच्चे की देखभाल की। उसने उच्च न्यायालय से अनुरोध किया कि परिवार अदालत के आदेश को रद्द कर बच्चे का संरक्षण उसे वापस दिया जाए। उच्च न्यायालय में जिरह के दौरान सूचित किया गया कि व्यक्ति ने वर्ष 2020 में ही दूसरी शादी कर ली थी जबकि पहली पत्नी से तलाक 2023 में हुआ और दूसरी शादी के दौरान उसकी पहली शादी कायम थी। पुरुष ने दूसरी महिला से जून 2020 में शादी की और मार्च 2021 में उसका दूसरी शादी से बेटा पैदा हुआ।

# आई फ्लू की अनदेखी से बढ़ सकती है परेशानी

## डॉ. पाराशर के अनुसार इस वर्ष कंजंक्टिवाइटिस के लक्षण गंभीर, घबराने की बजाय सावधानी बरते



डॉ. आरपी पाराशर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बारिश के मौसम में आंखों का लाल या हल्का गुलाबी होना जिसे सामान्य भाषा में आंख आना या आई फ्लू और चिकित्सकीय भाषा में कंजंक्टिवाइटिस कहा जाता है।

दिल्ली नगर निगम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) डॉ. आरपी पाराशर ने कहा कि इस वर्ष कंजंक्टिवाइटिस का असर व्यापक होने के साथ ही इसके लक्षण भी अपेक्षाकृत गंभीर हैं।

डॉ. पाराशर ने कहा कि आई फ्लू एक्यूट या क्रॉनिक दोनों ही रूपों में हो सकती है, जो एक से दो सप्ताह में अपने आप ही ठीक हो जाती है। इसके संक्रमण का खतरा गर्म और नम वातावरण में अधिक रहती है।

उन्होंने बताया कि हमारी आंखों की पारदर्शी पतली झिल्ली, कंजंक्टिवा में संक्रमण होने या सूजन को कंजंक्टिवाइटिस या आंख आना कहते हैं। कंजक्टिवा की छोटी-छोटी रक्त नलिकाओं के सूजने पर आंखों का सफेद भाग लाल या गुलाबी दिखने लगता है। इसलिए आंखों की इस बीमारी को पिंक आई भी कहा जाता है। हालांकि कंजक्टिवाइटिस की समस्या एलर्जी के कारण भी हो सकती है लेकिन इस मौसम में प्राय: आंखों में बैक्टीरिया या वाइरस के संक्रमण के कारण होती है। वायरल कंजक्टिवाइटिस के अधिकतर मामले एडेनोवायरस के कारण होते हैं। वायरल कंजक्टिवाइटिस अक्सर एक आंख में होता है, कुछ दिनों में दूसरी आंख में भी फैल जाता है। बैक्टीरिया के संक्रमण के कारण होता है। वायरस और बैक्टीरिया दोनों से ही होने वाला कंजक्टिवाइटिस संक्रामक होता है। यह बीमारी संक्रमित की आंखों से निकलने वाले स्राव के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संपर्क में आने से भी फैलती है। वहीं इसके इलाज के लिए 20 बार गुलाब जल में एक भाग फिटकरी मिलाकर दिन में तीन चार बार आंखों में डालें।

साथ ही शहद सलाई से आंखों मेंतथा ताजा आवला लगाए।



**बचाव**

*1. आंखों को हाथों से न छुएं*
*2. हाथ व आंखों को कई बार धोएं*
*3. तौलिया, तकिया, आई कॉस्मेटिक्स साझा न करें*
*4. पुराने आई कॉस्मेटिक्स (मस्कारा आदि) को फेंक दें*
*5. रूमाल, तकिये के कवर, तौलिये रोज़ बदलें*

**लक्षण-**

- एक या दोनों आंखों में लाली
- आंखों में जलन या खुजली
- आसामान्य रूप से अधिक आंसू निकलना
- पानी जैसा या गाढ़ा स्राव निकलना और पुतलियों का चिपकना
- - रोशनी की ओर देखने में परेशानी महसूस करना
- आंखों में किरकिराहट या चुभन महसूस होना

## समयपुर बादली में फैक्ट्री से जला हुआ शव बरामद

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली में स्थित एक फैक्ट्री में आग लगने की घटना के एक दिन बाद मंगलवार को 25 वर्षीय युवक का जला हुआ शव बरामद किया गया। इस घटना में चार लोग घायल हुए थे।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर दिल्ली) रवि कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान डब्लू यादव के रूप में हुई, जो मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और यहां स्वरूप नगर इलाके में रह रहा था। उन्होंने बताया कि डब्लू फैक्ट्री में काम करता था और सोमवार से लापता था।

मंगलवार को फैक्ट्री में पुलिस और अग्निशमन कर्मियों के जांच व खोज अभियान के दौरान शव बरामद हुआ। उपायुक्त ने बताया कि लाश बरामद होने के बाद मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 304 ए को जोड़ दिया गया।

# क्लब फुट से ग्रस्त 14 बच्चों का किया गया इलाज



**पलवल।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वावधान में सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग के दिशा निर्देशन व डिप्टी सिविल सर्जन व आरबीएसके कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. रामेश्वरी के मार्गदर्शन में क्लब फुट विकृति से ग्रस्त बच्चों के लिए निशुल्क शिविर लगाया गया। शिविर में 14 बच्चों का कास्ट व ब्रास (जूते) लगाकर सफल इलाज किया गया। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी ने बताया कि क्लब फुट (पैर के पंजों का अंदर की तरफ मुड़ा होना यानि टेढे पैर) एक ऐसी जन्मजात विकृति है, जिसके कारण बच्चा बड़ा होने पर चलने- फिरने, दौड़ लगाने में असमर्थ रहता है। वह किसी भी योग व दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने में सक्षम नहीं होता। उन्होंने बताया कि क्लब फुट जन्मजात विकृति के इलाज होने के बाद बच्चा बिल्कुल ठीक हो जाता है और वह चलने फिरने, दौड़ लगाने, खेलने तथा हर कार्य को करने में सक्षम हो जाता है।

# बाढ़ के बाद क्षेत्र में बढ़ा आई फ्लू का खतरा

## प्रभावित लोगों को चश्मा पहनने तथा डॉक्टर की सलाह पर दवाइयां आंखों में डालने की सलाह

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**यमुना** में पिछले दिनों आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों में एलर्जी के साथ-साथ आई-फ्लू रोग फैलने लगा है। लोगों की आंखों में एलर्जी से पानी आना शुरू हो गया है। इससे आसपास के अस्पतालों में नेत्र रोगियों की संख्या बढ़ने लगी है। जिसे देख स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी आयुष विभाग के साथ मिलकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नेत्र जांच शिविर लगाने शुरू कर दिए हैं।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खेतों के अंदर अब भी पानी भरा है। कई जगह रास्तों में भी पानी है। जिससे वहां रहने वाले लोगों में एलर्जी की बीमारी सर्वाधिक हो रही है। एलर्जी का असर लोगों की आंखों पर भी पड़ रहा है। लोगों की आंखों में खुजली, जलन तथा पानी आने की शिकायतें बढ़ रही है। इससे लोगों को काफी दिक्कतें आ रही हैं। चिकित्सकों का मानना है कि इन क्षेत्रों में आई फ्लू फैलने लगा है। इससे बचाव के लिए डॉक्टर से जांच करा दवाइयां लेने की जरूरत हैं।

**500 से अधिक आई फ्लू के मरीज आए सामने** : बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कुछ ही गावों में आई फ्लू से ग्रस्त 500 से अधिक मरीज मिले हैं। इसके अलावा भी गांवों में लोगों की आंखों में जलन, खुजली की शिकायतें मिल रही हैं। अस्पतालों में मरीज पहुंचने से स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। जगह-जगह शिविर लगाकर लोगों की आंखों की नेत्र रोग विशेषज्ञ जांच कर रहे हैं। साथ ही लोगों को काला चश्मा पहने की सलाह दी जा रही है।

वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जयदीप त्यागी का कहना है कि आई फ्लू संक्रमण रोग है। यह तेजी से फैलता है। ऐसे में आई फ्लू के मरीजों को सावधानी बरतने की जरूरत है। आंखों की सफाई रखें तथा डॉक्टर द्वारा दी जाने वाली दवाइयों को समय-समय पर आंखों में डालें तथा आंखों को न मसले। साथ ही चश्मा पहनकर रखें तथा दूसरे व्यक्ति को संक्रमण न हो।

# पलवल में दहेज के लिए विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

## कार-सोने के आभूषण न मिलने पर फंदे पर लटकाया, सवा साल पहले हुई थी शादी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**एक** विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके के लोगों ने ससुराल वालों पर दहेज में कार न मिलने पर फंदे पर लटका कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पति समेत पांच पर पुलिस ने दहेज हत्या का केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद वारिसों को सौंप दिया है। अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

होडल थाना प्रभारी महेंद्र के अनुसार, जिला मथुरा (यूपी) के गोपालगढ़ गांव निवासी अशोक ने दी शिकायत में कहा है कि उन्होंने अपनी बहन कविता की शादी छह मार्च 2022 को भुलवाना गांव निवासी कृष्ण के साथ की थी। शादी के बाद कविता का पति कृष्ण व जेठ रामू, देवर पंकज, सास कमलेश व ससुर टीकमचंद दहेज में स्विफट कार व सोने के आभूषणों की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी बहन कविता के साथ मारपीट कर उसे कई बार घर से निकाल दिया। वे अपनी बहन का घर बसाने के चक्कर में उसे उसकी ससुराल छोड़ जाते थे। आरोप है कि दो माह पूर्व उसकी बहन को मारपीट कर घर से भगा दिया था। उसका जीजा कृष्ण उसकी बहन को लेने के लिए उनके घर पहुंचा और सभी परिजनों ने आश्वासन दिया कि आगे से उनकी बहन के साथ कोई मारपीट नहीं होगी और न ही दहेज की मांग होगी। लेकिन ससुरालजन अपनी आदतों से बाज नहीं आए।

अशोक ने बताया कि 23 जुलाई को उसके पास उसके जीजा का फोन आया कि तुम्हारी बहन की तबीयत ज्यादा खराब है, जिसे इलाज के लिए पलवल के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। शिकायत में कहा कि वे सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे तो वहां डॉक्टर ने बताया कि तुम्हारी बहन की तबीयत ज्यादा खराब है, बचने के चांस नहीं है। उसके गले पर फांसी लगाने के निशान हैं। 24 जुलाई को डॉक्टरों ने उसकी बहन कविता को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस जांच अधिकारी मनोज कुमार का कहना है कि 24 जुलाई को देर शाम सूचना मिलने पर वे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। 25 जुलाई को सुबह पुलिस ने कविता का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया। अशोक की शिकायत पर कविता के पति कृष्ण, देवर पंकज, जेठ रामू, ससुर टीकमचंद व सास कमलेश के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# राजस्थान में सब इंस्पेक्टर लगवाने का झांसा दे ठगे तीन लाख



**पलवल।** राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर लगाने के नाम पर फर्जी डीएसपी बनकर तीन लाख रुपए हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामले में मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

होडल थाना प्रभारी महेंद्र सिंह के अनुसार, गढ़ी मोड़ होडल निवासी रचना सांगवान ने दी शिकायत में कहा कि उसकी जान-पहचान सोशल मीडिया पर रविंद्र नामक व्यक्ति से हुई थी। जिसने अपने आपको राजस्थान पुलिस में डीएसपी हेडक्वार्टर जयपुर बताया था। आरोप है कि रविंद्र ने सोशल मीडिया पर अपनी वर्दी में फोटो भी डाली हुई है। उसे विश्वास में लेते हुए कहा कि वह एक-दो लोगों को राजस्थान में सब इंस्पेक्टर भर्ती करा सकता है। इसके लिए एक व्यक्ति के उसने 10 लाख रुपए मांगे थे। जिसने किसी सरकारी दफ्तर जैसी जगह पर वर्दी पहने हुए अपने फोटो व अपना आई कार्ड भी दिखाया था। वह उसके बहकावे में आ गई और 18-20 दिन पहले उसका फोन आया था कि आधे पैसे पहले दे दो और बकाया नौकरी लगने के बाद दे देना। जिसके बाद उसने अपने परिचित को नौकरी लगवाने की बात की थी। रचना ने बताया कि करीब 15 दिन पहले उसका फोन आया कि होडल अपने दो मुलाजिम भेज रहा हूं, आप उन्हें पैसे दे दो। दोनों होडल में त्यागी मंदिर के पास खड़े हुए हैं और आपको एक चेक देंगे, ताकि नौकरी न लगने पर पैसे वापस निकाल सको। उसने विश्वास में आकर तीन लाख रुपए पैसे लेने आए दोनों लोगों को दे दिए। उसके बाद आरोपी ने आधे में से बचे बाकी दो लाख मांगने शुरू कर दिए। इसी दौरान उसे आरोपी पर शक हो गया।

# संक्षिप्त समाचार

## होडल में 12 अगस्त को निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा



**पलवल।** हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन एवं होडल विधायक जगदीश नायर ने कहा कि होडल की अनाज मंडी में आयोजित हुए पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भारी संख्या में उमड़ा जनसमूह ने सम्मेलन को ऐतिहासिक बना दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ और केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर भारी संख्या में लोगों को देखकर गदगद हो गए। जगदीश नायर ने कहा कि हर कार्यकर्ता पार्टी का आधार स्तंभ है। उन्होंने बताया कि भाजपा सात से 15 अगस्त तक सभी 90 विधानसभाओं में तिरंगा यात्रा निकालेगी। होडल में आगामी 12 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी जिसकी रूपरेखा तय कर ली गई है। यह तिरंगा यात्रा होडल बाईपास रोड पर चौधरी धन सिंह की मूर्ति के यहां से शुरू होकर माता सती सरोवर पर समापन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा के दौरान अग्रवाल धर्मशाला में स्वतंत्रता सेनानियों का स्वागत किया जाएगा। तिरंगा यात्रा को लेकर लोगों में उत्साह भरा हुआ है। भारी संख्या में लोग तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। तिरंगा यात्रा देशभक्ति से ओतप्रोत होगी। स्थानीय लोग पैदल चलते हुए, हाथों में तिरंगा लेकर देश भक्ति की भावना जागृत करेंगे। युवा पूरे जोश के साथ देश भक्ति के गीत गाते हुए चलेंगे। जगदीश नायर ने कहा कि तिरंगे के सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

## सात अगस्त को चलेगा एक पेड़-विश्वास का विशेष अभियान



**पलवल।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार ने विकास एवं पंचायत विभाग की संचालित सभी योजनाओं व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की, जिसमे सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, पंचायत विभाग के सभी उपमंडल अधिकारी, ग्राम सचिव, कनिष्ठ अभियंता व जिला स्तर के सभी अधिकारी मौजूद रहे। जितेंद्र कुमार ने बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि विभाग के अंतर्गत संचालित सभी स्कीमों व अन्य विकास कार्यों को समय पर पूरा किया जाना चाहिए। इनमें किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी अथवा कर्मचारी जिम्मेदार होगा और ऐसे अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सीईओ जिला परिषद ने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार से प्राप्त आदेशानुसार सात अगस्त को सभी ग्राम पंचायतों में एक विशेष अभियान एक पेड़-विश्वास का के अंतर्गत पौधारोपण करवाया जाना है, जिसके तहत सभी गांवों में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित की जाए व अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए। इस संबंध में वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस पौधारोपण कार्यक्रम के लिए जिला में वन विभाग की नर्सरी बनी हुई है, जहां पर ग्राम पंचायत प्रस्ताव देकर पौधे प्राप्त कर सकती है।

## फसल प्रबंधन के तहत अनुदान पर उपलब्ध कृषि यंत्र

**पलवल।** सहायक कृषि अभियंता अमीन मालिक ने बताया कि पलवल जिले के सभी किसान वर्ष 2023-24 के लिए फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र जैसे सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, हैप्पी सीडर, पैडी स्ट्रॉ चोपर, मल्चर, रोटरी सलेशर, हाइड्रोलिक रिवेर्सिबल एमबी प्लौ, जीरो टिल सीड ड्रील, सुपर सीडर, रेक्टेनगुलर स्ट्रॉ बेलर, क्रॉप रीपर/रीपर कम बाइंडर आदि कृषि यंत्र व्यक्तिगत/महिला/अनुसूचित जाति के किसानों के लिए 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध हैं। पंजीकृत सहकारी समिति/एफपीओ/ग्राम पंचायत के लिए यह कृषि यंत्र 80 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध हैं। व्यक्तिगत इच्छुक किसान मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण व पंजीकृत मोबाइल नंबर का प्रयोग करके 14 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ व्यक्तिगत किसान आवश्यक दस्तावेज जैसे पेन कार्ड, आधार कार्ड, फैमिली आईडी, ट्रेक्टर की वैध आरसी (ट्रेक्टर चालित कृषि यंत्रों हेतु), जमीन की पटवारी रिपोर्ट, हल्फनामा, बैंक पासबुक, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा व अनुसूचित जाति प्रमाण-पत्र अपने पास उपलब्ध रखें और आवेदन करते समय अपलोड करवाएं। इसके अलावा यह जरूरी है कि पहले दो वर्षों के अंतर्गत संबंधित कृषि यंत्र पर उस किसान ने अनुदान न लिया हो। इसके साथ-साथ पंजीकृत सहकारी समिति/एफपीओ/ग्राम पंचायत जिन्होंने पिछले चार वर्षों में इन सीटू कृषि यंत्र खरीद रखे हैं, वे अब एक्स सीटू कृषि यंत्रों के लिए आवेदन कर सकते है। इसके साथ ही जरूरी दस्तावेज जैसे कि समिति का पंजीकृत प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड, बैंक पासबुक व पंचायत के लिए सभी मेंबर व सरपंच का सहमति पत्र आवेदन के समय उपलब्ध रखें।

## इनर व्हील क्लब तेजस्वनी ने नेत्र जांच शिविर का किया आयोजन




**पलवल।** इनर व्हील क्लब तेजस्वनी द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर प्राचीन देवी मंदिर कमेटी चौक पलवल में आयोजित किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ टीम ने शिविर में आये 70 से 75 रोगियों की गहनता से जांच की। शिविर में जरूरतमंदों एवं आर्थिक असमर्थ लोगों को चश्मे भी वितरित किये गए। इस अवसर पर जनसमाज के लिए भंडारे प्रसाद का भी आयोजन किया गया। इनर व्हील क्लब पलवल तेजस्वनी की अध्यक्ष मनीषा सुमित मंगला ने बताया कि आगे भविष्य में भी क्लब ऐसे सामाजिक कार्यक्रम करता रहेगा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष मनीषा मंगला, उपाध्यक्ष सोनू गर्ग, महासचिव सीमा गर्ग, कोषाध्यक्ष पूजा गुप्ता एवं सुमन गर्ग, कुसुम गौर एवं अन्य गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## जल शक्ति अभियान का डाटा नियमित पोर्टल पर करें अपडेट



**पलवल।** जल शक्ति अभियान के अंतर्गत किए जा रहे सभी कार्यों को विभागीय पोर्टल पर तुरंत अपडेट करें। डाटा ऑनलाइन अपडेट नहीं होने के कारण जिला की प्रगति कम प्रदर्शित होती है। इसलिए दिए गए टारगेट के अचीव होने पर अधिकारी जल शक्ति अभियान के पोर्टल पर डाटा को तुरंत अपडेट करवाना सुनिश्चित करें। संबंधित विभागों के अधिकारी अपने लेवल पर भी इन कार्यों के संबंध में समय-समय पर समीक्षा करते रहें। यह निर्देश जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार जिला सचिवालय के सभागार में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी उन्हें सौंपे गए लक्ष्यों को अति शीघ्र पूरा करने की दिशा में कार्य करें। अधिकारी पूरी ईमानदारी से कार्य को वास्तविक तौर पर धरातल पर करने में तत्परता दिखाएं। सीईओ जिला परिषद ने कहा कि वे कार्य पूरा होने के पश्चात स्वयं कार्य का जायजा लेंगे। सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार ने कहा कि सभी संबंधित विभागों के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जल शक्ति और स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जो कार्य उन्हें सौंपे गए हैं वह समय पर पूर्ण होवें। इसके लिए सिंचाई विभाग के अधिकारी संबंधित विभागों के अधिकारियों से निरंतर फॉलोअप करते रहे। उन्होंने कहा कि जो विभागीय अधिकारी कार्य में रूचि नहीं दिखाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पृथला के छह गांवों में 12 करोड़ की लागत से होंगे विकास कार्य : नयनपाल



**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने गांव मच्छगर में फिरनी से गुर्जर चौपाल तक 25 लाख की लागत से आरएमसी से बनने वाले रास्ता का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से इस कार्य का नारियल फुड़वाया और विधिवत रूप से इसका शिलान्यास करवाया। शिलान्यास के उपरांत ग्रामीणों ने नयनपाल रावत का स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है, पृथला क्षेत्र भी विकास से अछूता नहीं है और यहां के सभी गांवों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। यह गांव अब नगर निगम के अंतर्गत आता है और यहां जल्द ही दो करोड़ रूपए के विकास कार्य और करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश में सबसे ज्यादा राज कांग्रेस का रहा है, लेकिन कांग्रेस के 75 साल और मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल के विकास कार्यों की तुलना की जाए तो बीजेपी भारी पड़ती है। रावत ने कहा कि 12 करोड़ की लागत से आधा दर्जन गांवों में सभी टूटी हुई सड़कों और चौपालों का नवीनीकरण किया जाएगा, जिससे काफी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर बीर सिंह, ब्रहम फौजी, कालू सूबेदार, सरजीत मेंबर, वेदपाल टोंगर, रामकुमार तेंहुआ, मेहताब, टीटू धनखड़, मास्टर अनिल नागर, ओम प्रकाश धनखड़, ओम दत्त एक्सईएन, एसडीओ संदीप राठी, ब्लाक चेयरमैन चंद्रपाल, निखिल गुर्जर, ज्ञान कौशिक, दिगंबर चौधरी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# सरकार की योजनाओं का किया व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार

**पलवल।** हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत सूचना जनसंपर्क विभाग की भजन मंडलियों द्वारा जिला के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में विशेष प्रचार अभियान चलाकर आमजन मानस को सरकार की विकासात्मक योजनाओं व जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति जागरूक करवाने का कार्य किया गया। विभाग के क्षेत्रीय प्रचार अमले ने जिला के लोगों को अपनी लोक गायन की कला के माध्यम से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने बताया कि विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में आमजन को और अधिक जागरूक करने के लिए विशेष प्रचार अभियान चलाया गया। इस विशेष प्रचार अभियान में क्षेत्रीय प्रचार अमला ने पलवल, होडल, हथीन, पृथला, बडौली तथा हसनपुर खंड के गांवों में लोगों को सरकारी योजनाओं, जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरूक करने का कार्य किया।

# विधायक राजेश नागर ने पार्कलैंड में सुनीं जनसमस्याएं, दिए निर्देश

## बीपीटीपी पार्कलैंड प्राइड सोसायटी में जनसुविधाओं के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सेक्टर-77** स्थित बीपीटीपी पार्कलैंड प्राइड सोसायटी में विधायक राजेश नागर लोगों की समस्याओं को सुनने पहुंचे और मौके पर ही अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। आरडब्ल्यूए की ओर से विधायक को एक मांगपत्र भी सौंपा गया है, जिसपर जल्द से जल्द कार्रवाई का विधायक ने भरोसा दिया।

पार्कलैंड प्राइड सोसाइटी के प्राइड वन आरडब्ल्यूए की ओर से विधायक राजेश को आमंत्रित किया गया था, जहां स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। वहीं अपनी समस्याएं भी उनके समक्ष रखीं। जिसमें बिल्डर से संबंधित समस्याएं भी शामिल थीं। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष भूपेंद्र अधाना ने बताया कि बिल्डर द्वारा फ्लैट मालिकों के कैम शुल्क में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी की गई है, जोकि पूरी तरह से गलत है। जिसका हम पुरजोर विरोध करेंगे। उन्होंने विधायक से कहा वह इस मामले में दखल देकर उनकी परेशानी को दूर करें। इसके अलावा बिल्डर की ओर से किए जाने वाले अनेक कार्यों को भी लंबित रखा गया है, जिनमें सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, क्लब सुविधा, आरसीसी सड़कें, स्ट्रीट लाइटें, विद्युतीकरण के लंबित कार्य, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सुरक्षा व्यवस्था, सीवरेज ओवरफ्लो, पार्क में ओपन जिम एवं बेंच आदि के अनेक कार्यों को नहीं किया गया है। जिसके कारण निवासियों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अन्य मांगों को भी जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।

विधायक राजेश नागर ने सभी की समस्याओं को ध्यान से सुना और बिल्डर को मौके पर ही इन समस्याओं को दूर करने के लिए कहा। नागर ने कहा कि यदि बिल्डर बायर के साथ हुए एग्रीमेंट का पालन नहीं करता है तो सरकार उसके खिलाफ एक्शन लेगी। वहीं उनकी अपनी जिम्मेदारी भी है कि वह अपने क्षेत्र की जनता के दुख तकलीफों को दूर करने का भरसक प्रयास करें, जिसके लिए वह हमेशा प्रयासरत रहते हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष एमपी सिंह आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# धाकड़ कार्यक्रम के तहत टीम रखेगी स्कूल कॉलेजों में नशाखोरी पर निगरानी

## एडीसी ने कहा, कमेटी हर माह रिपोर्ट बनाकर भेजेगी मुख्यालय

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद।




**एडीसी** अपराजिता ने कहा कि जिला में नशा करने वालों और नशीले पदार्थ बेचने वालों की गंभीरता से निगरानी करना सुनिश्चित करें। एडीसी अपराजिता लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नशा तस्करी तथा नशाखोरी के खिलाफ बेहतर क्रियान्वयन के लिए सख्त से सख्त कार्रवाई करने के बारे में समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं।

एडीसी अपराजिता ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से गुप्त कार्रवाई की जा रही है। वहीं जिला में नशे की सप्लाई बेधड़क जारी न हो, ऐसे हालात को देखते हुए सरकार द्वारा अब नशाखोरी खत्म करने के लिए गंभीरता से कार्यक्रम चला रही है।

समीक्षा बैठक में एसीपी मुनेश सहगल ने कहा कि नशे को हम समाज के किसी एक वर्ग से नहीं जोड़ सकते। समाज में सभी वर्गों में हमे नशा करने वाला व्यक्ति मिल जायेगा। आगे उन्होंने बताया की स्टेट एक्शन प्लान का मकसद समाज को नशे पर एकत्रित करना है, इसको हमें आंदोलन की तरह लेना है। सरकार हॉक सॉफ्टवेयर के माध्यम से डाटा एकत्रित कर नशा मुक्ति अभियान में तेजी ला रही है। इस कार्य के बेहतर क्रियान्वयन में आशा वर्कर अपने अपने क्षेत्र में नशा करने वालों का डाटा फॉर्म के माध्यम से क्षेत्र के पुलिस बीट इंचार्ज को देंगे, उसके बाद बीट इंचार्ज थाना प्रभारी से हॉक सॉफ्टवेयर पर यह डाटा आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये अपलोड किया जा रहा है। एडीसी अपराजिता ने कहा कि इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, पंचायत विभाग के कनिष्ठ अभियंता, ग्राम सचिव, आशा वर्कर, एनजीओ, नंबरदारो को कमेटियो में शामिल किया गया है। इसी प्रकार शहर क्षेत्रों में काउंसलर, कनिष्ठ अभियंता और एनजीओ, नंबरदारो को कमेटियों में शामिल करके धाकड़ कमेटियां बनाई गई हैं। वहीं क्लस्टर और उप मंडल स्तर पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की कमेटियां नशा करने वालों और नशीले पदार्थों के बेचने वालों की समीक्षा प्रति माह करके जिला मुख्यालय तथा राज्य मुख्यालय रिपोर्ट प्रस्तुत कर रही हैं।

बता दें कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार धाकड़ प्रोग्राम के 1700 लोगों की टीम बनाई गई है। ये टीमें जिला के ग्रामीण क्षेत्रों और शहर में वार्ड स्तर पर तथा स्कूल और कॉलेजों में निगरानी कर रहीं हैं। समीक्षा बैठक में एसीपी मुनीश सहगल आदि उपस्थित रहे।

# जीवा स्कूल के एटीएल हेड का ऑस्ट्रेलिया में श्रेष्ठ प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**सेक्टर-21बी** स्थित जीवा पब्लिक स्कूल के हेड मनीष कुमार ने हाल ही में फर्स्ट टेक चेलैंज प्रतियोगिता के अंतर्गत ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया। मनीष कुमार इसी वर्ष नेश्नल लेवल को क्वालीफाई करते हुए, इंटरनेशनल लेवल के लिए चयनित हुए। इसके उपरांत उन्हें इंटरनेशनल लेवल पर आमंत्रित किया गया, जहां उनकी टीम के अलावा अन्य अनेक देशों के और भी लोग मौजूद थे।

इस प्रतियोगिता में कुल 31 टीम मौजूद थी। जिसमें मनीष कुमार की टीम छठे स्थान पर रही। मनीष कुमार के अनुसार यह प्रतियोगिता बिल्कुल भी आसान नहीं थी, बल्कि हर पड़ाव पर एक कठिन टास्क को पार करना था। यह प्रतियोगिता 16 जुलाई को संपन्न हुई।


उन्होंने इस प्रतियोगिता में रोबोटिक गेम पर कार्य किया। उन्होंने रोबोटिक गेम के लिए रोबो डिजाइनिंग किया और इस रोबो ने समय पर एवं सभी नियमों के साथ अपना लक्ष्य पूर्ण किया।

इस प्रतियोगिता को उन्होंने अपनी दृढ़ विश्वासए परिश्रम एवं बुद्धि का परिचय देते हुए पूर्ण किया। उन्होंने विद्यालय के छात्रों के साथ अपने अनुभवों को भी सांझा किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने मनीष कुमार की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की।

## ज्ञानवापी परिसर

### जटिल विवाद

**वाराणसी** के ज्ञानवापी परिसर में स्थित मस्जिद हाल में एक जटिल व संभवत: विस्फोटक विवाद का विषय बन गई है। प्रख्यात काशी विश्वनाथ मंदिर के निकट मस्जिद लंबे समय से मुसलमानों व हिंदुओं के बीच विवाद का विषय रही है। अदालत के आदेश से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण-एएसआई ने वुजूखाने को छोड़ कर परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया था, पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से इसे दो दिन के लिए रोका गया है। ऐसा ही एक सर्वेक्षण पहले पांच महिलाओं की एक याचिका पर किया गया था जिसमें उन्होंने ज्ञानवापी परिसर के भीतर स्थित 'श्रृंगार गौरी स्थल' पर पूजा की अनुमति मांगी थी। अदालत के आदेश पर काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान पिछले साल 16 मई को एक संरचना पाई गई थी। हिंदू पक्ष इसके 'शिवलिंग' होने का दावा करता था, जबकि मुस्लिम पक्ष इसे 'फव्वारा' बताता था। शुक्रवार को वाराणसी जिला अदालत ने एएसआई द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद के व्यापक सर्वेक्षण का आदेश दिया। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि क्या मस्जिद पहले स्थित हिंदू मंदिर के ऊपर बनाई गई है। अदालत ने कहा कि 'सही तथ्यों' को सामने लाने के लिए वैज्ञानिक जांच 'आवश्यक' है। लेकिन अदालत ने अपने आदेश में उस हिस्से को छोड़ दिया जिसे मई, 2022 में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से सील कर दिया गया था। हिंदुओं का दावा है कि सील किए क्षेत्र में शिवलिंग है, जबकि मुस्लिम इसे फव्वारा बताते हैं। जहां हिंदू वर्तमान सर्वेक्षण का स्वागत कर रहे हैं, वहीं मुस्लिम पक्ष इसका विरोध कर रहा है। बताया जाता है कि मस्जिद 17वीं शताब्दी की है, जब कथित रूप से मुगल शासक औरंगजेब के आदेश से मूल काशी विश्वनाथ मंदिर ध्वस्त कर उसके स्थान पर इसका निर्माण किया गया था। एएसआई एक पेशेवर एजेंसी है और वैज्ञानिक जानकारियों के संबंध में उसकी राय का सम्मान किया जाना चाहिए।



ज्ञानवापी परिसर में स्थित मस्जिद की एक दीवाल पर हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां तथा प्रतीकों की छवियां सभी लोग देख सकते हैं। प्रिंट व एलेक्ट्रानिक मीडिया में इनको व्यापक रूप से दिखाया भी गया है। कोई आम आदमी भी इसे देख कर कह सकता है कि मंदिर की दीवाल पर मस्जिद के गुंबद बनाए गए हैं। पिछले सर्वेक्षण के दौरान यह भी पाया गया था कि मस्जिद के गुंबद प्राचीन हिंदू मंदिर के शिखरों को पूरी तरह तोड़े बिना उनके ऊपर जल्दबाजी में बनाए गए थे। इसके अलावा अनेक प्राचीन साक्ष्यों व दस्तावेजों से भी ज्ञानवापी में प्राचीन काशी विश्वनाथ मंदिर की विशालता का उल्लेख मिलता है। इन दस्तावेजों में एक विदेशी पर्यटक द्वारा बनाया मानचित्र भी है जिसे एक पुस्तक में प्रकाशित किया गया था। ऐसी स्थिति में मुस्लिम पक्ष को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा कराए सर्वेक्षण को स्वीकार करना चाहिए। एएसआई ने सर्वेक्षण के दौरान दोनों पक्षों के वकीलों के साथ ही उनके पक्षकारों की उपस्थिति का प्राविधान किया है। ऐसे में सर्वेक्षण के 'पूर्वाग्रही' या 'एक पक्षीय' होने की संभावना नहीं है। अयोध्या में विवादित स्थल पर एएसआई ने दोनों पक्षों की उपस्थिति में व्यापक सर्वेक्षण के लिए गहरी खुदाई तक की थी। इस सर्वे में मिले तथ्यों की मीडिया में व्यापक कवरेज हुई थी तथा इसे सर्वोच्च न्यायालय ने भी स्वीकार किया था। आजादी के 75 साल बाद आज भारत स्वयं को 'गुलामी की सोच' से मुक्त कर रहा है। इस दृष्टिकोण से वह अतीत में हुए इतिहास के 'विकृतीकरण' का भी सुधार कर रहा है। ज्ञानवापी परिसर का एएसआई द्वारा किया जाने वाला सर्वेक्षण इसी दिशा में एक कदम है।

# प्राथमिक क्षेत्र कर्ज पर पुनः विचार

प्राथमिक क्षेत्र कर्ज-पीएसएल समाजवादी युग की विरासत है। इससे कर्ज प्रवाह में बाधा आती है, बैंक अधिकारी व्यवस्त रहते हैं व दुरुपयोग की संभावना होती है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



कर्जदाता, खासकर विदेशी बैंकों ने भारतीय बैंक असोसियेशन-आईबीए के तत्वावधान में 'टिकाऊ फाइनेंसिंग' का समग्र विश्लेषण करने का निर्णय किया है। इसका उद्देश्य प्राथमिक क्षेत्र को कर्ज-पीएसएल का दर्जा ऐसे फाइनेंस को देना है जिस पर भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई विचार कर सकता है। वैश्विक स्तर पर 'टिकाऊ फाइनेंस' को मोटेतौर से ऐसे वित्तीय उत्पादों-सेवाओं के रूप में परिभाषित किया जाता है जो पर्यावरण, सामाजिक व प्रशासनिक उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं। इनको विभिन्न देशों के ढांचे में स्वीकार किया गया है। इनमें संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा निर्धारित जलवायु व टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी पर पेरिस समझौता भी शामिल है। हरित ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, बिजली वाहन या अन्य टिकाऊ परियोजनाओं को इस फंडिंग के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। 'टिकाऊ फाइनेंस' व पीएसएल के बीच क्या संबंध है? बैंक यह क्यों चाहते हैं कि ऐसी फंडिंग को पीएसएल समझा जाए? पीएसएल का अर्थ आरबीआई द्वारा क्रियान्वित ऐसे नियामक ढांचे से है जिसमें बैंक कर्जों का एक निश्चित हिस्सा अर्थव्यवस्था के खास क्षेत्रों को निर्देशित होता है जिनको समग्र विकास तथा समावेशी वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण माना जाता हो।

इसका जन्म 1966 में उस समय हुआ जब मोरारजी देसाई इंदिरा गांधी की कैबिनेट में वित्त मंत्री तथा उप-प्रधानमंत्री थे। इसमें कृषि तथा छोटे उद्योगों को कर्ज बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया था। आरबीआई की एक रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिक क्षेत्र कर्ज-पीएसएल की औपचारिक परिभाषा 1972 में तैयार की गई थी। 1974 में वाणिज्यिक बैंकों को एडजस्टेड नेट बैंक क्रेडिट-एएनबीसी का 33.33 प्रतिशत या उनकी आफ बैलेंसशीट क्रेडिट एक्सपोज़र के समान कर्ज पीएसएल को देने का निर्णय किया गया था। 1969 में चादर बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने प्रभावशाली राजनीतिक समूहों की मांगे पूरी करने के लिए पीएसएल ढांचे को और सुगम बना दिया था। समय बीतने के साथ पीएसएल का दायरा बढ़ाया गया और इसमें लघु, छोटे व मध्यम उद्योगों-एमएसएमई, निर्यात, शिक्षा, आवास, सामाजिक ढांचा, नवीकरणीय ऊर्जा व अन्य, जैसे स्वयंसहायता समूहों आदि को भी शामिल किया गया। आरबीआई ने एक जटिल ढांचा तैयार किया है जिसके अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के बैंकों को पीएस कर्ज पर निश्चित प्रतिशत खर्च करना होता है। प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत इसे उपयोगकर्ताओं के आधार पर उप-श्रेणियों में भी बांटा गया है। प्रमुख श्रेणी, यानी वाणिज्यिक बैंकों तथा भारत में कम से कम 20 शाखाओं वाले विदेशी बैंकों को एएनबीसी का 40 प्रतिशत पीएसएल लक्ष्य दिया गया है। इस सीमा में अकेले कृषि के लिए 18 प्रतिशत निर्धारित है।

इसके भीतर दो हेक्टर से कम जोत वाले छोटे व सीमान्त किसानों के लिए 8 प्रतिशत का प्राविधान है। लघु उद्यमों के लिए लक्ष्य 7.5 प्रतिशत है, जबकि समाज के कमजोर वर्गों को इन कर्जों में 12 प्रतिशत मिलता है। हालांकि, पीएसएल के लिए कोई ब्याज दर खासतौर से निर्धारित नहीं है, पर आमतौर पर ऐसे कर्ज 'सस्ते' तथा 'ज्यादा पहुंच वाले' होते हैं। इन पर ब्याज की दरें आरबीआई द्वारा निर्धारित होती हैं और हर क्षेत्र के लिए अलग-अलग हैं। अल्पकालीन फसल कर्ज की सीमा 3,00,000 रुपये है, जबकि पशुपालन, डेरी व मत्स्यपालक किसानों के लिए यह 2,00,000 है। इन पर सात प्रतिशत की सस्ती ब्याद दर लागू होती है। इसके लिए केन्द्र सरकार बैंकों को ब्याज हस्तक्षेप देती है जो वर्तमान समय में प्रति वर्ष 1.5 प्रतिशत है। इससे सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ता है। 2022-23 से 2024-25 के तीन साल के लिए बजट हस्तक्षेप पर लगभग 35,000 करोड़ रुपये खर्च हुए। उपरोक्त के अलावा किसानों को समय पर भुगतान करने की स्थिति में तीन प्रतिशत त्वरित भुगतान प्रोत्साहन-पीपीआई भी दिया जाता है। बैंकों को यह खर्च स्वयं उठाना पड़ता है क्योंकि इसकी प्रतिपूर्ति सरकार द्वारा नहीं की जाती है। पीएसएल योजना ऐसी अनेक समस्याओं से जुड़ी है।

पहला, कर्ज आबंटित करने में राज्य हस्तक्षेप का विचार ही विकृत है, जबकि कर्ज आबंटन की प्रक्रिया मांग पर आधारित होनी चाहिए। ऊपर से नीचे की ओर बाहर से किया जाने वाला इस प्रकार का हस्तक्षेप गंभीर विकृतियां पैदा करता है। इसमें उन क्षेत्रों में कर्ज की कम उपलब्धता शामिल है जां इसकी आवश्यकता है तथा उन क्षेत्रों में अधिक उपलब्धता होती है जहां इसकी मांग अधिक नहीं है। दूसरा, इसके कारण गंभीर दुरुपयोग होता है। आरबीआई के आंतरिक कार्यकारी समूह द्वारा कराए एक अध्ययन से पता चलता है कि कई राज्यों में फसल कर्जों की मात्रा सभी कृषि निवेशों से अधिक पाई गई। आंध्र प्रदेश में यह 2015-17 में 7.5 गुना अधिक थी। इस तथ्य पर गौर करते हुए कि फसल कर्ज मुख्यत: कृषि निवेश खरीदने पर खर्च होता है जब इनका मूल्य बढ़ता है।

इससे पैसे का हस्तांतरण गैर-कृषि क्षेत्र को होता है। इसके साथ ही कृषि क्षेत्र को मिलने वाला अधिकांश कर्ज बड़े किसानों द्वारा हड़प लिया जाता है जिनके पास 10 हेक्टर या उससे अधिक जोत होती है। आंकड़ों के अनुसार ऐसे किसानों का कुल में केवल 0.6 प्रतिशत हिस्सा है। इसके बावजूद उनको 2016-17 में कृषि कर्ज का 41 प्रतिशत मिला। बाकी 59 प्रतिशत 2-10 हेक्टर जोत वाले किसानों में बंटा जो सभी किसानों का 13.2 प्रतिशत हैं। लेकिन कुल किसानों का 86.2 प्रतिशत छोटे व सीमान्त किसानों को बहुत कम कर्ज मिला। वास्तव में उनमें से 41 प्रतिशत की बैंकों तक पहुंच ही नहीं है।

विडंबना है कि छोटे व सीमान्त किसानों के अलावा अन्य किसानों को बैंकों से कम दर पर कर्ज मिला। उनमें से अनेक ने इस कर्ज को बहुत ज्यादा ब्याज दरों पर दूसरों को दे दिया और इस प्रकार सूद के रूप में बहुत पैसा कमाया। इस प्रकार स्पष्ट है कि बड़े किसान और किसानों के अलावा भी बहुत से लोग राज्य की उदारता का लाभ उठाते हैं।

तीसरा, पीएसएल के लिए कर्ज का 40 प्रतिशत भाग आरक्षित करने के बाद अन्य क्षेत्रों के लिए कर्ज प्राप्त करने में बाधा आती है। इसके परिणामस्वरूप उनको अधिक ब्याज पर कर्ज लेना पड़ता है। बैंकों द्वारा अधिक ब्याज दरें लेने से अन्य क्षेत्रों पर ज्यादा बोझ पड़ता है क्योंकि बैंक उनसे सस्ती दरों पर पीएसएल कर्ज देने की कीमत उनसे वसूलते हैं।

बैंक यह काम अपनी जीवन्तता बनाए रखने के लिए करते हैं। चौथा, लक्ष्य तथा उप-लक्ष्य तय करने से नौकरशाहों को असाधारण विवेकाधिकार प्राप्त हो जाते हैं जिससे वे बैंकों पर दबाव डाल कर अपनी इच्छानुसार काम करने को मजबूर करते हैं। इन सभी चीजों के साथ ही बैंकों को पीएसएल का 40 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इस कारण ऐसी स्थिति पैदा हुई है जिसमें उनको आरबीआई से पीएसएल के विस्तार की प्रार्थना करनी पड़ी है। इसमें उन कर्जदाताओं को शामिल किया गया है जो पहले से कर्ज दे रहे हैं या देने के इच्छुक हैं। इसके परिणामस्वरूप वंचित क्षेत्रों को और अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते निर्यात, नवीकरणीय ऊर्जा तथा यहां तक कि स्टार्टअप को पीएसएल में शामिल करना पड़ा है। यदि आरबीआई बैंकों व खासकर विदेशी बैंकों की प्रार्थना स्वीकार कर लेता है तो 'टिकाऊ फाइनेंस' को भी इसमें शामिल किया जा सकता है।

मुख्य बिंदु यह है कि ये एक प्रकार से फाइनेंसिंग नहीं है और इसे पीएसएल में शामिल करने से बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के 40 प्रतिशत की आवश्यकता पूरी हो जाएगी। संक्षेप में यही कहा जा सकता है कि पीएसएल समाजवादी युग की एक विरासत है। इससे कर्ज के प्रवाह में विकृति पैदा होती है, बैंक अधिकारी लक्ष्य पूरा करने में व्यस्त रहते हैं जिससे कर्ज के भयानक दुरुपयोग की संभावनायें पैदा होती हैं। ऐसे में पीएसएल को समाप्त करने की आवश्यकता है। बैंकों को कर्ज देने के मामले में स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। वास्तव में सहायता की आवश्यकता वाले किसानों या एमएसएमई को सरकार उनके बैंक खातों में सीधे कर्ज सब्सिडी दे सकती है।

# क्या मोदी को मात दे सकेगा विपक्षी मोर्चा?

"बीजेपी का सबसे बड़ा अनोखा बिंदु मोदी का चेहरा और भगवा पार्टी के लिए विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीतने की उनकी क्षमता है।"

**केएस तोमर**
(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक हैं)



सभी उम्मीदों के विपरीत, 'इंडिया' पर आम सहमति बनाने में एक बड़ी बाधा विपक्षी गठबंधन (भारत राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन) संयुक्त विपक्षी मोर्चे का नया नाम है, इसके अलावा पटना और बेंगलुरु में दो सफल दौर की चर्चाएं होंगी, 26 दलों के मोर्चे को मोदी का सामना करने के लिए कद के चेहरे के रूप में नामित करने, खाने के बंटवारे पर मतभेदों को कम करने, सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम को अंतिम रूप देने आदि जैसी कुछ गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

इस पृष्ठभूमि में, कांग्रेस ने नए मोर्चे के तार्किक अंत को सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का सबूत देने का बीड़ा उठाया है, जिसे एआईसीसी अध्यक्ष मलिका अर्जुन खड़गे ने दर्शाया है कि उनकी पार्टी को पीएम पद में कोई दिलचस्पी नहीं है और यह उन क्षेत्रीय पट्टियों को आराम क्षेत्र में लाएगी जो ग्रैंड ओल्ड पार्टी के विरोधी हैं।

प्रधानमंत्री का चेहरा सबसे अहम है। बीजेपी का सबसे बड़ा अनोखा विक्रय बिंदु (यूएसपी) मोदी का चेहरा और भगवा पार्टी के लिए विधानसभा और लोकसभा जीतने की उनकी क्षमता है, जिसका परीक्षण 2024 में किया जाएगा। 2024 में यह अंतर होगा क्योंकि मोदी बीजेपी अभियान को तीसरे कार्यकाल के लिए सेवा करने का मौका देने की अपनी अपील पर ध्यान केंद्रित करेंगे और बीजेपी नेताओं को भरोसा है कि इससे फर्क पड़ेगा, खासकर तब जब विपक्षी दलों के पास उनका नेतृत्व करने के लिए उच्च कद का कोई प्रभावी चेहरा नहीं होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर ममता, स्टालिन, उधव, महबूआ, उमर अब्दुल्ला और वामपंथी दल पीएम चेहरे के लिए नाम आगे बढ़ाने के लिए कांग्रेस पर दबाव बनाते हैं तो दलित समुदाय से आने वाले खड़गे पर गाज गिर सकती है और यह सभी क्षेत्रीय नेताओं को स्वीकार्य हो सकता है।

कांग्रेस यह तुरुप का पत्ता खेल सकती है और उसका अखिल भारतीय चरित्र नई रणनीति को सुविधाजनक बना सकता है। कांग्रेस ने राहुल गांधी के रुख को साबित कर दिया है कि वह मोदी को हटाने के लिए कोई भी बलिदान देने के लिए तैयार होगी, जो तब देखा गया जब पार्टी ने एक कदम पीछे लिया और राज्यसभा में दिल्ली अध्यादेश विधेयक का विरोध करने के अपने फैसले की घोषणा की। संकेत के अनुसार, यह राहुल गांधी ही थे जिन्होंने अध्यादेश पर केजरीवाल को नहीं बख्शने की खड़गे की दिल्ली कांग्रेस पार्टी की आपत्तियों को खारिज कर दिया था, इसलिए उन्हें वश में कर लिया गया है।

तीसरा, कांग्रेस के रणनीतिकारों ने बेंगलुरु में इस तरह से बैठने की व्यवस्था की थी कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बीच में ममता बनर्जी थीं, जिसका उद्देश्य एक बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 'भूल जाओ और माफ करो' का आभास देना था। सोनिया गांधी के साथ ममता के हमेशा करीबी रिश्ते रहे हैं, लेकिन नया इशारा उन्हें राहुल के करीब ला सकता है।

आगे की चुनौतियां कठिन हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि क्षेत्रीय दलों, कई विपक्षी दलों और अलग-अलग विचारधाराओं वाली कांग्रेस के अभिसरण का प्रमुख कारक मोदी सरकार द्वारा ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग आदि जैसी जांच एजेंसियों के माध्यम से पैदा की गई कमी से संबंधित है। इस मजबूरी के कारण, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री, ममता ने पटना सम्मेलन में लचीलेपन का प्रदर्शन करने वाली पहली महिला थीं, जब उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री की अनदेखी की, अध्यादेश पर गैर-प्रतिबद्ध रुख को लेकर कांग्रेस के खिलाफ केजरीवाल के तीखे हमले, इसलिए उन्होंने खुद को प्रेस ब्रीफिंग से भी दूर रखा था। बीजेपी को इन नेताओं के एक साथ आने की संभावना पर संदेह व्यक्त करने का मौका दिया. लेकिन कांग्रेस ने उस अध्यादेश के विरोध में राज्यसभा में केजरीवाल को समर्थन देने की घोषणा की जिससे बेंगलुरु में आम आदमी पार्टी की भागीदारी का रास्ता साफ हो गया। ममता ने केजरीवाल को मनाने में अहम भूमिका निभाई और सोनिया गांधी के साथ भी अपने अच्छे पदों का इस्तेमाल किया, जो परिदृश्य में बदलाव के लिए जिम्मेदार था

सीट शेयरिंग सबसे बड़ी बाधा होगी। ग्यारह सदस्यीय समन्वय पैनल के गठन की घोषणा के साथ, मुंबई बैठक में एक नए रोड मैप पर चर्चा की जाएगी जो पूरे अभ्यास को अगले स्तर पर ले जाने के लिए बहुत महत्व और प्रासंगिकता मानता है। एक अखिल भारतीय पार्टी होने के नाते, कांग्रेस 26 दलों के नेताओं के सपने को साकार करने में मुख्य खिलाड़ी होगी क्योंकि उसे और अधिक बनाने की आवश्यकता हो सकती है

दूसरा, उनके राज्यों में क्षेत्रीय दलों का दबदबा है, जिनमें पश्चिम बंगाल में ममता, दिल्ली और पंजाब में केजरीवाल, तमिलनाडु में एम.के.स्टालिन, यहां तक कि उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव, बिहार में नीतीश कुमार और तेजेश्वी यादव, केरल में पिनारावी विजयन आदि शामिल हैं, इसलिए वे लोकसभा सीटों में बड़ी हिस्सेदारी की मांग करेंगे।

तीसरा, कांग्रेस के पास कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और हिमाचल में बीजेपी से आमने-सामने की टक्कर लेने की क्षमता और क्षमता है, जिससे पार्टी को अधिकतम हिस्सेदारी देना तर्कसंगत होगा।

विश्लेषकों का मानना है कि ममता के सहयोगी और पश्चिम बंगाल से टीएमसी के राज्यसभा सदस्य ने हरे और सफेद रंग में लिखा एक संदेश ट्वीट किया था, इंडिया चक दे इंडिया.एबार लोद्रानी होबे, खेला होबे जो 26 विपक्षी दलों के नेताओं के बीच प्रचलित मूड को दर्शाता है। एक बात स्पष्ट है कि विरोधी पार्टियों के लिए दिल्ली अभी दूर है और बीजेपी के लिए भी दिल्ली की सत्ता को पकड़ के रखना आसान नहीं है।

## आप की बात

### महत्वपूर्ण आयोजन

**राजधानी** के प्रगति मैदान में नव निर्मित अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में 8 से 10 सितंबर को जी 20 की बैठक होने जा रही है जिस पर देश ही नहीं पूरी दुनिया की निगाह लगी होंगी। दिल्ली के एलजी द्वारा समीक्षा बैठक के साथ व्यक्तिगत रूप से प्रगति मैदान पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया गया है। दिल्ली वाले हमेशा अपनी मेहमाननवाजी के लिए जाने जाते हैं। हम सभी अपेक्षा करते हैं कि दिल्ली वाले एक शानदार व आधुनिक दिल्ली सारी दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करेंगे और अपनी मेहमाननवाजी से दुनिया का दिल जीत लेंगे। दिल्ली की सड़कों पर अतिक्रमण एक बड़ी समस्या है फुटपाथ पर अतिक्रमण के कारण पैदल चलने वालों को सड़क पर चलना पड़ता है जिससे दुर्घटनाएं भी होती हैं। सड़कों के सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट और स्ट्रीट फर्नीचर पर भी विशेष ध्यान देना होगा। इसके अलावा हॉर्टिकल्चर के माध्यम से भी शहर को खूबसूरत बनाने की योजना सरकार है। हमें पूरा विश्वास है कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार मिलकर अंतरराष्ट्रीय बैठक की जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे। हम दिल्ली वालों की भी जिम्मेदारी है कि राजधानी को खूबसूरत, स्वच्छ व सुरक्षित बनाएं। उम्मीद है कि यह महत्वपूर्ण आयोजन हमें गौरवान्वित करेगा।

–**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### संसद में गतिरोध

**सरकार** चाहती है कि वर्षा कालीन सत्र सुचारु रुप से चले, परंतु समूचा विपक्ष बेवजह की जिद को पाल कर संसद की कार्यवाही नहीं चलने दे रहा है। उसकी जिद है कि प्रधानमंत्री सदन में आकर मणिपुर की घटना पर अपना बयान दें। गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष से अपील की कि वह संसद की कार्यवाही को अब शीघ्र शुरू होने दें एवं प्रधानमंत्री भी अपना बयान समय पर आकर देंगे। लेकिन इसके बावजूद आशंका है कि कहीं पिछले सत्र की तरह यह सत्र भी पूरी तरह से खराब न हो जाए। संसद में गतिरोध से जनता के करोड़ों रुपयों का नुकसान होता है, अत: विपक्ष को अपनी बेवजह की जिद छोड़ कर सदन को सुचारू रूप से चलाने की व्यवस्था में सरकार का सहयोग करना चाहिए। संसद चले या न चले इन सभी सांसदों को लाखों रुपए का वेतन, भत्ते व सुविधायें मिलती रहती हैं। क्या कोई ऐसा कानून नहीं आ सकता कि अगर आप संसद नहीं चलाएंगे तो फिर आपको आपको उस माह की सैलरी भी नहीं मिलेगी जैसा कि एक आम कर्मचारी के लिए होता है। सांसदों के लिए भी आम कर्मचारियों जैसे मानक होने चाहिए।

–**एमएम राजावत,** शाजापुर

### मौसम की मार

**देश** के उत्तरपश्चिमी भाग में अत्यधिक वर्षा से तबाही है तो पूर्वी हिस्से में सूखे की स्थिति है। देश का एक तिहाई हिस्सा सूखे की ओर बढ़ रहा है। सबसे बुरा हाल उपजाऊ माने जाने वाले गंगा के मैदानी क्षेत्र का है जहां धान की रोपाई बहुत पीछे चल रही है। दक्षिण बिहार में अभी 15 प्रतिशत भी रोपाई नहीं हो पाई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा व पश्चिम बंगाल को समुचित बरसात का बेसब्री से इंतजार है। हालांकि, राष्ट्रीय स्तर पर पिछले वर्ष की तुलना में धान की रोपाई 21 जुलाई तक 4.73 लाख हेक्टेयर में ज्यादा हो चुकी है, लेकिन देश के लगभग दो सौ जिलों में कम एवं या सामान्य वर्षा की स्थिति है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के 31 जिलों में जुलाई माह में 60 प्रतिशत से कम वर्षा हुई है। मौसम की सबसे ज्यादा मार किसानों पर पड़ती है, पर मीडिया की सुर्खियों में उसे विरले ही स्थान मिलता है। जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम की मार का खतरा और गंभीर होता जा रहा है। किसानों, खासकर छोटे व सीमान्त किसानों तथा खेतिहर मजदूरों की इस आपदा से बचाने के लिए विशेष व्यवस्था होनी चाहिए।

– **सदन जी,** पटना

### फिल्म प्रमाणन

**केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड** की कार्यशैली हमेशा से ही लचर एवं विवादित रही है। स्वतंत्रता के बाद से ही कई फिल्मों में हिंसा, अश्लीलता, पाखंड, दुराचार एवं सनातन धर्म तथा हमारे देवी देवताओं के विरुद्ध आपत्तिजनक तथा अतिरेकपूर्ण दृश्यों का गैर जरूरी फिल्मांकन होता रहा है। गौर करने लायक बात यह भी है कि हमेशा से हमारे सनातन धर्म को ही निशाना बनाकर उसे विकृत स्वरूप में प्रस्तुत किया जाता रहा है। हाल ही में हॉलीवुड फिल्म ओपेनहाइमर की रिलीज के बाद भी हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई है। इस फिल्म में हिंदुओं के सर्वकालिक ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता को गलत संदर्भ में प्रस्तुत किया गया है। संतोष की बात है कि विकृत चित्रण को हटाने के लिए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा पहल की गई है। सरकार ने फिल्म प्रमाणन बोर्ड एवं फिल्म निर्माता को गलत फिल्मांकन को हटाने के लिए सख्त निर्देश दिया है। सेंसर बोर्ड के सदस्यों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। इस घटना से स्पष्ट है कि फिल्म प्रमाणन प्रक्रिया की गहन समीक्षा करने की जरूरत है।

–**ललित महालकरी,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# मुगल आक्रांताओं से नहीं हो सकता हमारा संबंधः योगी

## मुख्यमंत्री बोले, पिछली सरकार औरंगजेब की याद में मुगल म्यूजियम बना रही थी और हमारी शिवाजी की स्मृतियों को सहेज रही

● हिंदी स्वराज स्थापना के 350वें वर्ष पर छत्रपति शिवाजी के कृतित्व व व्यक्तित्व व्याख्यान माला में शामिल हुए सीएम योगी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में आगरा में औरंगजेब की याद में मुगल म्यूजियम बनाया जा रहा था। वहीं हमारी सरकार उसी जनपद में छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर भव्य म्यूजियम बनाकर उनकी स्मृतियों को सहेज रही है। उन्होंने कहा कि हमारा संबंध मुगल आक्रांताओं से नहीं हो सकता है। यही वजह है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणा से भारत सरकार ने भारतीय नौसेना का चिन्ह वही बनाया है जो छत्रपति शिवाजी महाराज का था। सीएम योगी दिव्य प्रेम सेवा मिशन, हरिद्वार द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मंगलवार को आयोजित हिंदी स्वराज स्थापना के 350 वें वर्ष पर छत्रपति शिवाजी के कृतित्व व व्यक्तित्व व्याख्यान माला में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि याद रखना छत्रपति शिवाजी महाराज के पीछे भी दो दिव्य दृष्टि थी। पहली माता जीजाबाई की और दूसरे समर्थ गुरु रामदास की थी। योग्य गुरु मिला तो शिवाजी महाराज मुगलों के छक्के छुड़ाते रहे। उन्होंने विदेशी हुकूमत की चूलें हिलाने का काम किया। छत्रपति शिवाजी महाराज ने यह संदेश दिया था कि जो जिस भाषा में समझे उसको उसी भाषा में जवाब दिया जाए। सीएम योगी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का उत्तर प्रदेश से संबंध दो दृष्टि में बहुत मायने रखता है। पहला उनके राज्याभिषेक के लिए गए पुरोहित गंगा भट्ट थे, जो काशी से थे। दूसरा छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य को लेकर कानपुर में जन्म लेने महाकवि भूषण द्वारा रचे गए पद्य हैं।

सीएम योगी ने कहा कि आज के भारत का मानचित्र राजनीतिक भारत का मानचित्र है। लेकिन हजारों वर्ष पहले दुनिया के अंदर एक वृहत्तर सांस्कृतिक भारत था, जिसे हमारे शास्त्रों ने मान्यता दी थी। वह आज भी हम सबका ध्यान आकर्षित करता है। सीएम योगी ने कहा कि जब किसी व्यक्ति का दृष्टिकोण राजनीतिक हो जाता हो तो वह अपनी संस्कृति को समझने में अक्सर भूल कर जाता है।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह सुरेश जोशी जी, क्षेत्र प्रचारक अनिल, प्रांत प्रचारक कौशल, सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोजकांत, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, समाजसेवी राजेश सिंह, दिव्य सेवा मिशन के संस्थापक आशीष गौतम और संयोजक संजय चतुर्वेदी मौजूद रहे।

# देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए युवाओं का शिक्षित होना आवश्कः जेपीएस राठौर



● सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने आईसीसीएमआरटी के छात्र-छात्राओं को प्रदान किए टैबलेट व स्मार्टफोन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सहकारिता** मंत्री जेपीएस राठौर ने मंगलवार को सहकारिता भवन के पीसीयू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डिजीशक्ति योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 के लिये इंस्टीट्यूट ऑफ कोऑपरेटिव एण्ड कार्पोरेट मैनेजमेंट रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग के एमबीएए बीबीए एवं बीकाम ऑनर्स के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरित किये। उन्होने इंस्टीट्यूट के टॉपर्स छात्रध्छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सहकारिता मंत्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि छात्रों, युवाओं से ही देश का भविष्य निर्धारित होता है। देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिये युवाओं को शिक्षित एवं कुशल होना आवश्यक है।

उन्होने कहा कि आज का युग डिजिटल युग है। आज हम बिना टेक्नोलॉजी के प्रगति नहीं कर सकते है। उन्होने कहा कि टेक्नोलॉजी की ताकत को बढ़ाने तथा डिजिटल इण्डिया के उद्देश्य को सफल बनाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने डिजीशक्ति योजनाका शुभारम्भ किया। इस योजना के तहत पाँच वर्षों में 2 करोड़ छात्रध्छात्राओं को टैबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री राठौर ने कहा कि हमारा देश टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बहुत आगे है। आज हमारा देश डिजिटल लेन.देन में अमेरिका से भी आगे है। हमारे देश के कई आईटी संस्थानों ने दुनिया में अपनी अलग पहचान बनायी है। आज हर क्षेत्र में ड्रोन की उपयोगिता बढ़ी है। इसलिये इंस्टीट्यूट में ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण देने पर भी विचार किया जा रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश में रोजगार की कोई कमी नहीं हैए बल्कि कुशल लोगों की कमी है। उन्होने कहा कि हमारी शिक्षा इस तरह की हो जिससे कुशल लोग तैयार हो। उन्होने सभी छात्रों को बधाई देते हुये उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने आज आईसीसीएमआरटी के एमण्बीण्एण् के 135 छात्रों को टैबलेट तथा बीण्बीण्ए के 18 एवं बीण्कॉम आनर्स के 30 छात्रों को स्मार्टफोन प्रदान किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने टैबलेट, स्मार्टफोन पाने वाले छात्र, छात्राओं को बधाई दी। उन्होने कहा कि यह केवल एक कम्यूनिकेशन टूल नहीं है बल्कि डिजिटल इण्डिया के उद्देश्य को पूरा करने का सशक्त माध्यम है। उन्होने बताया कि सरकार द्वारा 02 करोड़ छात्र, छात्राओं को टैबलेट, स्मार्टफोन देने का लक्ष्य रखा गया हैए जिसमें से अब तक 20 लाख टैबलेट, स्मार्टफोन वितरित किये जा चुके है तथा इस वर्ष 35 लाख छात्रों को टैबलेट, स्मार्टफोन वितरित किये जायेंगे। प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग बीएल मीणा ने कहा कि जिन बच्चों को टैबलेट, स्मार्टफोन मिले है वो इसका उपयोग शिक्षा प्राप्त करने हेतु करे। छात्र इसके माध्यम से दुनिया की कोई भी जानकारी तत्काल प्राप्त कर सकते है।

# यूपी में सर्वाधिक पौधरोपण सोनभद्र में हुआ, 1.24 करोड़ पौधे लगाए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● सभी 8 आकांक्षात्मक जिलों में आमजन के सहयोग से हुआ 99-100 फीसदी पौधरोपण

**वृक्षारोपण** अभियान-2023 में यूपी के मुखिया योगी आदित्यनाथ संग सभी आठों आकांक्षात्मक जिले साथ खड़े नजर आए। आमजन, सरकारी विभागीय कर्मचारियों आदि के सहयोग से इन आठों जिलों में 99 से 100 फ ीसदी तक पौधरोपण किए गए। वहीं सूबे में सर्वाधिक पौधरोपण भी इन्हीं आठ आकांक्षात्मक जिलों में शामिल सोनभद्र में किया गया। यहां महज एक दिन में एक करोड़ 24 लाख 81 हजार से अधिक पौधे लगाए गए।

सर्वविदित है कि पीएम मोदी व सीएम योगी की जोड़ी आकांक्षात्मक जिलों में विकास की हरियाली लहलहाने को तत्पर है। इनकी इस विकासपरक सोच पर आमजन ने पौधरोपण के दिन भी मुहर लगा दी। सोनभद्र यूपी के आठ आकांक्षात्मक जिलों में शामिल है। इसके संपूर्ण विकास के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ संकल्पित हैं। पिछले महीने 16 जून को ही सीएम ने यहां 414 करोड़ की 217 परियोजनाओं की सौगात देकर विकास की रफ्तार को और तेज करने का वायदा किया था। सीएम की विकास की इस सोच को सर्वव्यापी अभियान में सोनभद्र का साथ मिला।

सोनभद्र में 22 जुलाई को सर्वाधिक पौधरोपण हुए। पूरे यूपी में जहां 30.21 करोड़ पौधरोपण हुए। वहीं सिर्फ सोनभद्र में ही 1 करोड़ 24 लाख 81 हजार 413 पौधे रोपे गए। यहां पूरे 100 फीसदी पौधरोपण का लक्ष्य हासिल किया गया। संख्या पर नजर डालें तो आकांक्षात्मक जिलों में सबसे कम पौधरोपण बलरामपुर में हुआ लेकिन यहां भी 28 लाख 91 हजार 795 पौधे रोपे गए।

# मदन दास ने कभी परिस्थितियों से समझौता नहीं कियाः भैयाजी जोशी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य भैयाजी जोशी ने कहा कि मदन दास का जाना हम सबके लिए वेदनापूर्ण है। उनका जीवन पुरुषार्थी था। वह कठोरता, प्रखरता व कर्मठता के प्रतीक थे। भैयाजी जोशी मंगलवार को निरालानगर स्थित माधव सभागार में संघ के पूर्व सह सरकार्यवाह रहे मदन दास देवी की श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे।

भैयाजी जोशी ने कहा कि वैचारिक स्पष्टता के कारण मदन दास कभी परिस्थितियों से समझौता नहीं किये। उनकी वाणी, शैली, वैचारिक स्पष्टता हम सबको प्रभावित करती है। उनका जीवन अत्यंत पारदर्शी था। वह कठोर थे और प्रमाणिक भी थे। उनका अंत:करण निर्मल था। उनके अन्दर व्यक्तियों को पढ़ने की अद्भुत क्षमता थी। उन्होंने अपने जीवन में किसी की उपेक्षा नहीं की। उन्होंने लाखों छात्रों एवं स्वयंसेवकों को योग्य बनाए। मेरा संबंध उनके साथ 30-32 वर्षों से रहा है लेकिन उनके चेहरे पर हमने कभी निराशा और वेदना नहीं देखी। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति जन्म लेता है, उस समय ही उसे जाने की तिथि भी तय हो जाती है। मदन दास का जीवन साधनामय था। कई सफलताओं के क्षण उनके जीवन में हैं। एक सार्थक जीवन हम सबके बीच नहीं रहा। उन्होंने कहा कि सामाजिक जीवन में व्यक्ति का जीवन शुद्धता से भरा होना चाहिए, उनके जीवन में हमने उस शुद्धता को देखा है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने श्रद्धांजलि सभा में कहा कि आजीवन संघ में विभिन्न दायित्वों पर रहने के बाद भी साधारण जीवन उनका जीना हम सबके लिए प्रेरणादायी है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने कहा कि मदन दास देवी के सानिध्य से अपार ऊर्जा मिलती थी। वह कार्यकर्ताओं के निरन्तर विकास की चिंता करते थे। वह असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोज कांत ने कहा कि उनका सादगी पूर्ण जीवन सबको आकर्षित करता था। उनका अनौपचारिक संवाद सबको प्रभावित करता था। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा राजशरण शाही ने कहा कि मदन दास देवी संगठन के शिल्पी थे। वह विद्यार्थी परिषद के 1970.1992 तक राष्ट्रीय संगठन मंत्री के दायित्व का निर्वहन किये। उनका कार्यकर्ताओं से आत्मीय लगाव था। वह लाखों कार्यकर्ताओं के प्रेरणापुंज हैं। महामंडलेश्वर यतीन्द्रानंद महाराज ने कहा कि संघ के विविध क्षेत्रों में रहकर जो प्रचारक कार्य करते हैं, उनका जीवन बड़ी कठिनाइयों से बीतता है, लेकिन कभी व्यक्त नहीं करते ह, उसमें से एक आदर्श जीवन मदनदास का था। विश्व संवाद केन्द्र के अध्यक्ष नरेन्द्र भदौरिया ने कहा कि मदनदास जी तत्वनिष्ठ थे। संजय मिश्रा ने कहा कि उनकी प्रेरणाएं हम सबको संबल प्रदान करेंगी। श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख स्वात रंजन, क्षेत्र प्रचारक अनिल, प्रान्त प्रचारक कौशल, पूर्व उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, विभाग संघचालक जय कृष्ण सिन्हा, विभाग प्रचारक अनिल, प्रशान्त अटल, प्रशान्त भाटिया समेत बड़ी संख्या में संघ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगीः जितिन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोक** निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुबंध की शर्तों के अनुसार कार्यों की प्रगति सुनिश्चित कराएं, जो कार्य अनुबंध की शर्तों के अनुसार पूर्ण नहीं हो पा रहे हैं उनसे सम्बंधित अधिकारी एवं ठेकेदार की जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि बारिश के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों का सर्वे कराकर रिपेयरिंग का कार्य बारिश के तत्काल बाद पूर्ण कराएं, इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं मिलनी चाहिए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने यह निर्देश विभाग द्वारा प्रदेश में 5 करोड़ रुपये एवं उससे अधिक की लागत की परियोजनाओं की कार्यवार भौतिक-वित्तीय प्रगति की समीक्षा एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में खंडवार अब तक आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय के संबंध में आज यहाँ लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में दिए। लोक निर्माण मंत्री ने प्रदेश में 5 करोड़ रुपये और उससे अधिक की लागत से निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए अनुबंध के अनुसार कार्यों के प्रारंभ होने तथा कार्य के पूर्ण होने की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि समस्त चालू कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराएं किसी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उन्होंने ऐसे कार्यों जो निर्धारित समय सीमा में पूर्ण नहीं हो पाए हैं उनके विलंब के कारणों की जानकारी ली और लापरवाही करने वाले सम्बंधित अधिकारी एवं ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है प्रदेश में वर्तमान में 5 करोड़ रुपये अथवा उससे अधिक की लागत के कुल 413 कार्य हैं जिनमे से 146 कार्य शत प्रतिशत पूर्ण हो चुके हैं जबकि 267 कार्य निर्माणाधीन हैं, जिनमे से 94 कार्य ऐसे हैं जिनका 76 प्रतिशत से 99 प्रतिशत तक निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

# मानसिक बीमार लोगों की देखरेख कर रहे आश्रय गृहों के संचालकों को भी मिलेगा सरकारी अनुदान

● 13 स्वैच्छिक संस्थाओं को पहली किस्त के तौर पर मिलेगी कुल 2.02 करोड़ रुपए की धनराशि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के लोगों की सेवा, सुरक्षा और पोषण के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने मानसिक निशक्त व दिव्यांजनों की देखरेख की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रदेश में मानसिक दिव्यांगजनों की देखरेख कर रहे आश्रय गृहों व इनके संचालन के लिए प्रशिक्षण कार्य कर रहे स्वैच्छिक संगठनों को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से वित्तीय अनुदान दिया जाएगा। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से पूरे प्रदेश में चिन्हित 13 स्वैच्छिक संस्थाओं को वित्तीय वर्ष 2023-24 में मिलने वाले वार्षिक अनुदान की पहली किस्त जारी कर दी गई है। जिन स्वैच्छिक संस्थाओं का चयन उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से वित्तीय अनुदान के लिए किया गया है उनमें रामपुर की 2, लखनऊ की 2, बरेली की 3, बदायूं की 4, बिजनौर व कौशाम्बी की 1-1 संस्थाएं शामिल हैं।

इन सभी स्वैच्छिक संस्थाओं को प्रदेश में मानसिक निराश्रितों के लिए आश्रय गृहों का संचालन संबंधित प्रशिक्षण देने के लिए कुल 3.37 करोड़ रुपए का वार्षिक अनुदान सरकार की ओर से दिया जाना निश्चित किया गया था। इसमें से पहली किस्त के तौर पर 2.02 करोड़ रुपए की धनराशि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इन संस्थाओं को उपलब्ध कराए जाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। धनराशि आवंटन का कार्य दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से पूरा किया जाएगा जो यह सुनिश्चित करेगा कि सभी आवश्यक प्रावधानों का पालन हो। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से वित्तीय अनुदान प्राप्त करने वाली स्वैच्छिक संस्थाओं में कुल 13 संस्थाएं शामिल हैं। रामपुर से असीम समाज सेवा संस्थान व मिलन ग्रामीण जन कल्याण समिति, लखनऊ से स्नेह वेलफेयर सोसाइटी व पाल मर्सी होम, बरेली से उपासना जनकल्याण सेवा समिति, आस्था समाजसेवा संस्थान व शकुंतला देवी खादी ग्रामोद्योग विकास समिति, बदायूं से प्रभात ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, लक्ष्मी नारायण ग्रामोद्योग विकास समिति, विकलांग कल्याण सेवा समिति व सर्व हिताय संस्थान, बिजनौर से प्रेमधाम धर्मार्थ संस्था तथा कौशाम्बी से दीपमाला जन कल्याण सेवा संस्थान का नाम उन स्वैच्छिक संस्थाओं में शामिल है जिन्हें राज्य सरकार द्वारा मानसिक मंदित दिव्यांगजन गृह संचालन के लिए मिलने वाली वार्षिक अनुदान की पहली किस्त की अदायगी की जाएगी।

# अघोषित बिजली कटौती से पूरा प्रदेश त्रस्तः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में लगातार बिजली का संकट बना हुआ है। भाजपा सरकार न शहरों में बिजली की आपूर्ति कर पा रही है और न गांव में किसानों के लिए। अघोषित कटौती से पूरा प्रदेश त्रस्त है। बार-बार बिजली कटौती से महानगरों में लोगों की नींद गायब है। भीषण गर्मी और उमस से लोग परेशान हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में जो बिजली के प्लांट लगाए जा रहे थे भाजपा सरकार ने उन्हें पूरा नहीं होने दिया। भाजपा सरकार ने अपने 6 साल के कार्यकाल में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया। भाजपा सरकार में प्रदेश का विकास अवरूद्ध है। भाजपा सरकार का सारा विकास कार्य कागजों पर चल रहा है, जमीन पर कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र में भी भाजपा सरकार हैलेकिन उसने उत्तर प्रदेश का बिजली का कोटा नहीं बढ़ाया। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने बिजली महंगी कर दी है वह प्रदेश की जनता से भारी भरकम बिजली का बिल वसूल रही है लेकिन बिजली की लगातार आपूर्ति नहीं कर रही हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि हालत यह है कि शहरों में भी 8 से 10 घंटे बिजली की कटौती हो रही है। गांवो में तो कोई पूछने वाला ही नहीं है। सरकार राजधानी लखनऊ में भी बिजली की सुचारू आपूर्ति नहीं कर पा रही है। क्योंकि भाजपा सरकार ने प्रदेश में मांग के अनुरूप बिजली उपलब्ध कराने के लिए पहले से कोई तैयारी ही नहीं की है।

# प्रदेश में रुकने का नाम नहीं ले रहे महिलाओं के साथ अपराधः खाबरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा है कि योगी सरकार में महिलाओं और बच्चियों के साथ अपराध की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। कानून व्यवस्था का ढिंढ़ोरा पीटने वाली यह सरकार सभी मुद्दों पर फेल साबित हो रही है। स्वास्थ्य व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित रह गई है। आज भी इलाज के आभाव में मरीज तड़प कर मरने को मजबूर हैं। आश्चर्य की बात है कि अस्पतालों में भर्ती मरीजों के पैर चूहे कुतर रहे। आज भी पर्चे बनवाने में कई-कई घंटे लग जाते हैं। खाबरी ने कहा कि जनपद मिर्जापुर के थाना लालगंज क्षेत्र की एक नाबालिक बालिका के साथ जिस तरह से हैवानियत की गई, वह सरकार की कानून व्यवस्था की पूर्णतया पोल खोलती है। उन्होंने कहा कि जनपद मिर्जापुर के एक गांव में ग्राम प्रधान व उसके साथियों द्वारा नाबालिक बालिका के साथ हैवानियत के बाद भी मुख्य आरोपी का गिरफ्तार न होना सरकार एवं प्रशासन पर सवाल खड़ा करता है। घटना का संज्ञान लेते हुए कांग्रेस प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी मिर्जापुर अध्यक्ष शिवकुमार पटेल, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक उर्फ राजन पाठक सहित अन्य कांग्रेसजनों ने जिला महिला अस्पताल मिर्जापुर पहुंचकर पीड़िता एवं परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली तथा सांत्वना दी। 26 जुलाई 2023 को एक प्रतिनिधि मंडल जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर इस घटना में अब तक की गयी कार्यवाही की जानकारी व पीड़ित परिवारजनों से मिलकर मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रशासन से मांग करेगा।

# इस साल भी राजभवन में लहलहाएगा काला नमक धान

● आधा एकड़ रकबे में मंगलवार को हुई रोपाई, गोरखपुर में तैयार हुई थी कालानमक किरन की नर्सरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजभवन** में पिछले साल की तरह इस साल भी कालानमक धान लहलहाएगा। मंगलवार को करीब आधा एकड़ रकबे में इसकी रोपाई हुई। रोपे गए धान की प्रजाति है कालानमक किरन। इसकी नर्सरी गोरखपुर की संस्था पीआरडीएफ ने गोरखपुर में तैयार करवाई थी।

उल्लेखनीय है कि कालानमक धान को भगवान गौतम बुद्ध का प्रसाद माना जाता है। स्वाद, सुगंध एक पोषक तत्त्वों के लिहाज से बेमिसाल यह धान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पसंदीदा योजना ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) के तहत बुद्ध से जुड़े सिद्धार्थनगर जिले का ओडीओपी भी है। यही नहीं इसे समान कृषि जलवायु वाले पूर्वांचल के करीब एक दर्जन जिले के लिए जीआई (जियोग्राफि कल इंडिकेशन) भी प्राप्त है। राजभवन में रोपी गई प्रजाति कालानमक की लेटेस्ट प्रजाति है।

पीआरडीएफ के चेयरमैन डॉक्टर आरसी चौधरी एवं राजभवन के उद्यान अधीक्षक डॉक्टर डीके मिश्रा ने बताया कि नर्सरी पूरी तरह जैविक है। इसमें अब तक सिर्फ बिजामृत और जीववामृत का ही प्रयोग किया गया है इसमें जरूरत के अनुसार खाद और कीटनाशक के रूप में सिर्फ जैविक उत्पादों का ही प्रयोग होगा।

# घूंघट से निकलकर गांव की सूरत बदल रहीं महिला ग्राम प्रधान

## गांवों के कायाकल्प के लिए प्रदेश की महिला ग्राम प्रधानों को सिखाए जा रहे नायाब तरीके, अधिकारों के प्रति हो रहीं जागरूक

● 25 जिलों में 3693 महिला ग्राम प्रधानों को अब तक किया जा चुका है प्रशिक्षित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मिशन** शक्ति के तहत प्रदेश की महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने में जुटी योगी सरकार गांवों के समग्र विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए महिला ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। मिशन शक्ति के तहत पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान (पीआरआईटी) द्वारा वर्तमान में 25 जिलों में लगभग 3693 महिला प्रधानों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। वहीं विभिन्न चरणों में प्रदेश की 26 हजार से अधिक महिला ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य गांव को विकास से जोड़ने के साथ प्रदेश को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य में उनकी अहम भूमिका निभाना है। इसके माध्यम से महिला ग्राम प्रधानों को न सिर्फ गांव की सूरत बदलने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा हैए बल्कि उनके अधिकारों के प्रति भी उन्हें जागरूक किया जा रहा है।

पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान की ओर से प्रशिक्षण के जरिये महिला ग्राम प्रधानों को उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराया जा रहा है ताकि वह घरेलू परिवेश तक सीमित न रहकर गांव की सूरत बदलने में अपनी भूमिका निभा सके। प्रशिक्षण में महिला प्रधानों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों के प्रति जागरूकता और पुरुषों की जगह स्वयं काम संभालने की प्रक्रिया के बारे में बताया जा रहा है। इसके साथ ही प्रशिक्षण में महिला जनप्रतिनिधियों की प्रशासनिक ज़िम्मेदारियों, ग्राम सचिवालय की व्यवस्था, सचिवालय से जन सुविधा केन्द्र के संचालन की जानकारी दी जा रही है ताकि वह समझ सकें कि किस तरह से गांव के समग्र विकास का खाका तैयार करना है और फिर उसे कार्यरूप देने के लिए अधिकारियों के सामने किस तरह से पेश करना है। इसके साथ ही साथ सतत् विकास लक्ष्यों को उनके स्थानीयकरण द्वारा ग्राम पंचायत के सहयोग से प्राप्त करना, स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता संबंधी सेवाओं की लगातार निगरानी को प्राथमिकता देने के लिए नेतृत्व कौशल के संबंध में भी जानकारी प्रदान की जा रही है।

अपर मुख्य सचिव पंचायती राज मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने एवं महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए मिशन शक्ति के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्रायरू यह देखा गया है कि महिलाएं गांव के समग्र विकास, बुनियादी सुविधाओं और परिवार की सेहत को लेकर ज्यादा सजग रहती हैं। इसी सोच के साथ महिला ग्राम प्रधानों को इतना सशक्त बनाया जा रहा है ताकि वह पूरे गांव की सेहत, सुरक्षा और विकास का जिम्मा बखूबी निभा सकें। इसी उद्देश्य से पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ने सेन्टर फ ॉर कैटेलाइजिंग चेन्ज (सी-3) के साथ हाथ मिलाया है ताकि पंचायती राज संस्थाओं द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा बुनियादी सेवाओं सहित स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता संबंधी सेवाओं की लगातार निगरानी को प्राथमिकता मिल सके। इसके लिए महिला ग्राम प्रधानों को नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल एवं लैंगिक समानता विषय पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी क्रम में दोनों संस्थाओं ने मिशन शक्ति के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किया है। इस मॉड्यूल के मुताबिक प्रत्येक जिले में मास्टर ट्रेनर द्वारा महिला ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में मातृत्व एवं शिशु पोषण, गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, कुपोषण व अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है और निगरानी में ग्राम प्रधान की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि किस तरह से ग्राम स्वास्थ्यए स्वच्छता एवं पोषण दिवस के दौरान पंचायत सदस्यों की उपस्थिति को सुनिश्चित कराया जाए।

# मंत्री के पत्र को अफसरों ने किया नजरअंदाज

संवाददाता। सीतापुर

- अलग-अलग तिथियों में मंत्री ने लिखा पत्र
- विद्युतीकरण से वंचित है ब्लाक बेहटा का बरेती गांव
- अंधेरे में रहने को मजबूर 1500 आबादी
- मोमबत्ती की रोशनी में पढ़ाई करने को विवश छात्र-छात्राएं
- सौभाग्य योजना के तहत भी गांव में नहीं पहुंची बिजली

**वैसे** तो सरकार गांव-गांव बिजली पहुंचाने का दावा करते थक नहीं रही है केंद्र की मोदी सरकरा जगमग योजना, सौभाग्य योजना के जरिए गांव को शहरों को माफिक्र बनाने के लिए बिजली पानी अस्पताल और मार्डर्न स्कूल का सपना दिखा रही है। लेकिन जमीनी सच्चाई कुछ और ही है। यूपी के सीतापुर में ब्लाक बेहटा का गांव बरेती आजादी के सात दशक बाद भी विद्युतीकरण से वंचित है। इस गांव के ग्रामीणों को सौभाग्य योजना के तहत भी विद्युत कनेक्शन लेने का सौभाग्य नहीं मिल सका। गांव में विद्युतीकरण न होने से लगभग 1500 आबादी आज भी राते अंधेरे में ही गुजार रही है। यह तब है जबकि पड़ोसी गांव बेलवा जो बरेती से चंद कदमों की दूरी पर है यहां बिजली की रोशनी से हर घर जगमगा रहा है और बरेती के ग्रामीणों की बिजली देखने की हसरत फ्लिहाल अधूरी ही है। ग्रामीण जब आस-पास के गांव में रोशनी देखते है तो मन मसोस कर रह जाते है। हैरान करने वाली बात तो यह है कि गांव में विद्युतिकरण कराए जाने को लेकर ग्रामीणों ने क्षेत्रीय सांसद विधायक और बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों की चौखट पर एक बार नहीं कई बार अर्जी लगाई। संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन नतीजा शून्य ही रहा है। क्षेत्र से भाजपा विधायक कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने तो प्रदेश सरकार के ऊर्जा एंव अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत मंत्री सोमेन्द्र तोमर को 30 अगस्त 2022,अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल सीतापुर को 18 मई 2021 और अधिशाषी अभिंयता विद्युत वितरण खंड बिसवां को पत्र भी लिखा लेकिन मंत्री जी के पत्रों की भी अनदेखी कर दी गई। यही नहीं बरेती गांव के ग्राम प्रधान महेश के नेतृत्व में ग्रामीण मुख्यमंत्री के यहां जनता दर्शन में 4 नवंबर 2022 को प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन गांव में बिजली की रोशनी चमकना तो दूर रहा आज तक विभाग के किसी अधिकारी ने इस संबन्ध में गांव पहुंचना भी मुनासिब नहीं समझा है। ऐसे में ग्रामीण बिजली के अभाव में न तो टेलीविजन का आनंद ले पा रहे है उनके लिए मोबाइल चलाना भी दूभर होता जा रहा है। नवनिहाल और युवा छात्र-छात्राएं मोमबत्ती की रोशनी में पढ़ने को मजबूर है। कुल मिलाकर जमीनी हकीकत सरकारी आंकड़ों से काफी दूर है। इस गांव में सात दशक पहले जिसने जन्म लिया हो सकता है उनमें से अधिकतर लोग रुक्सत हो लिए हो। जो है भी उनकी आंखे बिजली की रोशनी के इंतजार में दिनोदिन धुंधली होती जा रही है। आइए सुनते है गांव की बुजुर्ग महिलाओं, युवाओं और बालिकाओं का क्या कहना है।

अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड बिसवां धीरज यादव ने आई इंडिया को फोन पर बताया कि बरेती गांव में विद्युती करण के लिए प्रस्ताव जा चुका है। स्वीकृत मिलते ही विद्युतीकरण का काम शुरु कराया जाएगा। उन्होने बताया सौभाग्य योजना के तीसरे चरण में गांव को योजना के अंतर्गत हर हाल में अच्छादित कर दिया जाएगा।

## नगर पालिका सभागार में ईओ प्रदीप नारायन का हुआ विदाई समारोह

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी प्रदीप नरायन दीक्षित का स्थानांतरण गैर जनपद हो जाने पर नगरपालिकाअध्यक्ष विजय शुक्ला उर्फ रिंकू एवं समस्त सभासदों व कर्मचारियों ने ई ओ प्रदीप नरायन दीक्षित को समारोह पूर्वक विदाई दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने प्रदीप नारायन मृदु भाषी,सरल एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी थे, व विना भेद भाव के सभी कार्य करते थे।मै प्रदीप दीक्षित को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएंओ के साथ इस अपेक्षा और विश्वास से विदा कर रहा हूँ कि गोला नगर पालिका को उनका मार्ग दर्शन मिलता रहेगा।विदाई समारोह के अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा,सभासद आनंद सोनी,धर्मेन्द्र जायसवाल, धर्मेन्द्र वाल्मीकि, धर्मेन्द्र तिवारी टीटू इजरान ,राजेश अवस्थी, आनंद किशोर भोली, अनिल गुप्ता, रियाजुद्दीन, दानिश अली,सुशील कुमार राजेश वर्मा, कफील, साहिद,शोभित सिंह ,अमित श्रीवास्तव, मोहित गिरि, एस आई संदीप वर्मा, सहित व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता पुत्र, दिवंगत सैनिक के परिजनों को न्याय दिलाने को साथ आया ऐप्जा संगठन

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**ऐप्जा** (ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन) चेयरमैन रवीन्द्र मिश्रा के निर्देश पर ऐप्जा के चीफ कोआर्डिनेटर अनुराग एम. सारथी के नेतृत्व में अधिवक्ता सभागार सिविल कोर्ट लखीमपुर में पत्रकार वार्ता का आयोजन हुआ।

ज्ञात हो कि विगत करीब तीन वर्ष पूर्व एसएसबी सैनिक दीपेंद्र अवस्थी की दौरान सेवा संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। परिजनों के अनुसार एसएसबी डॉक्टरों ने रंजिशन बिना बीमारी के गलत इलाज कर, जबरन ड्रग्स के नशीले इंजेक्शन व दवाइयां खिलाकर सीजर डिसऑर्डर की गलत रिपोर्ट बनाकर शारीरिक यातना, मानसिक प्रताड़ना देकर जीवन बर्बाद किए जाने व बटालियन बदल कर जीवन रक्षा किये जाने की जून 2019 से बराबर आईजी, डीआईजी एवं डीजी, आई जी, मेडिकल दिल्ली गृहमंत्री व रक्षा मंत्री से शिकायत की। बटालियन से लेकर एसएसबी मुख्यालय दिल्ली तक संवेदनहीन प्रशासनिक अधिकारी एक दूसरे को बचाने मे लगे रहे, जिसके कारण सैनिक बेटे को न्याय नहीं मिल पाया। शिकायत से और रंजिश मान गए।

कोविड-19 महामारी के चलते नियम विरुद्ध गलत ढंग से 18 मार्च 2020 रात करीब 8 बजे सर्विस से डिस्चार्ज कर, डाक्टरों के गलत इलाज शारीरिक यातना आर्थिक क्षति मानसिक प्रताड़ना के आघात से आहतकर पद का दुरुपयोग कर आपस में घोर अपराधिक षड्यंत्र रच कर कागजों मे सैनिक को सेवा के अयोग्य बनाकर साजिशन सैनिक बेटे की हत्या कर दी।

इस मामले में न्यायालय के आदेश पर अ0सं01298 /020 धार306, 120बी,110, 504, 506 आईपीसी मे कोतवाली लखीमपुर खीरी में लिखी स्नढ्ढक्र के आरोपीगण गैर प्रान्त से सम्वंधित केन्द्र सरकार मे एसएसबी के अधिकारी थे। जिसमे नामजद अभियुक्तगण (1) डॉ0 अनूप कुमार मेडिकल कमांडेंट प्रशिक्षण केंद्र चंदू खेड़ी भोपाल, डॉ0 आर एन साहू गांधी हमीदिया मेडिकल कॉलेज भोपाल, डॉ0 रिंकू डे मेडिकल कमांडेंट 41, बटालियन रानी डगा, डॉ0 जसजीत सिंह मेडिकल कमांडेंट बीएसएफ कदमतला सिलीगुड़ी, अरुन कुमार सिंह कमांडेंट 8 बीएन बटालियन खपरैल सिलीगुड़ी, 161के बयान में, डॉ0 सुभाष घोष डिशुन हॉस्पिटल सिली गुड़ी, डॉ0 न्यूरो फिजीशियन (नाम अज्ञात) नार्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज सिलीगुड़ी आदि दस लोगों को आरोपी बनाया गया जो केंद्र सरकार में उच्चाधिकारी पदों पर तैनात थे। उक्त मामले में मृतक के परिजनों ने मुख्यमंत्री, गृहसचिव, राज्यपाल, प्रधानमंत्री राष्ट्रपति, गृहसचिव, गृहमंत्री, रक्षामंत्री भारत सरकार को जनपद के चुने हुए जनप्रतिनिधियों के द्वारा सीबीआई जांच की संस्तुति सहित लिखे गए पत्रों को संलग्न कर सीबीआई जांच की मांग की थी, परंतु आज तक सीबीआई जॉच नहीं हो सकी।

# भगवान श्रीराम पर अभद्र टिप्पणी करना पड़ा महंगा

संवाददाता। सीतापुर

सोशल मीडिया के माध्यम से मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम पर की गयी अशोभनीय व अभद्र टिप्पणी करना महंगा पड़ गया। मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है। वहीं दिल्ली की जिस फेसबुक आईडी से यह अशोभनीय वीडियो अपलोड किया गया था उसकी डिटेल आईटी सेल खंगाल रही है। बता दें कि अखलाक किंग इंडाना दिल्ली से फेसबुक आईडी से पोस्ट की थी जिसे सीतापुर के थाना रामकोट निवासी सद्दाम गाजी ने शेयर कर दिया। इसे लेकर विश्व हिन्दू परिषद की तरफ से शहर कोतवाली में तहरीर दी गयी थी जिसमें मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मंगलवार को सद्दाम गाजी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## चूना बहुत कमाल की चीज है

लखनऊ। रोमांचक विज़्युअल अनुभव और बेहतरीन कॉमिक पंच के साथ एक हाई स्टेक हाईस्ट ड्रामा सीरीज़ए चूना नेटफ्लिक्स पर आने वाली हैए जिसका ट्रेलर जारी हो गया है। जिमी शेरगिलए आशिम गुलाटीए विक्रम कोच्चरए चंदन रॉयए नमित दासए ज्ञानेंद्र त्रिपाठीए अतुल श्रीवास्तवए मोनिका पंवार और निहारिका लायरा दत्त अभिनीत इस सीरीज़ के कहानीकार और निर्देशक पुष्पेंद्र नाथ मिश्र हैं। फ्लाईंग सॉसर द्वारा निर्मित जबरदस्त हाईस्ट कॉमेडी ड्रामा सीरीज़ए चूना जल्द ही नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी। डायरेक्टरए एवं लेखक पुष्पेंद्र नाथ मिश्र ने कहाए ष्चूना भव्य और अद्वितीय है।

# एबीवीपी का अभ्यास वर्ग संपन्न, दिए गए मूल मंत्र

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद का अभ्यास वर्ग मंगलवार को संपन्न हुआ। वर्ग का शुभारंभ अभाविप के विभाग संगठन मंत्री शिवानंदन, जिला प्रमुख धीरज श्रीवास्तव, जिला संयोजक लक्ष्मी पांडेय ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण कर किया।

अभ्यास वर्ग में सैद्धांतिक भूमिका, कार्यपद्धती, कार्यकर्ता विकास एवं व्यवहार, परिसर कार्य एवं सदस्यता के विषय पर विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया, इस दौरान कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण हुआ। परिषद के प्रान्त सह मंत्री हरप्रीत सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही एक सशक्त छात्र शक्ति के निर्माण में प्रयासरत रही है, विभाग प्रमुख माधव चतुर्वेदी ने बताया हर वर्ष लाखों की संख्या में विद्यार्थी संगठन की सदस्यता लेते हैं इन विद्यार्थियों को विद्यार्थी परिषद की कार्य पद्धति एवं अन्य विषयों की जानकारी प्रदान करने हेतु ऐसे वर्गों का आयोजन किया जाता है।

विभाग संगठन मंत्री शिवानंद ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपनी अनूठी कार्य प्रगति के कारण ही अपनी 75 वर्ष की यात्रा पूरी कर रही है विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अपने अनुशासन के कारण हर जगह प्रसिद्ध है बड़े से बड़े आंदोलन में भी विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने रचनात्मक एवं अनुशासनात्मक व्यवहार से समाज में अपना अलग स्थान बनाया है। विद्यार्थी परिषद के जिला संगठन मंत्री किशन प्रकाश ने बताया कि इस अभ्यास वर्ग मे जिले के 12 नगरों के कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिला संयोजक लक्ष्मी पांडेय ने बताया कि इस अभ्यास वर्ग के बाद हम सभी आने वाले सदस्यता अभियान के लिए केंपस केंपस जाने वाले हैं।

विनीत अवस्थी ने कहा कि एबीवीपी अपने 75 वर्ष में प्रवेश कर चुकी है इस अवसर पर अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जो समाजहित एवं राष्ट्रहित के लिए होंगे इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला प्रमुख धीरज श्रीवास्तव, विभाग संयोजक अमन गुप्ता,विभाग छात्रा प्रमुख साधना रस्तोगी, नगर मंत्री शिखर तिवारी, सवितार गोस्वामी, ऐश्वर्य सिंह, हर्ष तिवारी,प्रखर मिश्रा शिवांगी पाठक आंदोलन प्रमुख मानस ठाकुर,एस एफ एस प्रमुख नितिन अवस्थी,अमन भार्गव,सुधांशु प्रजापति,कृष्णा गुप्ता,अभय शुक्ला,सक्षम यादव, अखिलेश, रमाशंकर आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।

# अवैध ढंग से काम पर रखे गए 32 आउटसोर्सिंग कर्मचारी हटाए गए

संवाददाता। सीतापुर

**32** आउट सोर्सिंग कर्मियों को सेवा से बर्खास्त किए जाने के बाद महोली नगर पंचायत के सभासदों का 24 घंटें से चल रहा धरना समाप्त हो गया। यह धरना चेयरमैन केतुका देवी और पूर्व चेयरमैन पर मनमाने तरीके से नियुक्तियां करने का आरोप लगाते हुए शुरू किया गया था। सोमवार की शाम से शुरू हुए इस धरने में मंगलवार को उस समय अचानक एक दिलचस्प मोड़ आ गया जब महोली नगर पंचायत के निवर्तमान ईओ दिनेश भार्गव और मौजूदा ईओ आदित्य प्रकाश के बीच फोन पर बातचीत का ऑडियो वायरल हो गया।

निवर्तमान और वर्तमान ईओ के बीच हुई बातचीत का ऑडियो वायरल होते ही नगर पंचायत के बरामदे में बेहाल सा पड़ा सभासदों का धरना अचानक बलवान हो उठा। थोड़ी ही देर में महोली एसडीएम अभिनव यादव सभासदों के बीच पहुंचे और पूरे मामले की जांच तथा कार्यवाही का भरोसा दिया। बताते हैं इसके बाद सतह के नीचे गतिविधियां काफी तेजी से चलीं। जिसके बाद शाम होते होते ईओ आदित्य प्रकाश ने 127 आउटसोर्सिंग कर्मियों की सूची को अमान्य करते हुए उनके स्थान पर पहले से चले आ रहे 95 आउटसोर्सिंग कर्मियों की सूची जारी कर दी। इसके बाद सभासदों का धरना समाप्त हो गया। इस धरने में अरविन्द बाजपेई बिन्दू, अनूप दीक्षित, बुधई, प्रवीन शुक्ला, सुनील, वीरपाल भगौती, पीयूष गुप्ता, राजू, जानकी, मनीष सिंह सहित कई सभासद अथवा उनके प्रतिनिधि शामिल रहे।

# डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ ने एक पेंशन की वकालत की

संवाददाता। शाहजहांपुर



**डिप्लोमा** इंजीनियर महासंघ द्वारा मीटिंग का आयोजन किया मीटिंग का संचालन करते हुए डिप्लोमा इंजीनियर संघ लो नि वि के जनपद सचिव इं अहमद मुबीन ने कहा कि एक देश एक संविधान और एक पेंशनष् होनी चाहिये।

जिला अध्यक्ष ऋषि कांत पांडेय ने कहा कि वर्तमान में 70 प्रतिशत कर्मचारी नई पेंशन स्कीम के अंतर्गत आ रहा है। पुरानी पेंशन कर्मचारी के सेवानिवृत्त के बाद उसके लिये लाठी का काम करती है।

नॉर्थरन रेलवे मेन्स यूनियन के मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद मंडल नरेंद्र त्यागी ने कहा कि आगामी 10 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में पुरानी पेंशन योजना बहाली सयुंक्त मंच के नेतृत्व में महारैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली में केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनो के सभी विभागों के लाखों कर्मचारी हिस्सा लेंगे। जनपद शाहजहाँपुर से इस महारैली में भाग लेने ट्रैन और बस से हजारों कर्मचारी जायेंगे। इस बाबत सभी विभागों में गेट मीटिंग का आयोजन किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी सयुंक्त परिषद के जिला महामंत्री अमित सिंह ने कहा कि 02 अगस्त को शाहजहाँपुर में आने वाली पुरानी पेंशन जनजागरण यात्रा का मंच भव्य स्वागत करेगा , शहर में रथ के भ्रमण के उपरांत रेलवे के माल गोदाम प्रांगण में मीटिंग का आयोजन होगा, इसके लिये हर विभाग में गेट मीटिंग करी जायेगी।

मीटिंग का संचालन करते हुए डिप्लोमा इंजीनियर संघ लो नि वि के जनपद सचिव इं अहमद मुबीन ने कहा कि एक देश एक संविधान और एक पेंशनष् होनी चाहिये।

जो कर्मचारी पूरी उम्र देशसेवा में लगा देता है उसको बाजार आधारित पेन्शन देना उसके और उसके परिवार के साथ अन्याय है। मीटिंग की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर संघ के अध्यक्ष इं कुलदीप सिंह ने करी।

मीटिंग को सहायक अभियंता इं सुरेंद्र राठौर, छत्डन् के सचिव शिव कुमार सक्सेना, भुवनेश गुप्ता जिला उपाध्यक्ष प्रा शि संघ, जनपद अध्यक्ष डि इं संघ लो नि वि इं राम औतार , महासंघ अध्यक्ष इं कुलदीप सिंह, इं श्रीलाल, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के इं जितेंद्र भारती, सिंचाई विभाग के इं अनिल कुमार, इं भीमराव, इं रामेश्वर यादव, इं सतीश कुमार काम्बले, इं वीरपाल सिंह, इं रंजीत सिंह, इं जोगेंद्र गंगवार, इं ज्ञानेंद्र शर्मा, इं संजय कुमार आदि ने संबोधित किया।

मीटिंग में मुकेश कुमार, जगदीश चन्द्र शर्मा, विपिन यादव, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार, राम गोपाल, हरि ओम, राकेश कुमार, मुन्तजिर , दिलीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## बरेली- शाहजहांपुर पैसेंजर ट्रेन का इंजन पटरी से उतर गया

**शाहजहांपुर।** रोजा रेलवे जंक्शन पर उस समय हड़कंप मच गया। जब बरेली- शाहजहांपुर पैसेंजर ट्रेन का इंजन पटरी से उतर गया। बताया जा रहा है कि बरेली जाने के लिए ट्रेन का इंजन बोगियों से जोड़ने के लिए ले जाया जा रहा था। इसी दौरान इंजन रेलवे ट्रैक से नीचे उतर गया। रेलवे ट्रैक से इंजन उतरने से उस समय के लिए डाउन ट्रैक पर यातायात प्रभावित हुआ। लेकिन बाद में उसे शुरू कर दिया गया।

इंजन को पटरी पर लाने लिए रेलवे के कर्मचारी मौके पर पहुंच कर रेल कर्मचारी कड़ी मशक्कत से रेल इंजन को ट्रैक पर लाने का काम मे आनन-फानन में रेलवे के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे । इंजन को ट्रैक पर लाने के लिए रेल कर्मचारी कड़ी मशक्कत कर दौरान दिल्ली लखनऊ जाने वाले अप लाइन की गाड़ियां कुछ समय के लिए प्रभावित हुई । लेकिन बाद में काशन के साथ ट्रेनों को निकाला गया।

# नगर निगम में जन-सुनवाई दिवस

संवाददाता। शाहजहांपुर



**नगर** आयुक्त संतोश कुमार षर्मा की अध्यक्षता में सिस्टेमैटिक एडमिनस्टेअ्टिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन-सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन-सुनवाई दिवस में 10 षिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 05 का त्वरित निस्तारण किया गया।

साफ-सफाई, षुद्व पेयजल की आपूर्ति, प्रकाष बिन्दू, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित समस्याओं रखा जन-सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-षिकायतों को संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के कर्मचारियों को निर्देषित किया गया कि प्राप्त षिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुश्टि, समदृश्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। कर्मचारियों को निर्देषित किया गया कि प्राप्त समस्याओं का निस्तारण षीघ्र ही कराया जायें। नगरवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन-सुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर निगम षाहजहॉपुर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को रख सकते है, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। जन-सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता सिविल एस0के0 अम्बेडकर एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

# आईएमसी ने मुस्लिम समाज को प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

संवाददाता। बरेली

**आईएमसी** के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद नदीम खान के नेतृत्व में आईएमसी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर एसीएम प्रथम को दिया और 23 जुलाई को जोगी नवादा में हुए उपद्रव की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि की 2रू30 बजे कावड़ियों द्वारा शाह नूरी मस्जिद पर राखडाली गई थी जिसका नमाज पढ़ कर निकल रहे हैं नमाजियों ने विरोध किया था। थाना बारादरी द्वारा कांवड़ियों को राख डालने से रोकने के बावजूद भी उन्होंने किसी की नहीं सुनी इसी बात को लेकर कंवाडियों द्वारा पथराव शुरू कर दिया गया जवाब में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी पथराव शुरू कर दिया इस मामले में जोगी नवादा निवासी शहरिन पुत्री असगर द्वारा एक लिखित शिकायत थाना बारादरी को की गई थी जिस पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की उन्होंने बताया कि इससे पहले शहा नूरी मस्जिद के सामने से निकलने के रास्ते को लेकर थाना बारादरी में दोनों पक्षों में समझौता हुआ था कि 10-10 व्यक्ति के रूप में पंक्ति बनाकर निकलेंगे कोई शोर नहीं करेंगे और कोई मस्जिद पर गंदी चीज नहीं फेंकेंगे इस समझौते का उल्लंघन होने के बाद भी उपद्रव किया गया पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़े गए पुलिस कर्मियों के मना करने के बाद भी उनकी नहीं सुनी गई आईएमसी नेताओं ने कहा कि कांवड़ियों को जब जत्था निकलता है तो भीड़ बेकाबू हो जाती है पुलिस नियंत्रण नहीं कर पाती ऐसी स्थिति में मदरसे और मस्जिद की सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही की जानी चाहिए जिससे कि मुस्लिम समुदाय को झगड़ा मारपीट का डंस न झेलना पड़े उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय द्वारा दी गई तहरीर पर एफआईआर दर्ज की जाए शहर में अमन चयन काम किया जाए सामाजिक तत्वों को चिन्हित करके उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए ज्ञापन देने वालों में डॉक्टर नफीस खान , मोहम्मद नदीम , अनीस सकलैनी , सैयद रेहान, अली साजिद सकलैनी आदि अनेक आई एम सी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मानसिक अस्पताल में किया गया शिविर का आयोजन

**बरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के आदेश अनुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश विनोद कुमार के दिशा निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शहर में लगातार विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके संबंध में आज प्राधिकरण के पैरा लीगल वालंटियर द्वारा मानसिक अस्पताल में शिविर का आयोजन किया गया।अपर जिला जज सचिव निर्दोष कुमार के मार्गदर्शन में पैरा लीगल वालंटियर ने मानसिक अस्पताल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया, जिसमें स्वस्थ हो चुके रोगियों से मुलाकात कर उनकी दवाइयों और पारिवारिक स्थिति के बारे में चर्चा करी। स्वस्थ हो चुके रोगियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन उपयोगी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। साथ ही ऐसे रोगियों की जानकारी ली जिनके परिवार ने काफी समय से मरीजों से संपर्क नहीं किया है। विधिक जागरूकता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वालंटियर अवधेश कुमार शर्मा, अमित, पुष्पेंद्र यादव, पूजा सिंह और तरुण कुमार के साथ डॉक्टर के एम प्रजापति, सालिक राम वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मानसिक रोगी शिव सिंह और दीपक के परिवार से संपर्क किया गया और उनके परिवार को जल्द से जल्द मानसिक अस्पताल या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई और बताया गया कि जिन मरीजों के पास अपने किसी मुकदमे को लड़ने के लिए अधिवक्ता नहीं है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बरेली ।** मोटरसाइकिल सवार एक युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अज्ञात के रूप में भेजा जहां आज घर वालों ने शव की शिनाख्त कर ली । सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव ऐना निवासी 24 वर्षीय हरेंद्र पुत्र सोमपाल की बीती रात फ्तेहगंज पश्चिमी इलाके में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि हरेंद्र कल शाम को मोटरसाइकिल लेकर बिना बताए घर से बाहर निकला के बाद फ्तेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र में किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया है स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त ना होने पर अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा इधर जब हरेंद्र घर वापस नहीं लौटा तो घर के लोगों उसे तलाशने में जुट गए इसी दौरान में पता लगा कि बाइक सवार हरेंद्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है और उसका शव पोस्टमार्टम हाउस पर है तब पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे घर वालों ने शव की शिनाख्त कर ली गई मृतक 6 भाई बहन थे ।

# बीमारियों से बचाव के लिए वृक्षारोपण करना जरूरी है : मयूर

संवाददाता। बरेली

**कल्प** वृक्ष वितरण अभियान 2023 पवित्र माह सावन के दौरान बरेली को हरा भरा बनाने के लिए, प्रशासन ने एक अभियान प्रारंभ किया, जिसके तहत मुख्य नाथ मन्दिरों में पेड़ के पौधे प्रसादम के रूप में शिव भक्तों को वितरित करने थे। इस अभियान में बी.डी.ए. एवं आई.आई.ए. बरेली चौप्टर ने मिलकर अलखनाथ मन्दिर में संयुक्त कल्प वृक्ष वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। रात्रि 2 बजे से सायं 6 बजे तक इस संयुक्त आयोजन में 11000 कल्प वृक्ष शिवभक्तों को प्रसाद के रूप में वितरित किये गये। इस कार्यक्रम में सम्मानीय जिला मजिस्ट्रेट साहब नोडल अधिकारी थे।

बी.डी.ए. की ओर से जोगिन्दर सिंह (उपाध्यक्ष), योगेद्र कुमार (सचिव), एवं तमाम पदाधिकारी मौजूद थे। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, जिलाधिकारी शिवाकान्त द्विवेदी, वन मंत्री डॉ. अरूण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं सभी ने अपने हाथों से शिवभक्तों को कल्पवृक्ष वितरित किये। आई.आई.ए. चेयरमैन तनुज भसीन ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वस्थ पर्यावरण व पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है उन्होंने स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण करने का आहवान किया।

सचिव मयूर धीरवानी ने कहा कि पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव के लिए हमें वृक्षारोपण करना जरूरी है। कोषाध्यक्ष रजत मेहरोत्रा ने कहा कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने से आपदाओं को कम किया जा सकता है।सचिव मयूर धीरवानी ने कहा कि पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव के लिए हमें वृक्षारोपण करना जरूरी है।

पर्यावरण को बचाने के लिए प्रत्येक नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस कार्यक्रम में सुनीत मूना, मनोज पंजाबी, ध्रुव खनिजों, प्रियंक मूना, शर्दुल शंखधार एवं अन्य उद्यमी बंधु मौजद रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित पटेल एवं प्रियंक मूना द्वारा किया गया।

## 'स्वस्थ इंडिया मिशन के 7वें संस्करण का अनावरण

लखनऊ। सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन उत्तर प्रदेश मेंहैंड हाइजीन चैंपियन बनाने के लिए 7.4 लाख बच्चों तक पहुंच बनायेगा। आईटीसी के प्रमुख हेल्थ एवं हाईजीन ब्रैंड सैवलॉन ने स्कूलों में चलाए जा रहे अपने कार्यक्रमए सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन के 7वें संस्करण का अनावरण किया है। सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन अपनी शुरुआत से ही अपनी इस मूल धारणा पर केन्द्रित है कि ज्यादा स्वस्थ बच्चे एक ज्यादा मजबूत भारत का निर्माण करेंगे और इस कार्यक्रम ने स्कूली बच्चों के बीच हाईजीन संबंधी आदतों को लेकर जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिये जमीनी.स्तर की कई गतिविधियों का समर्थन किया है। पिछले कई वर्षों मेंए इस कार्यक्रम ने भारत के विभिन्न राज्यों में स्कूलों के साथ भागीदारी का एक मजबूत नेटवर्क बनाया है और इसकी पहल बच्चों में हाथ धोने एवं साफसफाई रखने की आदत डालने में सहायता के लिये प्रतिबद्ध है।

# पीएम रोजगार सृजन की धीमी प्रगति पर डीएम ने लगाई बैंकों को फटकार

- उपायुक्त उद्योग को नोटिस जारी करने के दिये निर्देश
- जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक संपन्न



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर विभिन्न विभागों द्वारा लम्बित स्वीकृति और अस्वीकृत अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंजीयन लाइसेंस, मेमोरेंडम की स्थिति, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना , एक जनपद एक उत्पाद ऋण सहायता योजना, मंडी समिति में सुविधाओं का अभाव आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने अग्रणी जिला प्रबंधक से कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत जो आवेदन पत्र बैंकों में लंबित है उनका तत्काल निस्तारण कराएं। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत एचडीएफसी बैंक व एक्सिस बैंक की प्रगति ठीक न होने पर उप आयुक्त उद्योग एस के केसरवानी को निर्देशित किया की नोटिस जारी करें। भारतीय स्टेट बैंक की अच्छी प्रगति न होने पर उन्होंने कहा कि अगली बैठक में प्रगति अच्छी होनी चाहिए। एक जनपद एक उत्पाद ऋण सहायता योजना के अंतर्गत उन्होंने एलडीएम, जीएम डीआईसी को निर्देशित किए कि बैंकों के साथ समन्वय बनाकर अगले महीने में प्रगति कराएं।

मैसर्स प्रिया मसाले के प्रकरण में उन्होंने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर को निर्देशित किया कि आप अपने रीजनल अधिकारी से बात कर समस्या का निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग व बैंक प्रतिनिधि समन्वय बनाकर समस्या का निस्तारण कराएं।

# अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन व्यवस्था परिवर्तन की मांग



**संवाददाता।** फतेहपुर

**व्यवस्था** परिवर्तन अधिवक्ता संगठन ने आज अध्यक्ष इल्डर कमेटी (निर्वाचन अधिकारी जिला बार एसोसिएशन) को 8 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। कहा गया कि अधिवक्ताओं के हित में अति आवश्यक है कि जिला बार एसोसिएशन भविष्य में सुचारू रूप से सुव्यवस्थित सुसंगठित एवं क्रमबद्ध तरीके से चल सके और अधिवक्ता हित कायम रहें।बताया गया कि अध्यक्ष व मंत्री पद के प्रत्याशियों के मतदान के एक दिन पूर्व क्वालीफाइंग स्पीच कराई जाए, किसी पद पर नामांकन शुल्क एक हजार रूपए से अधिक न रखी जाए। प्रत्येक दो माह में आम सभा की बैठक बुलाई जाए। टू मैन पालिसी समाप्त कर प्रत्येक पदाधिकारी को उसका अधिकार दिया जाए।

सात सदस्यों की निगरानी कमेटी बनाई जाए। बार की मर्यादा बनाए रखते हुए अधिवक्ताओं को धर्म-जाति में विभाजित न किया जाए और होटल-बोतल को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए तथा सीनियर व जूनियर अधिवक्ताओं के मध्य सामंजस व सीनियर अधिवक्ताओं का सम्मान बरकरार रखा जाए।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर चलाया 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान

- महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव के उन्मूलन के बारे में दी गई जानकारी



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**जिला** प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार महिला शक्ति केंद्र से महिला कल्याण अधिकारी अलकमा अख्तर द्वारा मिशन शक्ति बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उरई शहर में स्थित मुहल्ला लहरियापुरवा में वार्ड नंबर 29 में आंगनबाड़ी केंद्र पर किया गया।

कार्यक्रम में महिला कल्याण अधिकारी द्वारा महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव के उन्मूलन के बारे में बताया गया, जिसमें महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव के उन्मूलन एवं घरेलू हिंसा अधिनियम के बारे में महिलाओं को जानकारी दी। दहेज प्रतिषेध महिलाओं के साथ अभद्रता का व्यवहार, एवं महिलाओं और बालिकाओं से संबंधित विभिन्न संस्थाओं और हेल्पलाइन नम्बरों 112, 1090, 1098, 181, 1076, 108 आदि के बारे में महिलाओं को जानकारी दी गई। महिला कल्याण अधिकारी अलकमा अख्तर ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, प्रधानमंत्री सामूहिक विवाह, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आदि सभी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी महिलाओं को दी गई। बालिकाओं को अधिक से अधिक शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया।

सखी वन स्टॉप सेंटर पर मिलने वाली सभी सुविधाओं के विषय में महिलाओं को विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को पोक्सो एक्ट एवं बाल विवाह, पीसीपीएनडीटी एक्ट के विषय में जानकारी दी गई।

महिलाओं को कल्याणकारी सरकारी सभी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आंगनबाड़ी को कहा गया कि योजनाओं से जोड़ने में उनका पूरा सहयोग किया जाए। कार्यक्रम में महिला कल्याण अधिकारी अलकमा अख्तर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उमा मिश्रा, उमा परिहार मौजूद रहे।

# सपा की समीक्षा बैठक में अनुशासन समिति बनाने का रखा गया प्रस्ताव



**फर्रुखाबाद।** जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय आवास विकास पर आम कार्यकर्ता की बैठक की अध्यक्षता चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष के निर्देशन में पार्टी को मजबूत करने, बूथ कमेटी का गठन करने, वोटर लिस्ट में वोट बढ़ाने, नवीन मतदान स्थलों को चिन्हित करना, पार्टी के सक्रिय सदस्य बनना, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों को राहत पहुंचाने, आगामी लोकसभा चुनाव में जीत जैसे अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने समस्त कार्यकर्ताओं का आह्वान किया की आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव हेतु समस्त कार्यकर्ता अपनी-अपनी बूथ कमेटी बनाकर पार्टी कार्यालय में जमा कर दें।

उन्होंने कहा कुछ कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर पार्टी की बदनामी करते हैं, ऐसे कार्यकर्ताओं के लिए शीघ्र ही जिले में एक अनुशासन समिति बनेगी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि शीघ्र ही जेल भरो आंदोलन वाले साथियों को सम्मानित किया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता अपनी गाड़ियों पर, घरों पर अति शीघ्र सपा का झंडा लगाने का काम करें। राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अरविंद गुप्ता ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने के कार्य को गति देने के लिए आश्वासन दिया।

# विद्यालयों के मासूम बच्चों के आई फ्लू की चपेट में आने से दहशत

**मौदहा**, हमीरपुर। क्षेत्र के लगभग सभी विद्यालयों में अपने पैर फैला चुका आई फ्लू लगातार अपने कदम बढ़ाते जा रहा है जिससे स्कूलों में पढ़ने आने वाले बच्चे दिन प्रतिदिन इसकी चपेट में आ रहे हैं। तो वहीं इस रोग के निरंतर फैलने से वहां पढ़ाने वाले अध्यापकों में भी दहशत का माहौल व्याप्त है। हालांकि खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जो बच्चे इस रोग से ग्रसित हो गए हैं उनको विद्यालय ना आने के लिए बोला गया है।

खंड शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत लगभग दो सैकड़ा से अधिक विद्यालय स्थापित हैं जहां हजारों की तादाद में नौनिहाल अपना भविष्य बनाने के लिए पढ़ने जाते हैं वहीं मौजूदा समय में शासन द्वारा संचारी रोग अभियान भी चलाया जा रहा है लेकिन इस अभियान को निरंतर चलाने के बावजूद भी गांव-गांव में संक्रमण फैलता दिख रहा है जिसका असर सीधे तौर पर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों पर देखने को मिल रहा है। वहीं आई फ्लू नामक संक्रमण के निरंतर फैलने से विद्यालयों में पढ़ाने वाले अध्यापकों में भी दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। अवगत हो कि मौसम में आए यकायक बदलाव से इस तरीके के संक्रमण तेजी से फैलते हैं जो बूढ़े, जवान तथा बच्चों पर कहर बरपाने लगते हैं। वही इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के लगभग 1 सैकड़ा से अधिक विद्यालयों में आई फ्लू का संक्रमण फैला हुआ है।

# तेजी से फैल रही कंजक्टिवाइटिस से बचाव के लिए सतर्कता जरूरीः डॉ शशांक अग्रवाल

**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिले** में तेजी से आंखों का संक्रमण फैल रहा है। ऐसे में जिले के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ शशांक अग्रवाल की सलाह है कि संक्रमण के लक्षण दिखाई पड़ते ही तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें। संक्रमित बच्चे और बड़े सभी काला चश्मा पहने। बताया कि स्वास्थ्य विभाग एवं निजी चिकित्सालयों द्वारा संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए तमाम तरह की व्यवस्था कर रही है। लेकिन जागरूकता से ही इस घातक संक्रामक बीमारी को मात दी जा सकती है।

इन दिनों आंखों का संक्रमण (कंजक्टिवाइटिस) बहुत तेजी से फैल रहा है। इससे खुद को बचाने और लोगों को संक्रमित होने से बचाने के लिए सावधानी और सतर्क रहने की जरूरत है। यह अपील चित्रकूट जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ शशांक अग्रवाल ने कहा कि एक व्यक्ति कई लोगों को संक्रमित कर सकता है। इस वजह से संक्रमित होने वाले बच्चे या बड़े सभी को भीड़-भाड़ वाले इलाके में जाने से बचना चाहिए। लक्षण दिखाई पड़ते ही तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें। अपने आप को आईसोलेट कर लें। डॉ अग्रवाल ने कहा कि अपनी इस्तेमाल की गई चीजों को किसी दूसरे को ना दें। इसके साथ-साथ अन्य कई सावधानियां बरतने की जरूरत है। तभी इसे फैलने से रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पीड़ित बच्चे पूरी तरह से ठीक होने तक स्कूल से छुट्टी ले लें। संक्रमित बच्चे और बड़े सभी काला चश्मा पहने रहें। स्वास्थ्य विभाग संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए तमाम तरह की व्यवस्था कर रही है लेकिन जागरूकता से ही मात दी जा सकेगी।



## बीमारी के लक्षण

**कंजक्टिवाइटिस** आंखों का एक संक्रमण है। जिसे आमतौर पर पिंक आई के नाम से भी जाना जाता है। यह वायरस जनित संक्रामक रोग है। प्रमुख रूप से आंखों का लाल होना, जलन, खुजली और आंख से लगातार आंसू निकलना, साफया पीला स्राव बहना, पलकें आपस में चिपक जाना, पलक में सूजन होना आदि प्रमुख लक्षण है। इसे ठीक होने में छह सप्ताह तक लग सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### गंगा खतरे के निशान से 15 सेटीमीटर ऊपर

**फर्रुखाबाद।** खतरे के निशान से गंगा 15 सेटीमीटर ऊपर, रामगंगा 15 सेटीमीटर नीचे चल रही थीं। कई दिनों से उफान पर चल रही गंगा व रामगंगा का सैलाब अब तेजी के साथ कम होने लगा है। लेंकिन सैलाब की जद में आनें वाले लोगों की मुसीबत कम नही हो रही है। गाँव के रास्ते से तो बाढ कम हुई है लेकिन गांवों के भीतर पानी की धार अभी भी चल रही है।बीते दिन गंगा का जलस्तर 137.25 मीटर दर्ज किया गया था ।मंगलवार को भी गंगा का जल स्तर 137.25 पर दर्ज किया गया । जिससे गंगा अभी भी खतरे के निशान से लगभग 15 सेंटीमीटर ऊपर हैं । वहीं नरौरा बांध से गंगा में 91851 क्यूसेक पानी छोड़ा गया । वहीं रामगंगा में बीते दिन जलस्तर 135.45 मीटर पर दर्ज की गयी थी। लिहाजा मंगलवार को इसका जलस्तर 135.30 मीटर दर्ज किया गया। रामगंगा 15 सेंटीमीटर घट गयी।

### सावन में शिव मन्दिर बंद होने पर हिंदू महासभा ने किया हंगामा

**फर्रुखाबाद।** सावन में शिव मन्दिर बंद होने पर हिंदू महासभा ने किया हंगामा,पूजा शुरू होते ही हिंदू नेता लौटे सावन के महीनें में शिव मंदिर में ताला पड़े होनें की सूचना पर हिन्दू महासभा के पदाधिकारी आ धमके और उन्होंने मंदिर को खोले जानें की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन किया । बाद में मन्दिर में पूजा होने पर मामला शांत हुआ। कादरी गेट थाना क्षेत्र के बढ़पुर में फतेहगढ़ निवासी अखिलेश गंगवार का शिव मन्दिर है जिसमे फतेहगढ़-फर्रुखाबाद मार्ग पर मुख्य दरवाजा है। सावन के महीने पर मन्दिर पर ताला लगा होने की खबर हिन्दू महासभा को हुई तो युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक आदि नेता मौके पर पंहुचे और मन्दिर के बाहर ताला खुलबानें को लेकर हंगामा शुरू कर दिया।

### नई लांचिंग के साथ रिपोर्ट प्रकाशित

**लखनऊ।** पिछले हफ्ते नथिंग ने फोन 2 का लॉन्च किया, जिसे कम्युनिटी, मीडिया और नथिंग ड्रॉप्स में उपस्थित लोगों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। यूज़र्स अब नथिंग ओएस के लिए नथिंग आइकन पैक साथ अपने फोन के लुक को पूरा कर सकते हैं। इसके न्यूनतमए मोनोक्रोम लुक को फोन पर बातचीत के दौरान कम ध्यान भटकाने वाला और अधिक इंटेंशनल बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट हाल ही में प्रकाशित हुई है।

### तिहरे हत्याकांड में दो सगे भाइयों समेत सात को उम्रकैद

**हमीरपुर।** जिले में दस वर्ष पूर्व पुरानी रंजिश के चलते चार बाइक सवारों के ऊपर असलहों से की गई ताबड़तोड़ फायरिंग में तीन लोगों की मौके पर हुई मृत्यु के मामले में मंगलवार को एफटीसी न्यायालय दिवतीय सुदेश कुमार की अदालत ने मामले में आरोपित नौ में सात लोगों को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 49 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। वहीं मुकदमा के दौरान दो लोगों की मृत्यु हो चुकी है। सहायक शासकीय अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि गांव के दिनेश कुमार रामकिशोर, राजकिशोर व रामा पांचाल चारों लोग दो बाइकों से 8 अप्रैल 2013 को कस्वा राठ से वापस अपने गांव सरगांव आ रहे थे। तभी रास्ते में रोककर गांव निवासी धरम सिंह, त्रिलोक सिंह, अमर सिंह पुत्रगण गनपत सिंह गनपत सिंह पुत्र हनुमत शत्रुघ्न सिंह पुत्र हरनाथ मुनीम सिंह व राघवेंद्र सिंह पुत्र गिरेंद्र सिंह जितवार सिंह पुत्र भारत सिंह हंसराज अहिरवार पुत्र पलकी अहिरवार ने घेरकर असलहों से चारों पर फायरिंग कर दी।

# जिला बार संघ के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव के लिए कल होगा मतदान

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**जिला** बार संघ के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में अब महज चौबीस घंटे का समय बचा है। ऐसी स्थिति में प्रत्याशी पूरी ताकत से अधिवक्ताओं से संपर्क करने में जुटे हुये हैं। वैसे अध्यक्ष व महासचिव पद के लिये तीन-तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हैं तो वहीं कोषाध्यक्ष, कलेक्ट्रेट प्रभारी व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दो-दो प्रत्याशी होने की वजह से मुकाबला आमने-सामने का है। ऐसी स्थिति में 27 जुलाई को शाम 5 बजे तक मतदान होगा उसके बाद मतगणना शुरू होगी। जिला बार संघ का चुनाव बड़ा ही रोचक चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसी स्थिति में अधिवक्ता साथी विभिन्न पदों के प्रत्याशियों का चयन बड़ी ही सूझबूझ के साथ करते हैं। यही कारण है कि यह चुनाव सबसे अलग तरह का रहता है। जिला बार संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिये गिरीश श्रीवास्तव, सुधीर मिश्रा व राजेश सक्सेना चुनाव मैदान में डटे हुये हैं। महासचिव पद पर कृष्णकांत शर्मा, आलोक दीक्षित व ज्ञानेंद्र राजपूत भी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर संजीव तिवारी व इंद्रपाल राजपूत, कलेक्ट्रेट उपाध्यक्ष पद पर इंद्रजीत सिंह आईजे व रामप्रकाश पाल आमने-सामने की लड़ाई लड़ते दिखायी दे रहे हैं। वहीं कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर ध्रुवप्रताप सिंह व सौरभ सोनी ने चुनाव को रोचक दौर में पहुंचा दिया है।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बनाये गये रोहित गोयल

**फर्रुखाबाद।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक रोहित गोयल के प्रतिष्ठान चौक पर हुई। जिसमें कन्नौज से पधारे कन्नौज जिला अध्यक्ष एवं कानपुर मंडल प्रभारी अनिल गुप्ता के फर्रुखाबाद प्रवास पर बैठक में प्रदेश के पदाधिकारियों की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के दिशा निर्देश पर की जिसमें संजय गर्ग को प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किया गया रोहित गोयल को पुन: जिला अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया।

# हुसैनी सदाओं के बीच ताज़ियों का हुआ मिलाप, उमड़ा जनसैलाब

**फतेहपुर।** मोहर्रम की पांच तारीख की रात व छह मोहर्रम को दिन में उठाये गये आधा दर्जन ताजियों ने अपने निर्धारित मार्गों पर गश्त किया। दोनों ही दिनों के ताजिया जुलूस में बड़ी संख्या में पुरूष एवं महिलाओं की भीड़ उमड़ी। या हुसैन की सदाओं के बीच बाकरगंज चौराहे पर निर्धारित समय पर सभी ताजियों का मिलाप हुआ। जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए भारी पुलिस बल आगे-पीछे मुस्तैद रहा। दोनों दिनों के ताजियों पर अकीदतमंदों ने जमकर मुरादे पूरी होने पर चढ़ावा चढ़ाया। इसके अलावा नई मन्नत मानने वालों ने भी ताजियों पर फूल चढ़ाकर शहीदान-ए-कर्बला को श्रद्धांजलि अर्पित की। मोहर्रम की पांच तारीख की रात को महारथी, मसवानी, आबूनगर व खेलदार से आधा दर्जन ताजियों का जुलूस अपने-अपने इमामबाड़ों से अकीदतमंदों की भारी भीड़ के साथ उठाया गया।

# पेज एक का शेष

## इंडिया अब...

कुछ और है। भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी ने प्रधानमंत्री के हवाले से कहा कि जो लोग देश को तोड़ना चाहते हैं, उनके पास भी ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन मुजाहिदीन जैसे नाम हैं, लेकिन लोग इन हथकंडों से गुमराह नहीं होंगे। भाजपा द्वारा विपक्षी दलों पर संसद की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाए जाने पर मोदी ने कहा कि वे अधिक गैर जिम्मेदार हो गए हैं और इससे सत्तारूढ़ दल के लिए अधिक जिम्मेदारी से व्यवहार करना अनिवार्य हो गया है। विपक्ष मांग कर रहा है कि मोदी संसद में चर्चा से पहले मणिपुर मुद्दे पर बयान दें। भाजपा ने जोर देकर कहा है कि वह चर्चा के लिए तैयार है और गृह मंत्री अमित शाह इसका जवाब देंगे। जोशी के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भी सोचती है, भारत के लोग भी सोचते हैं कि यह शुरुआत है। इसलिए दुनिया भी इस सरकार के साथ, इस नेतृत्व के साथ आगे बढना चाहती है। इसलिए बहुत महत्वपूर्ण समझौते हुए है। विश्व में भारत की मान्यता बहुत बढ़ रही है। भारत के लिए प्रशंसनीय बात है कि दुनिया हमारे ऊपर विश्वास कर रही है। जोशी के अनुसार, मोदी ने कहा कि आजादी की 75 वीं वर्षगांठ में देश बदल चुका है, क्योंकि 2014 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने जब सत्ता संभाली थी तब भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में 10वें नंबर पर थी और दूसरे कार्यकाल में यह पांचवें स्थान पर पहुंची है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारतीय अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर पहुंचेगी। जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने राजग की स्थापना के 25वें वर्ष का उल्लेख किया और कहा कि यह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की विरासत है। उनके मुताबिक मोदी ने इस वर्ष का जश्न मनाने को कहते हुए सांसदों से आह्वान किया कि इस संदर्भ में मुलाकात और बैठकों का सिलसिला आरंभ करें और विचारों का आदान-प्रदान करें। जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों से 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान चलाने और हर विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया है।

## विपक्षी एकता...

मणिपुर पर मरहम लगाने और हर महिला एवं बच्चे के आंसू पोंछने में मदद करेंगे। हम राज्य के सभी लोगों के जीवन में प्यार और शांति वापस लाएंगे। हम मणिपुर में भारत की अवधारणा का पुनर्निर्माण करेंगे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा कि यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री 26 दलों वाले गठबंधन इंडिया से बहुत परेशान हैं। वह न केवल लगभग मृतप्राय राजग में नई जान फूंकने की कोशिश कर रहे हैं, बल्कि आज सुबह अपने बयान के माध्यम से उन्होंने एनडीए को एक नया अर्थ नेशनल डिफेमेशन अलायंस (राष्ट्रीय मानहानि गठबंधन) दिया है। उन्होंने दावा किया, जब प्रधानमंत्री किसी मुद्दे पर घिर जाते हैं तो वह हर समय इनकार करने, ध्यान भटकाने, तोड़ने-मरोड़ने और बदनाम करने का काम करते हैं। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने ट्वीट किया कि मोदी जी, आप कांग्रेस विरोध में इतने अंधे हो गए कि इंडिया से ही नफरत करने लग गए। सुना है आज कुंठा में आकर आपने इंडिया पर ही हमला बोल दिया।

## सरकार व...

अपील की। शाह ने लोकसभा में कहा कि सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। वह इस मुद्दे पर बहस करने के लिए तैयार हैं। शाह ने लोकसभा में कहा कि मैंने दोनों सदनों में विपक्ष के नेताओं को लिखा है कि सरकार मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार है और उनसे इस संवेदनशील मामले पर चर्चा के लिए अनुकूल माहौल बनाने का आग्रह किया है। भारी नारेबाजी के बीच उन्होंने कहा कि जनता आपको देख रही है। हम कुछ छिपाना नहीं चाहते हैं। शाह के बयान के तुरंत बाद स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया। उधर, राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच दूसरे दिन भी तकरार जारी रही। सदन के नेता पीयूष गोयल और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच मणिपुर जातीय संघर्ष पर बहस को लेकर तीखी नोकझोंक भी हुई। हंगामे और विपक्षी सदस्यों की अनुपस्थिति के बीच उच्च सदन में दोपहर के भोजन के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा लाए गए संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक, 2022 पारित कर दिया गया। विपक्ष की ओर से खड़गे मणिपुर पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति की मांग कर रहे थे। इस दौरान नेतता सदन पीयूष गोयल ने राजस्थान, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ जैसे विपक्ष शासित राज्यों में महिलाओं पर अत्याचार का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पर भी उच्च सदन में चर्चा होनी चाहिए। उच्च सदन में विपक्ष ने प्रश्नकाल की शुरुआत से ही हंगामा शुरू कर दिया था। जब दोपहर में सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो कांग्रेस और अन्य समान विचारधारा वाले दलों के सदस्यों ने मणिपुर, मणिपुर के नारे लगाने शुरू कर दिए। खड़गे ने कहा कि 50 से अधिक सदस्यों ने नियम 267 के तहत मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए नोटिस दिया है, लेकिन सरकार तैयार नहीं है। गोयल ने उन पर पलटवार करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। खड़गे ने सदन में पीएम मोदी की गैरमौजूदगी पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जब इतने सारे लोग इस बारे में बात करना चाहते हैं, तो प्रधानमंत्री बात करने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं? पीएम मोदी यहां आकर स्थिति क्यों नहीं समझाते? बाहर वह ईस्ट इंडिया कंपनी के बारे में बात करते हैं, लेकिन सदन में मणिपुर के बारे में बोलने के लिए तैयार नहीं हैं। गोयल ने खड़गे की टिप्पणी पर आपत्ति जताई और विपक्ष पर सदन को बाधित करने और इतने संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा नहीं होने देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम महिलाओं के खिलाफ अत्याचारों को उजागर करना चाहते हैं। हम मणिपुर, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जो हो रहा है, उस पर बात करना चाहते हैं। हम देश में जो हो रहा है, उससे चिंतित हैं। हम चाहते हैं कि राज्य सरकारें जवाबदेह बनें।

## हरियाणा के...

दिया। उन्होंने माना कि अभियोजन पक्ष इन आरोपों को साबित करने में असफल रहा कि आपराधिक साजिश के तहत ऐसी परिस्थितियां पैदा की गई जिसके कारण शर्मा के पास आत्महत्या करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। शर्मा पहले कांडा की एमएलडीआर विमानन कंपनी में कार्यरत थीं। वह पांच अगस्त 2012 को उत्तर-पश्चिम दिल्ली के अशोक विहार स्थित अपने आवास पर मृत मिली थीं। शर्मा ने चार अगस्त 2012 को लिखे अपने सुसाइड नोट में कहा था कि वह कांडा और चड्ढा द्वारा उत्पीड़न किए जाने के कारण आत्महत्या कर रही हैं। न्यायाधीश ने 189 पन्नों के फैसले में कहा कि भले ही अभियोजन पक्ष के गवाह यह बयान देकर पर्दा डालने की कोशिश कर रहे थे कि शर्मा ने तीन अगस्त, 2012 की रात मुंबई हवाई अड्डे पर बिताई थी, लेकिन इस बात की प्रबल संभावना थी कि वह किसी अन्य व्यक्ति के साथ मुंबई में रुकी थी, जिसके साथ उसके शारीरिक संबंध थे। न्यायाधीश ने कहा कि शर्मा की मौत से पहले उसके किसी तरह के शारीरिक संबंध होने की बात उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पुष्ट होती है। न्यायाधीश ने कहा, इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि चड्ढा और कांडा ने क्रमशः तीन और चार अगस्त, 2012 को टेलीफोन पर बातचीत में शर्मा की मां के समक्ष परिवार के शुभचिंतक होने या ईर्ष्यावश इस तथ्य का खुलासा किया जिसके कारण चार अगस्त, 2012 को मुंबई से लौटने पर शर्मा और उसकी मां के बीच झगड़ा हुआ और उसके बाद गीतिका शर्मा ने आत्महत्या कर ली। न्यायाधीश ने फैसले में कहा कि शर्मा ने सुसाइड नोट में अफसोस जताया कि उसने आरोपियों पर भरोसा करके अपने जीवन की एक बड़ी गलती की है, यह आरोपी व्यक्तियों द्वारा उसके गर्भपात और तीन अगस्त, 2012 को मुंबई में रुकने के बारे में जानकारी साझा करके उसके विश्वास को तोड़ने के संदर्भ में हो सकता है। अदालत ने कहा कि शर्मा के कॉल डिटेल रिकॉर्ड के अनुसार,चार अगस्त 2012 को उसके मोबाइल नंबर लगभग छह फोन किए गए थे जिनमें से तीन फोन उसके भाई अंकित के थे और जांच अधिकारी (आईओ) द्वारा शेष तीन कॉल के संबंध में कोई जांच नहीं की गई थी।फैसले में कहा गया, जांच अधिकारी के लिए उन तीन फोन की जांच जरूरी थी, जिनमें से दो फोन एक ही मोबाइल नंबर पर किए गए और उनकी अवधि क्रमश: 192 और 155 सेकंड थी, जिसे चार अगस्त 2012 को गीतिका शर्मा ने उठाया था। ए फोन मौत से पहले किए गए थे और शर्मा की आत्महत्या पर कुछ प्रकाश डाल सकते थे।

## द्विपक्षीय संबंधों...

में वांग ने कहा कि दोनों देशों को आपसी रणनीतिक विश्वास बढ़ाना चाहिए, आम सहमति एवं सहयोग पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, बाधाओं को दूर करना चाहिए और द्विपक्षीय संबंधों को जल्द से जल्द मजबूत तथा स्थिर विकास के रास्ते पर ले जाना चाहिए। शिन्हुआ के अनुसार, वांग ने जोर देकर कहा कि चीन कभी आधिपत्य स्थापित करने का प्रयास नहीं करेगा और वह बहुपक्षवाद एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लोकतंत्रीकरण का समर्थन करने तथा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के अधिक न्यायसंगत विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत सहित अन्य विकासशील देशों के साथ काम करने को तैयार है। इससे पहले, डोभाल ने सोमवार को फ्रेंड्स ऑफ ब्रिक्स की बैठक में साइबर सुरक्षा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। एनएसए ने ब्रिक्स और फ्रेंड्स ऑफ ब्रिक्स समूह के देशों के अपने समकक्षों के साथ कई द्विपक्षीय चर्चाएं भी कीं। दक्षिण अफ्रीका अगले महीने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। ब्रिक्स देशों में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

## चीन ने...

विदेश मंत्री का पद सीपीसी के विदेश मामलों के आयोग के निदेशक से काफी नीचे है। वांग को सीपीसी के उच्च राजनीतिक पद, स्टेट काउंसलर के पद पर भी पदोन्नत किया गया था। छिन के जनता की नजरों से ओझल रहने और बैठकों से दूर रहने के कारण कयास लगाए जाने लगे कि वह स्वस्थ नहीं हैं। बाद में भ्रष्टाचार के मामलों में शामिल होने के अलावा हांगकांग के फोनिक्स टीवी में कार्यरत एक चीनी पत्रकार के साथ उनके कथित संबंध की अफवाहें भी फैलीं। चीनी विदेश मंत्रालय छिन की अनुपस्थिति और वह कहां हैं, इस बारे में पत्रकारों के सवालों को लगातार टालता रहा। सोमवार को बीजिंग में कई तरह के कयास लगाए जाने लगे, जब यह घोषणा की गई कि चीन की संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) की स्थाई समिति एक अधिकारी को नियुक्त करने और हटाने के लिए मंगलवार को आपातकालीन सत्र आयोजित करेगी। मंगलवार को एनपीसी सत्र की घोषणा राष्ट्रपति शी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद हुई। छिन को पद से हटाए जाने को शी के लिए एक बड़ा झटका और शर्मिंदगी का सबब माना जा रहा है, जो सीपीसी संस्थापक माओत्से तुंग के बाद सबसे शक्तिशाली नेता के रूप में उभरे हैं।

## दिल्ली जलबोर्ड...

सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा द्वारा दाखिल एफआईआर पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान जांच एजेंसी ने कुछ दस्तावेज और रिकॉर्ड जब्त किए हैं। बताया जाता है कि ईडी की जांच डीजेबी से 20 करोड़ रुपये के कथित गबन मामले में दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार रोधी शाखा (एसीबी) द्वारा नवंबर 2022 में दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है।

## मानकों पर...

केंद्र और राज्य के औषधि निरीक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया जाएगा और इसके साथ जैव-समतुल्यता अध्ययन का परिणाम प्रस्तुत करना होगा। पवार ने कहा कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 में संशोधन के बाद से यह अनिवार्य किया गया है कि आवेदक प्राधिकरण द्वारा विनिर्माण लाइसेंस देने से पहले राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण को स्थिरता, सहायक पदार्थों की सुरक्षा आदि का प्रमाण प्रस्तुत करेंगे, उन्होंने कहा कि सीडीएससीओ राज्य औषधि नियंत्रण संगठनों की गतिविधियों का समन्वय करता है और औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के प्रशासन में एकरूपता के लिए राज्य औषधि नियंत्रकों के साथ आयोजित औषधि सलाहकार समिति (डीसीसी) की बैठकों के माध्यम से विशेषज्ञ सलाह प्रदान करता है। ज्ञात रहे कि देश में दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर नियामक नियंत्रण संबंधित राज्य सरकारों द्वारा नियुक्त राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरणों (एसएलए) द्वारा लाइसेंसिंग और निरीक्षण की प्रणाली के माध्यम से किया जाता है।

# एतिहासिक स्थल पर बमबारी से भड़का यूक्रेन

## ओडेसा शहर में स्थित है स्थल, रूस पर लोगों में आक्रोश बढ़ा

**भाषा।** ओडेसा (यूक्रेन)

ततानिया ख्लापोवा के हाथ उस समय कांप उठे जब वह रूसी बमबारी में क्षतिग्रस्त हुए ओडेसा के ऐतहासिक कैथेड्रल का वीडियो रिकॉर्ड कर रही थीं और (बर्बादी देखकर) उनके मुंह से अपने मूल स्थान रूस के लिए केवल बददुआएं निकली। ख्लापोवा का पालन पोषण यूक्रेन में हुआ और उनका हमेशा से समुद्र के किनारे बसे शहर में निवास करने का सपना था और उन्होंने कभी युद्ध शरणार्थी बनने का नहीं सोचा था। महज एक सप्ताह के भीतर रूस ने ओडेसा इलाके में दर्जनों मिसाइलें दागी हैं जिनमें से एक ने ऐतिहासिक और यूक्रेन एवं रूस की संस्कृति के प्रतीक कैथेड्रल को क्षतिग्रस्त कर दिया है। यूक्रेन में 40 वर्षों से रह रहीं 50 वर्षीय ख्लापोवा ने कहा, मैं खारकीव की शरणार्थी हूं। मैं नारकीय स्थान से यूक्रेन के मोती के नाम से चर्चित ओडेसा आई थी। उन्होंने कहा कि यहां हम किसी भी शहर में एक सेकंड के लिए भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी क्षण, आप पर हमला किया जा सकता है और आपके शरीर चिथड़ों में तब्दील हो सकता है। रूस से 1991 में यूक्रेन के आजाद होने के बाद से ओडेसा अपने लंबे, संघर्षपूर्ण इतिहास और अपनी सीमाओं को लेकर चर्चा में रहा है। ओडेसा का नाम रूस की कुछ सबसे प्रतिष्ठित हस्तियों से जुड़ा हुआ है, जिनमें कैथरीन महान, लेखक लियो टॉलस्टाय और कवि अन्ना अख्मातोवा शामिल हैं। ओडेसा की आधारभूत संरचना को रूस लगातार निशाना बना रहा है। पिछले सप्ताह किए गए हमले में पहली बार शहर के ऐतिहासिक हिस्से को निशाना बनाया गया। ओडेसा के महापौर हेन्नादी तुर्कनोव ने रविवार को कैथेड्रल पर हमले के बाद रूस को संबोधित करते हुए आक्रोशित वीडियो संदेश जारी किया। वीडियो में दिख रहा है कि राहत कर्मी सतर्कता के साथ मलबे से कलाकृतियों को हटा रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर आप जानते हैं कि ओडेसा आपसे नफरत करता है तो बता दूं कि यह केवल नफरत नहीं करता बल्कि घृणा करता है। आप छोटे बच्चों, ऑर्थोडॉक्स चर्च से लड़ रहे हैं। आपके रॉकेट यहां तक कब्रगाहों पर गिर रहे हैं। तुर्कनोव ने कहा, आप हम ओडेसावासियों को नहीं जानते हैं। आप हमें तोड़ नहीं सकते बस आक्रोशित कर सकते हैं।



### रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी परमाणु संयंत्र के आसपास बारूदी सुरंगें बिछाई गईं : आईएईए

**कीव।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था आईएईए ने कहा है कि यूक्रेन में रूस के कब्जे वाले जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र में उसके कर्मचारियों ने संयंत्र के चारों ओर बारूदी सुरंग होने की सूचना दी है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रोसी ने सोमवार को एक बयान में कहा, संयंत्र के आसपास ऐसे विस्फोटकों का होना आईएईए के सुरक्षा मानकों और परमाणु सुरक्षा परामर्श के प्रतिकूल है तथा संयंत्र के कर्मचारियों पर अतिरिक्त मनोवैज्ञानिक दबाव बनाता है। बयान में कहा गया है कि परिसर के भीतरी और बाह्य हिस्से में बारूदी सुरंगों में विस्फोट से संयंत्र की परमाणु सुरक्षा और सुरक्षा प्रणालियां प्रभावित नहीं होनी चाहिए। आईएईए ने संभावित परमाणु आपदा की आशंकाओं के बीच, इस संयंत्र के बारे में बार-बार चिंता व्यक्त की है, जो दुनिया के 10 सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में से एक है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के अधिकारी संयंत्र में तैनात हैं। संयंत्र का परिचालन यूक्रेन के कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। यूक्रेन में रूस ने हमले के बाद इस संयंत्र पर कब्जा कर लिया था। संयंत्र के छह रिएक्टर महीनों से बंद हैं, लेकिन महत्वपूर्ण शीतलन प्रणाली और अन्य सुरक्षा सुविधाओं को संचालित करने के लिए इसे अभी भी बिजली और योग्य कर्मचारियों की आवश्यकता है।

# अमेरिका यूक्रेन को भेज रहा है 40 करोड़ डॉलर तक की सैन्य सहायता: अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन यूक्रेन को 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक की अतिरिक्त सैन्य सहायता भेज रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, इस सैन्य सहायता में हवाई रक्षा प्रणाली के लिए अलग अलग तरह के बम, कुछ निगरानी होर्नेट ड्रोन शामिल हैं। सहायता में हाई मोबिलिटी आर्टिलेरी रॉकेट सिस्टम (एचआईएमएआरएस) और नेशनल एडवांस्ड सर्फेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम (एनएएसएएमएस) की मिसाइलें शामिल हैं। राष्ट्रपति के ड्रॉडाउन (इसके तहत रक्षा विभाग के भंडारण से अन्य देशों को हथियारों की आपूर्ति करने की इजाजत है) अधिकार के तहत यूक्रेन को ए हथियार दिए जा रहे हैं। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि अमेरिका हॉवित्जर तोप के गोले, 32 स्ट्राइकर बख्तरबंद वाहन, मोर्टार, हाईड्रा-70 रॉकेट और छोटे हथियारों के 2.8 करोड़ कारतूस भी भेज रहा है। हॉर्नेट छोटे नैनो-ड्रोन हैं जिनका उपयोग बड़े पैमाने पर खुफिया जानकारी जुटाने के लिए किया जाता है। अन्य पश्चिमी सहयोगियों से यूक्रेन को पहले भी ए ड्रोन मिले थे। रूस द्वारा फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला करने के बाद अमेरिका अब तक उसे कुल 41 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा की सैन्य सहायता दे चुका है।

### असफल विद्रोह के बाद वैगनर ग्रुप के हजारों लड़ाके बेलारूस पहुंचे: निगरानी समूह

**तल्लिन।** रूस से जुड़े वैगनर ग्रुप के हजारों लड़ाके पिछले महीने हुए असफल विद्रोह के बाद से बेलारूस पहुंचे हैं। पर नजर रखने वाले एक समूह ने सोमवार को यह जानकारी दी। बेलारूस में सैनिकों की गतिविधियों पर निगरानी करने वाले समूह बेलारूसकी हाजुन के अनुसार लगभग 3,450 से लेकर 3,650 लड़ाके यूक्रेन की सीमा से 230 किलोमीटर दूर असीपोविकी के करीब एक शिविर में पहुंचे हैं।पिछले महीने रूस और वैगनर समूह के प्रमुख एवगेनी प्रिगोझिन के बीच समझौता होने के बाद बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने देश में वैगनर लड़ाकों का स्वागत किया।

## क्विक न्यूज

### ब्रिटेन ने भारतीयों के लिए युवा पेशेवर योजना वीजा के लिए दूसरी आवेदन प्रक्रिया शुरू की

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने ब्रिटेन-भारत युवा पेशेवर योजना के तहत स्नातक स्तर की योग्यता वाले 18 से 30 आयुवर्ग के भारतीयों के वास्ते देश के वीजा के लिए अपनी दूसरी आवेदन प्रक्रिया मंगलवार को शुरू की। इस योजना के तहत ब्रिटेन के वीजा के लिए यह आवेदन प्रक्रिया 27 जुलाई को समाप्त होगी। यह पात्र युवा भारतीयों को दो साल तक ब्रिटेन में रहने, काम करने या अध्ययन करने का अवसर प्रदान करती है।नई दिल्ली स्थित ब्रिटिश उच्चायोग ने ट्वीट किया, युवा पेशेवर योजना के लिए दूसरी आवेदन प्रक्रिया (बैलेट) अब शुरू हो गई है। ब्रिटिश उच्चायोग ने कहा, यदि आप स्नातक या स्नातकोत्तर योग्यता वाले 18-30 आयुवर्ग के भारतीय नागरिक है, तो भारत युवा पेशेवर योजना वीजा के लिए आवेदन करने पर विचार करें। वीजा के लिए यह आवेदन प्रक्रिया 27 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे बंद हो जाएगी। योजना के तहत वर्ष 2023 के लिए कुल 3,000 स्थान उपलब्ध है और ब्रिटेन वीजा एवं आव्रजन (यूकेवीआई) ने कहा कि अधिकांश स्थान फरवरी में हुई पहली प्रक्रिया (बैलेट) में दिए गए थे।

### इजराइली सेना ने संवेदनशील वेस्ट बैंक में तीन कथित फलस्तीनी बंदूकधारियों को मार गिराया

**नेबलस (वेस्ट बैंक)।** इजराइली सेना ने कहा कि उसने कब्जे वाले उत्तरी वेस्ट बैंक में तीन कथित फलस्तीनी बंदूकधारियों को गोली मार दी। कई वर्षों से जारी इजराइल-फलस्तीन संघर्ष के सबसे अधिक हिंसाग्रस्त क्षेत्र में इस तरह की यह हालिया घटना है। इजराइल के सुरक्षा बलों ने कहा कि उन्होंने फलस्तीनी उग्रवादियों पर गोलीबारी की जिन्होंने वेस्ट बैंक के नेबलस शहर में एक कार से उन पर गोली चलाई थी। नेबलस प्रांत की वाणिज्यिक राजधानी में हाल के समय में इजराइली सेना की कार्वाई बढ़ी है। गोलीबारी की घटना के तुरंत बाद पास के पर्वतीय अल-तूर में इजराइली सुरक्षा बलों ने गोलियों से छलनी एक कार का मुआयना किया। फलस्तीन की मीडिया ने बंदूकधारियों की हत्या की घटना को नेबलस के पास स्थित यहूदी बस्ती के निकट इजराइली सुरक्षा बलों पर उग्रवादियों के हमले के प्रयास के बाद घात लगाकर किया गया।

## नेपाल में अवैध कारतूस के साथ भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल में** सोमवार को 22 वर्षीय एक भारतीय नागरिक को कथित रूप से अवैध कारतूस रखने को लेकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।नेपाल पुलिस समाचार बुलेटिन के मुताबिक, बिहार के रहने वाले मुरारी कुमार को 19 कारतूस रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, सुरक्षा जांच के दौरान उसके थैले से कारतूस बरामद होने पर वह वहां से भाग गया था।पुलिस ने बताया कि बाद में पुलिसकर्मियों के एक संयुक्त दल ने उसे (मुरारी को)

**PUBLIC NOTICE**

I, Namita Rawat W/o. Late Shri. Surat Singh Rawat R/o. House no. 3087, Sector-23, Gurgaon. I Declare that my husband Shri. Surat Singh Rawat Expired on 24.04.2021.
He left behind the following legal heirs:
A. SMT. KAMLA RAWAT [Mother]
B. SMT. NAMITA RAWAT [Wife]
C. MISS. VANSHITA RAWAT [Daughter]
There are no other legal heirs of my husband, except the above mentioned legal heirs.
If anyone is having any objections regarding this, then he/she can raise objections within 30 days from the date of the publication in the office of Tehsildar, Gurgaon, Haryana.

**PUBLIC NOTICE**

LAND ADMEASURING 11.755 ACRES SITUATED IN VILLAGE GADAULI KALAN TEHSIL AND DISTRICT GURUGRAM, HARYANA, HB NO. 48 SECTOR 37D (Khewat 3-7-0, Khasra No. 131 (2.094 Acres), Khewat 3-8-0 Khasra No. 136 (2.125 Acres), Khewat 6-9-6 Khasra 137(3-7-0), 138 (2-15-0), 141/2(0-7-6) (4.041 Acres), Khewat 0-3-0 (47/48 share) Khasra No. 139 (0.092 Acre), Khewat 1-10-3 Khasra No. 129/1/2/2/2 (0.942 Acre), Khewat No. 1-18-13 Khasra No. 129/2/2 (1.208 Acres), Khewat No. 4-5-0 (481/1020 share) Khasra No. 130 (1.253 Acres) [hereafter 'LAND']

Be it known to all that M/s SignatureGlobal Business Park Private Limited (CIN-U70109DL2019PTC346164) are the owners the Land who has represented that Land is free from all sorts of encumbrances (registered or un-registered) including but not limited to sale, gift, mortgage, charge, lien, claims, disputes etc. Any other person(s) having any claim against, into or upon the Land or any part thereof by virtue of sale, inheritance, agreement, contract, mortgage, lien, charge etc. or otherwise howsoever and of whatsoever nature is hereby required to notify the same in writing along with supporting documentary evidence to the undersigned within 15 (fifteen) days, from the date of publication of this notice, failing which any claim and/or objection, if any, shall be considered as waived and abandoned and shall not be binding upon the above owners of the land.

**Chambers of Soham Kumar**
E-4, 2nd floor, Defence Colony,
New Delhi – 110024
Email: info@chambersofsohamkumar.com;
Tel: +91 124 466279.

# अमेरिकी पनडुब्बी के दक्षिण कोरिया पहुंचने के बाद उत्तर कोरिया ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**भाषा।** सियोल




**दक्षिण** कोरियाई सेना ने कहा कि उत्तर कोरिया ने हथियारों के परीक्षण में बढ़ोतरी करते हुए अपने पूर्वी समुद्र में कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है, जो स्पष्ट रूप से अमेरिका द्वारा ताकत दिखाने के लिए दक्षिण कोरिया में पनडुब्बी भेजने के विरोध में है।दक्षिण कोरियाई सेना के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने मंगलवार को तुरंत यह नहीं बताया कि मिसाइल को कहां से दागा गया और यह कितनी दूर तक गई।दक्षिण कोरियाई नौसेना ने बताया कि परमाणु चालित अमेरिकी पनडुब्बी यूएसएस अन्नापोलिस के जेजू द्वीप बंदरगाह पर पहुंचने के कुछ घंटों बाद ही उत्तर कोरिया ने मिसाइल दागी। यूएसएस अन्नापोलिस के पहुंचने से उत्तर कोरियाई परमाणु खतरों का मुकाबला करने के लिए सहयोगियों के शक्ति प्रदर्शन में वृद्धि हुई है।

# भारत और मालदीव ने आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की

**भाषा।** माले

**भारत और** मालदीव ने सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के सभी स्वरूपों की कड़े शब्दों में निंदा की। साथ ही दोनों देशों ने रणनीतिक रूप से अहम हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने के लिए आतंकवाद रोधी सहयोग को एक अहम कदम करार दिया। भारत और मालदीव के बीच सोमवार को आव्रजन पर एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर भी हुए। विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि आतंकवाद-रोधी, हिंसक उग्रवाद का मुकाबला और कट्टरपंथ पर लगाम लगाने जैसे मुद्दों पर संयुक्त कार्यकारी समूह की दूसरी बैठक यहां सौहार्दपूर्ण और रचनात्मक माहौल में हुई।

### सिंगापुर में भारत के नए उच्चायुक्त डॉ. अंबुले ने सिंगापुर की राष्ट्रपति से मुलाकात की

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारत के नए उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने मंगलवार को द इस्ताना (राष्ट्रपति भवन) में राष्ट्रपति हलीमा याकूब से मुलाकात करके उन्हें अपना परिचय पत्र सौंपा। डॉ. शिल्पक अंबुले (46) ने 23 जुलाई से ही सिंगापुर में भारतीय उच्चायुक्त के रूप में काम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने पी कुमारन का स्थान लिया है, जिन्हें इस सप्ताह दिल्ली बुला लिया गया था। भारतीय उच्चायोग की वेबसाइट के मुताबिक डॉ. अंबुले ने पुणे के बी जे मेडिकल कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई की है।

**PUBLIC NOTICE**

OFFICE OF THE CITY MAGISTRATE/MARRIAGE OFFICER GAUTAMBUDH NAGAR
NO1881/ST-CM (Marriage Registration/2023 Date:19 July, 2023



**NOTICE** A notice of intended marriage has been received from Mr. Reuben Benjamin Williams S/o Late Mr. Benjamin Onesimus Williams R/o 2/266/3488, Tagore Nagar Vikhroli East, Mumbai-400083 Presently Residing at A-3/1602, Cleo County, Sector-121, Noida Distt. Gautam Budh Nagar (U.P.) and Ms. Navya Sikka D/O Mr. Prithipal Sikka R/o 1982, ATS Village, Sector-93A, Noida Distt. Gautam Budh Nagar (U.P.) in the office of the undersigned, any person interested therein, may file objections to it on any day upto 17-08-2023 in the office of the undersigned.

Deputy Collector/
I/C City Magistrate/ Marriage Officer
Noida Gautam Budh Nagar

## जापान के प्रसिद्ध लेखक सीची मोरिमुरा का 90 वर्ष की आयु में निधन

**तोक्यो।** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापानी सेना की एक गोपनीय ईकाई द्वारा लोगों पर किए गए चिकित्सा परीक्षणों का अपनी किताब दी डेविल्स ग्लूटोनी में खुलासा करने वाले मशहूर जापानी लेखक सीची मोरिमुरा का सोमवार को निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। मोरिमुरा की आधिकारिक वेबसाइट और प्रकाशक कादोकावा के अनुसार तोक्यो के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। वह निमोनिया से पीड़ित थे।

## देशभक्ति को समर्पित कमांडो प्रेम डिज्नी पर

**मुंबई।** यह वीरता, राष्ट्र के लिये देशभक्ति, बेमिसाल ऐक्शन और हमारे हीरो, हमारे 'कमांडो' की कहानी है। बेहतरीन क्रिएटर और डायरेक्टर विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्देशित और विपुल अमृतलाल शाह एवं सनशाइन पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित 'कमांडो' में प्रतिभाशाली नवोदित अभिनेता प्रेम लीड रोल निभा रहे हैं। डिज्नी, हॉटस्टार की इस अपकमिंग ऐक्शन-थ्रिलर सीरीज में बेहद जुनूनी और प्रतिभाशाली अदा शर्मा, वैभव तत्वावाड़ी, श्रेया सिंह चौधरी, अमित तिंग्मांशु धूलिया, सियाल, मुकेश छाबड़ा और इश्तियाक खान भी प्रमुख भूमिकायें निभा रहे हैं। प्रोड्यूसर, क्रिएटर और डायरेक्टर विपुल अमृतलाल शाह ने कहा, कमांडो एक दूरदर्शी नायक और बहादुरी, देशभक्ति एवं भाईचारे के उसके सफर की कहानी है। यह ऐक्शन से भरपूर एक ड्रामा है, जो निश्चित रूप से दर्शकों को आकर्षित करेगी। प्रेम को एक अल्टीमेट कमांडो की भूमिका में शामिल करना हमारे लिए एक बेमिसाल सफर था। वह बेहद प्रतिभाशाली हैं और इस भूमिका में आसानी से फिट हो गया। इसके अलावा, डिज्नी,हॉटस्टार के साथ फिर से जुड़ना एक बेहतरीन अनुभव रहा।

## दक्षिण कोरियाई अदालत ने अपदस्थ मंत्री पर अभियोग रद्द किया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की संवैधानिक अदालत ने भीड़ हादसे को लेकर अपदस्थ पूर्व जन सुरक्षा मंत्री पर चलाए गए अभियोग को मंगलवार को रद्द कर दिया। ली सांग-मिन को पिछले साल अक्टूबर में सियोल में एक हैलोवीन पार्टी के दौरान भगदड़ मचने और उसमें लगभग 160 लोगों की मौत होने की घटना के बाद मंत्री पद गंवाना पड़ा था। संवैधानिक अदालत के फैसले के बाद आंतरिक और जन सुरक्षा मंत्री पद पर सांग-मिन की वापसी का रास्ता साफ हो गया है।

## सेनेगल में नौका डूबने से कम से कम 17 लोगों की मौत

**डैकर।** पश्चिमी अफ्रीकी देश सेनेगल की राजधानी में एक नौका पलटने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। डैकर के औकम क्षेत्र की मेयर एनदेए टॉप गुए के मुताबिक, नौसेना ने सोमवार तड़के लोगों के शव बरामद किए। वॉकिंग बॉर्डर्स नामक स्पेन के एक सहायता समूह के मुताबिक, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है कि नौका पर सवार लोगों की राष्ट्रीयता क्या थी और वे कहां जा रहे थे।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने राष्ट्रीय सुलह कार्यक्रम पर बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सुलह कार्यक्रम का मकसद देश में अल्पसंख्यक तमिलों से संबंधित जटिल मुद्दे का समाधान करना है। राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि विक्रमसिंघे राष्ट्रपति सचिवालय में 26 जुलाई को सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे जहां नेताओं को राष्ट्रीय सुलह कार्यक्रम के बारे में सूचित किया जाएगा।

# अल्जीरिया के जंगल में लगी आग, 10 सैनिकों सहित 25 लोगों की मौत

**भाषा।** अल्जीयर्स

**अल्जीरिया के** जंगलों में लगी आग में 25 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में आग बुझाने की कोशिश कर रहे 10 सैनिक भी शामिल हैं, जो तेज हवाओं और प्रचंड गर्मी के बीच आग की लपटों को नियंत्रित करने में जुटे थे। आंतरिक मंत्रालय ने सोमवार को कोई विस्तृत जानकारी दिए बगैर कहा कि कम से कम ।,500 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। आंतरिक मंत्रालय ने जंगल में आग लगने से 15 लोगों की मौत होने और 24 अन्य के घायल होने की पुष्टि की। बाद में रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की कि राजधानी अल्जीयर्स के बेनी कसीला पूर्व के रिजॉर्ट क्षेत्र में आग बुझाने के प्रयास मेंजुटे 10 सैनिकों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हो गए। यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि लोगों की मौत कब हुई, लेकिन जंगलों में आग कई दिनों से लगी हुई है। आंतरिक मंत्रालय ने बताया कि तेज हवाओं से जंगल में आग भड़क उठी और इसकी लपटें वन क्षेत्र से आगे खेतों की ओर फैलने लगीं। मंत्रालय के मुताबिक, लपटें 16 क्षेत्रों में फैल गईं, जिससे उत्तर अफ्रीकी देश में आग लगने की 97 घटनाएं हुईं। अब तक की सबसे भीषण आग से अल्जीयर्स के पूर्व में स्थित कबीले क्षेत्र के बेजाईया और जीजेल तथा दक्षिण-पूर्व में स्थित बुइरा के कुछ हिस्से बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। आग बुझाने के लिए मौके पर 7,500 दमकलकर्मी और 350 ट्रक मौजूद हैं। साथ ही वायुसेना का भी सहयोग लिया जा रहा है। अल्जीरिया में जंगल में लगने की घटना कोई नई बात नहीं है।

# अंजू बनी फातिमा, इस्लाम कबूल करने के बाद अपने पाकिस्तानी मित्र से शादी की

**भाषा।** पेशावर



**पाकिस्तान आई** दो बच्चों की भारतीय मां अंजू ने इस्लाम धर्म अपनाने के बाद मंगलवार को अपने दोस्त से शादी कर ली और अब उसका नया नाम फातिमा है। अंजू (34) खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अपर दीर जिले में अपने पाकिस्तानी दोस्त नसरुल्ला (29) के घर पर रह रही थी। दोनों 2019 में फेसबुक पर दोस्त बने थे। इस जोड़े ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश की स्थानीय अदालत में शादी रचाई। अपर दीर जिले के मोहर्र सिटी थाने के वरिष्ठ अधिकारी मुहम्मद वहाब ने पीटीआई को बताया, नसरुल्ला और अंजू की शादी आज संपन्न हुई और उसके इस्लाम अपनाने के बाद विधिवत निकाह हुआ। पुलिस अधिकारी ने कहा कि दोनों नसरुल्ला के परिवार के सदस्यों, पुलिस कर्मियों और वकीलों की मौजूदगी में अपर दीर की अदालत में पेश हुए। मलकंद डिवीजन के उप महानिरीक्षक नासिर महमूद सत्ती ने अंजू और नसरुल्ला के निकाह की पुष्टि की और कहा कि इस्लाम अपनाने के बाद भारतीय महिला का नाम फातिमा रखा गया है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, सत्ती ने कहा कि भारतीय महिला को पुलिस सुरक्षा में अदालत से घर भेज दिया गया है। खबर के मुताबिक, दोनों ने बयान दर्ज कराते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मर्जी से निकाह पर हस्ताक्षर किए हैं। भारतीय महिला ने अदालत को बताया कि वह स्वेच्छा से पाकिस्तान आई है और यहां बहुत खुश है। इससे पहले, सोमवार को दोनों कड़ी सुरक्षा के बीच घूमने निकले। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों अपर दीर जिले को चित्राल जिले से जोड़ने वाली लावारी सुरंग गए।

# दोपहर के भोजन में बर्गर और चिप्स बिगाड़ सकते हैं अस्थमा

**भाषा।** न्यूकैसल

**कुछ खाद्य** पदार्थ या आहार पैटर्न आपके अस्थमा के बेहतर नियंत्रण से जुड़े हुए हैं। अन्य इसे बदतर बना सकते हैं। आपने जो खाया है उसके आधार पर, आप घंटों में प्रभाव देख सकते हैं।भोजन इस बात पर असर डाल सकता है कि आपके फेफड़े कितनी अच्छी तरह काम करते हैं, आपको कितनी बार अस्थमा का दौरा पड़ता है और आपका पफ्र कितनी अच्छी तरह काम करता है।यहां हम जानते हैं कि यदि आपको अस्थमा है तो कौन से खाद्य पदार्थ अधिक खाने चाहिए और कौन से कम मात्रा में खाने चाहिए।अस्थमा और प्रदाह : लगभग दस आस्ट्रेलियाई लोगों में से एक (27 लाख लोग) को अस्थमा है। यह इसे ऑस्ट्रेलिया में चौथी सबसे आम दीर्घकालिक (लगातार बनी रहने वाली) बीमारी बनाता है।अस्थमा एक प्रदाह संबंधी बीमारी है। जब कोई व्यक्ति कुछ ट्रिगर्स (जैसे श्वसन वायरस, धूल या व्यायाम) के संपर्क में आता है, तो फेफड़ों तक जाने वाले वायुमार्ग में प्रदाह होता है और यह संकीर्ण हो जाते हैं। इससे उनके लिए सांस लेना मुश्किल हो जाता है, जिसे आमतौर पर अस्थमा अटैक (या तीव्रता) के रूप में जाना जाता है।शोधकर्ता इस बारे में अधिक जागरूक हो रहे हैं कि किसी का आहार उनके अस्थमा के लक्षणों को कैसे प्रभावित कर सकता है, जिसमें यह भी शामिल है कि उन्हें कितनी बार दौरा पड़ता है।फल और सब्जी बेहतर :भूमध्यसागरीय आहार - फलों, सब्जियों और तैलीय मछली से भरपूर आहार - बच्चों में घरघराहट कम करने से जुड़ा है, भले ही उनमें अस्थमा का निदान किया गया हो या नहीं। कुछ, लेकिन सभी नहीं, अध्ययनों में पाया गया कि यह बच्चों के बॉडी-मास इंडेक्स या सामाजिक-आर्थिक स्थिति के असर के बिना था।अस्थमा से पीडि़त वयस्कों के लिए फलों और सब्जियों से भरपूर आहार खाना भी महत्वपूर्ण है। दो अध्ययनों में पाया गया कि जिन वयस्कों को कम फल और सब्जियों वाला आहार खाने का निर्देश दिया गया था (सब्जियों की दो या कम सर्विंग, और प्रतिदिन एक फल की सर्विंग) उनके फेफड़ों की कार्यक्षमता खराब थी और फलों और सब्जियों से भरपूर आहार खाने वालों की तुलना में उनमें अस्थमा का दौरा पड़ने की संभावना दोगुनी थी।

### किडनी फेल, लिवर, कैंसर और हृदय समस्याओं की रिकवरी संभव

**नई दिल्ली।** डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी का मानना है कि पहले से असाध्य माने जाने वाले रोगों से पीड़ित रोगियों को चिकित्सा से रिकवर किया जा सकता है। चिकित्सा पेशेवरों, शोधकर्ताओं और रोगियों की सभा का सीधा प्रसारण किया गया, जो दुनिया भर में लाखों लोगों तक पहुंचा। यह कायक्रम उन रोगियों की सफलता की कहानियों पर केंद्रित था, जिन्होंने असाध्य प्रतीत होने वाली बीमारियों से उल्लेखनीय सुधार का अनुभव किया था। कुछ रोगियों ने स्वास्थ्य के प्रति अपनी यात्रा साझा कीं और अपने असाधारण परिवर्तनों का समर्थन करने वाली अपनी चिकित्सा रिपोर्ट और साक्ष्य पेश किए। बड़ौदा के पारुल अस्पताल में इलाज कराने वाले पठान अब्दुल गफूर ने अपनी स्थिति के कारण 2-3 डायलिसिस सत्र सहने के अपने अनुभव को बताया। हालांकि डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी द्वारा अपनाए गए नवीन उपचार दृष्टिकोण के माध्यम से गफूर के स्वास्थ्य में अप्रत्याशित सुधार हुआ और उन्होंने अपने प्रारंभिक पूर्वानुमान की बाधाओं को खारिज कर दिया। लक्ष्मी की कहानी भी इसी तरह की भावनाओं को प्रदर्शित करती है, क्योंकि अभूतपूर्व उपचार अपनाने से पहले वह उदयपुर के महाराणा भूपाल अस्पताल में 2-3 डायलिसिस सत्र से गुजर चुकी थीं। नई दिल्ली के बीएल कपूर अस्पताल के मरीज विकास गुप्ता ने अपना अनुभव साझा करते हुए आभार व्यक्त किया। डॉ. बिस्वरूप और आचार्य मनीष जी द्वारा शुरू किए गए नवीन उपचार दृष्टिकोण से पहले गुप्ता को इम्यूनोथेरेपी के 10 चक्रों से गुजरना पड़ा था। उल्लेखनीय रूप से विकास गुप्ता की यात्रा किसी भी असुविधा से रहित थी, जो अभूतपूर्व चिकित्सा की प्रभावशीलता और रोगी-केंद्रित प्रकृति का प्रमाण है। बेबी माणिक देशमुख, जिन्हें डिम्बग्रंथि का कैंसर था, अपनी प्रेरक कहानी बताने के लिए जूम कॉल के माध्यम से जुड़ीं। देशमुख ने रायगढ़ के लोढ़ा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में उपचार प्राप्त किया, जहां उन्हें परिवर्तनकारी चिकित्सा दृष्टिकोण से गुजरना पड़ा। अपनी उपचार यात्रा के दौरान, उन्हें किसी भी असुविधा का अनुभव नहीं हुआ, जिसने चुनौतीपूर्ण कैंसर मामलों से निपटने में आचार्य मनीष जी की अभूतपूर्व पद्धति की क्षमता पर प्रकाश डाला। कर्नाटक के बापूजी अस्पताल से शबाना के प्रशंसापत्र से उनके उपचार की सफलता का पता चलता है, जिसमें पहले 2 डायलिसिस सत्र शामिल थे और कैसे आचार्य मनीष जी के उपचार को अपनाने के बाद इस अभूतपूर्व पद्धति ने उनके जीवन को बेहतर बना दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी नेफिश टैंक मॉडल फॉर हार्ट केयर नामक पुस्तक लॉन्च की।

**इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
(पूर्वतः इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड)
सीआईएन : एल10719डीएल1995पीएलसी277176
पंजी. कार्यालय : 288 बेसमेंट एजीसीआर एन्क्लेव ईस्ट दिल्ली, शाहदरा, शाहदरा डीएल 110092 आईएन
फोन : 011–45511351ई–मेल : info@integratedindustries.in

**30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रू. करोड़ में, सिवाय ईपीएस)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत: तिमाही समाप्त 30–06–2023 (अलेखापरीक्षित) | 31–03–2023 (लेखापरीक्षित) | 30–06–2022 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31–03–2023 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 4.00 | 0.04 | - | 5.14 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 0.11 | 0.01 | -0.05 | 4.99 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 0.11 | 0.01 | -0.05 | 4.99 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 0.08 | -3.62 | -0.05 | 1.36 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 0.08 | -3.62 | -0.05 | 1.36 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 4.83 | 4.83 | 4.83 | 4.83 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) | - | - | - | - |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10 प्रत्येक का) (जारी तथा बंद प्रचालनों हेतु) (वार्षिककृत नहीं) मूल (रू. में) तनुकृत (रू. में) | 0.17 | -7.50 | -0.10 | 2.85 |

टिप्पणियां :
1) इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ("कम्पनी") (पूर्वतः इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध) के 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु ये उपरोक्त अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित और अनुशंसित किए गए थे और निदेशक मंडल द्वारा 25 जुलाई, 2023 को सम्पन्न इसकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं। सेबी (सूचीयन दायित्व एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015, यथा संशोधित, के विनियम 33 के निबन्धनों में कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा उनका सीमित पुनरीक्षण किया गया है।
2) इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ("कम्पनी") (पूर्वतः इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध) के 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु ये उपरोक्त अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणाम भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी–एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसा कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के साथ पठित तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015, यथा संशोधित, के विनियम 33 के तहत निर्धारित किया गया है।
3) अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणाम भारतीय लेखांकन मानक ('आईएनडी–एएस')–34 "अंतरिम वित्तीय प्रतिवेदन", कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के साथ पठित कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015, समय समय पर संशोधित में निर्धारित मान्यता और माप सिद्धांतो तथा भारत में सामान्यतः स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए हैं।
4) 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अन्य आय में कम्पनी की अनुषंगी से प्राप्त रू. 0.08 करोड़ की ब्याज आय सम्मिलित है।
5) आईएनडी एएस 108 "प्रचालन खंड" द्वारा अपेक्षितानुसार प्रतिवेदन व्यवसाय/भौगोलिक खंड के संदर्भ में, कम्पनी का प्रचालन मुख्यतः एक व्यवसाय खंड – खाद्य संबंधित आइटम्स में व्यापार है। अतएव आईएनडी एएस 108 के अनुसार कोई प्रतिवेदनीय खंड नहीं है।
6) एमसीए आदेश दिनांकित 25 मई, 2023 के माध्यम से कम्पनी का नाम इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड से बदलकर "इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड" हो गया है और उसको बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को आवेदित किया जा चुका है।
7) कम्पनी ने व्यवसाय की एक नई शाखा आरंभ की है जिसमें खाद्य उत्पादों का विनिर्माण और व्यापार सम्मिलित है तथा इन वित्तीय परिणामों में व्यवसाय की उक्त नई शाखा से आय सम्मिलित है।
8) 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के दौरान कम्पनी ने मैसर्स नर्चर वेल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में 100 प्रतिशत पण अधिग्रहीत किया है। इस अनुषंगी (कम्पनी नर्चर वेल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड) ने 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के दौरान नीमराणा, राजस्थान में 34000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष क्षमता का एक चालू बिस्कुट विनिर्माण प्लांट अधिग्रहीत किया है।
9) पूर्व अवधि के आंकड़े चालू अवधि के वर्गीकरण/प्रकटन के अनुरूप बनाने के लिए पुनर्समूहित/पुनर्गठित/पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं।

वास्ते इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
(पूर्वतः इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)
हस्ता./–
सौरभ गोयल
प्रबंध निदेशक
डीआईएन – 01094455

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 25–07–2023

# बोम्मई ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार गिराने के आरोपों को खारिज किया

**भाषा।** बेंगलुरु



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बसवराज बोम्मई ने राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के इस आरोप को मंगलवार को खारिज किया कि भाजपा और जदएस के कुछ नेता कर्नाटक सरकार को अस्थिर करने के लिए विदेश में साजिश रच रहे हैं और दावा किया कि उनके आरोपों का मकसद सत्तारूढ़ दल में बढ़ते असंतोष से लोगों का ध्यान हटाना है।शिवकुमार ने सोमवार को दावा किया कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को गिराने के लिए सिंगापुर में साजिश रची जा रही है। इससे राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई।

पूर्व मुख्यमंत्री बोम्मई ने स्पष्ट किया कि भाजपा का कोई भी नेता सरकार गिराने के लिए ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस सरकार की विफलताओं के कारण स्वाभाविक रूप से विधायकों में असंतोष और अंदरूनी कलह पैदा हो गई है। बोम्मई ने कहा, शिवकुमार के बयानों से इस सरकार में अस्थिरता आ रही है। उन्हें सिंगापुर के बारे में बोलने की कोई जरूरत नहीं थी, लेकिन इसका उद्देश्य बी.के. हरिप्रसाद की टिप्पणियों के नतीजों से जनता का ध्यान भटकाना है और विपक्षी दलों पर निशाना साधने के लिए उन्होंने बेवजह ए बयान दिया है। विधान पार्षद हरिप्रसाद ने 21 जुलाई को यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि वह जानते हैं कि मुख्यमंत्री को कैसे बनाना या हटाना है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए बोम्मई ने कहा, इसका (शिवकुमार का बयान) उद्देश्य उनकी (शिवकुमार की) भविष्य की रणनीति के लिए आधार तैयार करना और कुल मिलाकर सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर करना था। उन्होंने दावा किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, कर्नाटक के इतिहास में कभी भी उच्च न्यायालय के पांच न्यायाधीशों को जान से मारने की धमकी नहीं दी गई है। अगर असामाजिक तत्वों और अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों की इतनी हिम्मत हो गई है, तो यह दर्शाता है कि यह सरकार कितनी कमजोर है। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि राज्य अराजकता की राह पर है।

## महाराष्ट्र में टोल बूथ में तोड़फोड़ के मामले पर भाजपा और मनसे के बीच जुबानी जंग

मुंबई, 25 जुलाई (भाषा) भारतीय जनता पार्टी और राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के बीच समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर एक टोल बूथ में तोड़फोड़ को लेकर जुबानी जंग छिड़ गई है। राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे शनिवार रात मुंबई जा रहे थे। इस दौरान एक्सप्रेस-वे के शिरडी-नासिक सेक्टर पर सिन्नर में गोंडे टोल प्लाजा पर कथित तौर पर फास्टैग विवरण में गड़बड़ी के कारण उनके वाहन को रोक दिया गया था। मनसे कार्यकर्ताओं की भीड़ ने रविवार को कथित तौर पर टोल प्लाजा में तोड़फोड़ की और वहां मौजूद एक पदाधिकारी से माफी मंगवाई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई ने इस घटना को लेकर अमित ठाकरे (31) पर निशाना साधा। महाराष्ट्र भाजपा ने ट्वीट किया, अमित ठाकरे, टोल बूथ में तोड़-फोड़ करना राजनीति नहीं है। कभी-कभी रचनात्मक होना सीखें और सिखाएं। इससे नाराज मनसे के एक पदाधिकारी ने अन्य पार्टियों (शिवसेना और राकांपा) को तोड़ने के लिए भाजपा पर निशाना साधा। मनसे की छात्र इकाई के नेता अखिल चित्रे ने ट्वीट किया, क्या पार्टियों को तोड़ना राजनीति है? पार्टियां तोड़ने और आम लोगों को परेशान करने से कहीं बेहतर टोल में तोड़-फोड़ करना है। मनसे प्रवक्ता संदीप देशपांडे ने कहा, जो लोग पूरी जिंदगी दूसरों की पार्टियां तोड़ते हैं, वे हमें निर्माण के बारे में क्या सिखा सकते हैं? उन्हें दूसरी पार्टियों को तोड़ने से पहले अपनी पार्टी को बनाना चाहिए। अमित ठाकरे ने कहा, अगर सत्तारूढ़ दल दूसरी पार्टियों को तोड़ने में इतनी व्यस्त नहीं होती तो इरशालवाड़ी भूस्खलन त्रासदी को टाला जा सकता था और निर्दोष लोगों की जान बचाई जा सकती थी।

# बर्खास्त मंत्री गुढ़ा की लाल डायरी भाजपा की साजिशः डोटासरा

**भाषा।** जयपुर

● **गुढ़ा ने विधानसभा में लाल डायरी को लेकर हंगामा किया और असहज दृश्यों के बाद उन्हें विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था**

**राजस्थान** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बर्खास्त मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा की कथित लाल डायरी मामले को भारतीय जनता पार्टी की साजिश बताया और कहा कि दुर्भाग्य से हमारा एक साथी गुढ़ा इसमें शामिल हो गया। डोटासरा ने पीटीआई-भाषा को एक साक्षात्कार में कहा, (जिस) लाल डायरी को लेकर माहौल बनाया गया वह केवल भाजपा की साजिश से रचा गया खेल था, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री के पास में 27 तारीख को सीकर में बोलने के लिए कुछ नहीं है। आप देखना प्रधानमंत्री अपनी सभा में लाल डायरी का जिक्र करेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी 27 जुलाई को सीकर में सभा करने वाले हैं। गुढ़ा ने सोमवार को विधानसभा में लाल डायरी को लेकर हंगामा किया और उसके बाद धक्का-मुक्की व असहज दृश्यों के बाद उन्हें विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था। इससे पहले शुक्रवार शाम को उन्हें सैनिक कल्याण राज्यमंत्री पद से बर्खास्त किया गया था। गुढ़ा का दावा है कि इस डायरी में दो नंबर का लेनदेन दर्ज है।

डोटासरा ने साक्षात्कार में कहा कि चुनाव के दौरान माहौल बनाने के लिए यह सब किया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि गुढ़ा यह डायरी कहां से निकाल कर लाए और अगर वे इसे कहीं से लाए भी तो यह इतने समय तक उनके पास कैसे रही और गुढ़ा ने इसे केंद्रीय जांच एजेंसियों को क्यों नहीं सौंपा।

## क्विक न्यूज

### भूमिगत जलाशय में दम घुटने से तीन श्रमिकों की मौत

**धुबरी।** असम के धुबरी जिले में मंगलवार को जल जीवन मिशन परियोजना स्थल पर भूमिगत जलाशय में काम कर रहे तीन श्रमिकों की दम घुटने से मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।श्रमिकों को ठेकेदार ने बिलासिपाड़ा के फकीरगंज गांव में टैंक की सफाई के लिए रखा था। तीनों श्रमिक टैंक में घुसने के कुछ ही समय में बेहोश हो गए। श्रमिकों को बाद में टैंक से निकाला गया जिन्हें चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, तीनों की मौत टैंक में ऑक्सीजन की कमी के कारण हुई है।अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए धुबरी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेजा गया है।

### मध्याह्न भोजन खाने के बाद 14 बच्चे बीमार, आठ भर्ती

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में मध्याह्न भोजन खाने के बाद 14 बच्चे बीमार हो गए। उनमें से आठ बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोरबा जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर करतला क्षेत्र के बीरतराई गांव में शासकीय माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार दोपहर मध्याह्न भोजन खाने के बाद 14 बच्चे बीमार हो गए। उन्होंने बताया कि भोजन करने के बाद जब बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी तब वहां मौजूद शिक्षकों ने उन्हें स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। अधिकारियों ने बताया कि इलाज के बाद छह बच्चों को घर भेज दिया गया तथा आठ अन्य बच्चों को कोरबा जिला मुख्यालय में स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डीन डॉक्टर अविनाश मेश्राम ने बताया कि भोजन के बाद तबीयत बिगड़ने की शिकायत पर आठ बच्चो को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है और उनका इलाज किया जा रहा है।

### केन्द्र सरकार कुकी उग्रवादियों से वार्ता नहीं करे : सीओसीओएमआई

**इंफाल।** इंफाल के कई नागरिक समाज संगठनो के साझा मंच कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटिग्रिटी (सीओसीओएमआई) ने मंगलवार को मणिपुर में जारी अशांति के लिए कुकी उग्रवादी समूहो को जिम्मेदार ठहराते हुए केंद्र से अपील की कि वह उनसे बात नही करे। सीओसीओएमआई ने यह भी दावा किया कि कुकी उग्रवादी संगठनो के सदस्य विदेशी हैं। सीओसीओएमआई के संयोजक जितेंद्र निंगोम्बा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, मीडिया के सूत्रों से हमें सूचना मिली है कि भारत सरकार कुकी संगठनो के साथ बातचीत करने वाली है। हम पूरी तरह से इसके खिलाफ है। उन्होंने कहा कि सरकार को संघर्ष विराम (एसओओ) से जुड़े संगठनो में से किसी के साथ वार्ता नही करनी चाहिए। केंद्र, मणिपुर सरकार और दो कुकी उग्रवादी संगठनो-- कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन और यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट के बीच एसओओ पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह संधि 2008 मे हुई थी जिसकी अवधि कई बार बढ़ाई गई। निंगोम्बा ने कहा, हम कुकी उग्रवादी संगठनो और भारत सरकार के बीच किसी भी वार्ता के विरूद्ध है क्योंकि ए संगठन विदेशी नागरिको के संगठन है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली सेवा संबंधी विधेयक को मंजूरी दी : सूत्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने समझा जाता है कि दिल्ली मे समूह-ए संवर्ग के अधिकारियो की नियुक्ति और स्थानांतरण को सुगम बनाने के लिए एक प्राधिकार गठित करने के प्रावधान वाले विधेयक को मंगलवार को मंजूरी प्रदान कर दी। यह विधेयक संबंधित अध्यादेश का स्थान लेगा। सूत्रों ने यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता मे हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक मे विधेयक को मंजूरी दी गई। समझा जाता है कि मानसूत्र सत्र मे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक पेश किया जा सकता है।कोई भी अध्यादेश राष्ट्रपति केंद्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर तब प्रख्यापित करते है जब संसद सत्र नही होता है। ऐसे मे यह जरूरी होता है कि संसद उक्त अध्यादेश के स्थान पर कानून को अगला सत्र शुरू होने के छह सप्ताह के भीतर अंगीकार करे। विवादस्पद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार संशोधन अध्यादेश केंद्र सरकार द्वारा 19 मई को प्रख्यापित किया गया था। इससे एक सप्ताह पहले उच्चतम न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार को सेवा से जुड़े मामलो का नियंत्रण प्रदान कर दिया था हालांकि उसे पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था और भूमि से जुड़े विषय नही दिए गए। शीर्ष अदालत के 11 मई के फैसले से पहले दिल्ली सरकार के सभी अधिकारियो के स्थानांतरण और तैनाती उपराज्यपाल के कार्यकारी नियंत्रण मे थे।

### वोट देने का अधिकार लोकतंत्र के सार का महत्वपूर्ण घटक : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सांसद के चुनाव से जुड़े मामले मे तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा है कि सूचित विकल्प के आधार पर वोट देने का अधिकार लोकतंत्र के सार का एक महत्वपूर्ण घटक है। उच्च न्यायालय ने सांसद द्वारा उनके चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करने के अनुरोध वाली अर्जी को ठुकरा दिया था। कांग्रेस उम्मीदवार के. मदन मोहन राव ने जहीराबाद लोकसभा क्षेत्र से भीम राव बसवंत राव पाटिल के चुनाव को उच्च न्यायालय मे चुनौती देते हुए दावा किया था कि उन्होंने चुनावी हलफनामे में अपने खिलाफ लंबित मामलों और दोषसिद्धि का खुलासा नही किया था, जिससे मतदाताओं को सही सूचना नही मिली। पाटिल ने दलील दी थी कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानो के तहत तथाकथित आपराधिक मामलो का खुलासा करने की कोई आवश्यकता नही है क्योंकि उन्हे एक वर्ष से अधिक के कारावास की सजा नही दी गई थी। न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने पाटिल की अपील को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि संबंधित निर्णय मे कोई त्रुटि नही थी। शीर्ष अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 326 का हवाला दिया और कहा कि प्रावधान के तहत प्रत्एक व्यक्ति जो भारत का नागरिक है और जिसकी आयु 21 वर्ष से कम नही है, ऐसे किसी भी चुनाव मे मतदाता के रूप मे पंजीकृत होने का हकदार है। पीठ ने कहा, सूचित विकल्प के आधार पर वोट देने का अधिकार लोकतंत्र के सार का एक महत्वपूर्ण घटक है। यह अधिकार बहुमूल्य है और यह स्वतंत्रता के लिए, स्वराज के लिए एक लंबी और कठिन लड़ाई का परिणाम था, जहां नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अपरिहार्य अधिकार है।

### जन्म से पहले ही बन जाता है मां-बच्चे में रिश्ता

**नोएडा।** बेहद प्यार, दुलार, समर्पण और अटल वचनों के साथ किया जाने वाला खूबसूरत सफर होता है पैरेंट हूड। प्रेगनेंसी की पहली खबर से ही शुरू होता है बेबी के साथ मातापिता का गहरा रिश्ता। जन्म के पहले दिन से ही बेबी की त्वचा की सुरक्षा करने और उसे पूरी तरह से खुशहाल रखने का प्रॉमिस दिया जाता है। बेबी की त्वचा की देखभाल के उत्पाद प्रस्तुत करने वाला प्रमुख ब्रांड होने के नाते जॉन्सन्स बेबी ने अपने सबसे नए प्रॉमिस, पहले पल से कैम्पेन में हर मातापिता के सबसे महत्वपूर्ण प्रॉमिस को सम्मानित किया है।प्रॉमिस, पहले पल से ब्रांड के इस नए मार्केटिंग कैम्पेन में सिर्फ और सिर्फ बेबी सेफइंग्रीडिएंट्स के साथ डिजाइन किए गए उत्पाद इस अटल प्रतिबद्धता को दर्शाया गया है। बेबी की कोमल त्वचा की पहले दिन से सुरक्षा करने में मदद करने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता को इस कैम्पेन में रेखांकित किया गया है।केनव्यू के बिजनेस यूनिट हेड और वीपी मार्केटिंग मनोज गाडगी ने ब्रांड की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा,इस कैम्पेन के पहले जॉन्सन्स बेबी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों की 15,000 से ज्यादा माताओं से संपर्क करके उनसे जाना कि वह अपने बेबी को कौनसा प्रॉमिस देती हैं। बेबी की सुरक्षा करने का प्रॉमिस देश के हर हिस्से और संस्कृति की माताओं ने अपने बेबी को दिया है। उनसे प्रेरित होकर जॉन्सन्स बेबी ने उनके इस मूल्यवान प्रॉमिस को पूरा करने में उनकी मदद करने की प्रतिबद्धता को स्वीकार किया है।

# पीएम मोदी 12 अगस्त को संत रविदास स्मारक मंदिर के शिलान्यास समारोह में शामिल होंगे

**भाषा।** भोपाल

**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 अगस्त को मध्य प्रदेश के सागर जिले में संत रविदास स्मारक मंदिर के शिलान्यास समारोह में हिस्सा लेंगे ।उन्होंने कहा कि संत रविदास के सम्मान में मंगलवार को राज्य में पांच स्थानों से यात्रा निकाली जाएगी जिसका समापन सागर जिले में होगा ।चौहान ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 अगस्त को संत रविदास स्मारक मंदिर के शिलान्यास समारोह में हिस्सा लेंगे।

एक अधिकारी ने बताया कि संत शिरोमणि श्री रविदास स्मारक निर्माण समरसता यात्रा मंगलवार को सिंगरौली, बालाघाट, श्योपुर, धार और नीमच से शुरू होगी और इसका समापन सागर जिले के बडतूमा में होगा, जहां संत रविदास के सम्मान में भव्य स्मारक और मंदिर का निर्माण



किया जाएगा ।चौहान ने कहा कि यात्रा के दौरान राज्य के 53 हजार गांवों से मिट्टी और 315 नदियों से जल एकत्र किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यात्रा के साथ एक रथ भी चलेगा जो संत रविदास के जीवन पर केंद्रित होगा। अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पिछले साल आठ फरवरी को संत रविदास के लिए स्मारक मंदिर बनाने की योजना की घोषणा की थी। मध्य प्रदेश में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं।

# मानहानि मामला : केजरीवाल, संजय सिंह ने गुजरात अदालत के समन को चुनौती दी

**भाषा।** अहमदाबाद

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर मानहानि के एक मामले में 26 जुलाई को उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए जारी समन को चुनौती देते हुए सत्र अदालत में मंगलवार को पुनरीक्षण याचिकाएं दायर की। सत्र अदालत के न्यायाधीश ए. जे. कनानी ने पुनरीक्षण याचिकाओं पर गुजरात सरकार तथा गुजरात विश्वविद्यालय को नोटिस जारी किया तथा मामले पर अगली सुनवाई के लिए पांच अगस्त की तारीख तय की। गुजरात विश्वविद्यालय के पंजीयक पीयूष पटेल ने गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री पर गुजरात सूचना आयुक्त के आदेश को रद्द करने के बाद केजरीवाल तथा सिंह की टिप्पणियों को लेकर उनके खिलाफ मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। केजरीवाल और सिंह ने आपराधिक दंड संहिता की धारा 397 के तहत अलग-अलग पुनरीक्षण याचिकाएं दायरी की थी।

एक मजिस्ट्रेट अदालत ने अप्रैल में गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दर्ज कराई एक शिकायत के आधार पर आपराधिक मानहानि के मुकदमे को मंजूर किया था और आप के दोनों नेताओं को प्रधानमंत्री मोदी की शैक्षणिक डिग्री के संबंध में उनकी व्यंग्यात्मक तथा अपमानजक टिप्पणियों को लेकर बयान दर्ज कराने के लिए समन जारी किया था। इस मामले में 13 जुलाई को हुई सुनवाई में बचाव पक्ष के वकील ने छूट संबंधी आवेदन दायर कर कहा कि केजरीवाल और सिंह दिल्ली में भारी बारिश के कारण पेश नहीं हो सके। इसके बाद अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट एसजे पांचाल ने केजरीवाल और सिंह को 26 जुलाई को उपस्थित रहने का निर्देश दिया। आप के दोनों नेताओं ने पुनरीक्षण याचिकाओं में कहा कि मजिस्ट्रेट अदालत ने समन का आदेश पारित करते हुए कानून की त्रुटि की है। इसमें कहा गया है कि सीआरपीसी की धारा 199 कहती है कि मानहानि की शिकायत पीड़ित व्यक्ति ही दायर कर सकता है। हालांकि, शिकायत में भी यह आरोप नहीं लगाया गया है कि पीयूष पटेल ने अपनी मानहानि किए जाने का दावा किया है। उन्होंने अदालत ने मानहानि की मुख्य शिकायत को रद्द करने का भी अनुरोध किया है। गुजरात विश्वविद्यालय के पंजीयक द्वारा दर्ज कराई शिकायत में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने संवाददाता सम्मेलनों और ट्विटर पर प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री को लेकर विश्वविद्यालय को निशाना बनाते हुए ‟अपमानजनकै बयान दिए। इसमें कहा गया कि गुजरात विश्वविद्यालय के खिलाफ उनकी टिप्पणियां अपमानजनक थीं और उनका उद्देश्य विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना था।

## अबतक राजग से अलग होने पर विचार नहीं किया: मिजोरम के मुख्यमंत्री

**आइजोल।** मिजोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी एमएनएफ ने अब तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग होने पर विचार नहीं किया है ।एमएनएफ केंद्र में राजग का हिस्सा है, और क्षेत्र में भाजपा के नेतृत्व वाले पूर्वोत्तर लोकतांत्रिक गठबंधन (एनईडीए) की सदस्य है ।पड़ोसी राज्य मणिपुर में हिंसा को लेकर आइजोल में प्रदर्शन से इतर पत्रकारों से बात करते हुए ज़ोरमथांगा ने कहा कि राजग से संबंध तोड़ना राजनीतिक जरूरत पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा, अब तक पार्टी ने इस मुद्दे पर कोई विचार नहीं किया है। यह राजनीतिक आवश्यकता पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि एमएनएफ का राजग के साथ गठबंधन मुद्दों पर आधारित है। मुख्यमंत्री ने कहा, जब राजग की नीति अल्पसंख्यकों और बड़ी आबादी के हित के खिलाफ होगी, तो हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

# जी-20 प्रतिनिधियों को भारतीय सांस्कृतिक पहलुओं से अवगत कराना चाहिएः समिति

भाषा। नई दिल्ली

**संसद** की एक समिति ने सिफारिश की है कि भारत में सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न अकादमियों को पर्यटन प्राधिकरणों और जी-20 हितधारकों के साथ मिलकर काम करना चाहिए।

परिवहन, पर्यटन और संस्कृति पर विभाग से संबंधित संसद की स्थाई समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अकादमी को जी-20 प्रतिनिधियों को सम्मेलन स्थलों से इतर भारतीय सांस्कृतिक खजाने का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, जिससे पर्यटन और आर्थिक अवसरों को बढ़ावा मिले।

देश में मुख्य रूप से तीन राष्ट्रीय अकादमी हैं। साहित्य को बढ़ावा देने के लिए साहित्य अकादमी, दूसरा दृश्य कला को प्रोत्साहित करने के लिए ललित कला अकादमी और नृत्य, नाटक और संगीत को बढ़ावा देने के लिए संगीत नाटक अकादमी। तीनों भारत की कलात्मक विरासत को बढ़ावा देती हैं।




राष्ट्रीय अकादमी और अन्य सांस्कृतिक संस्थानों के कामकाज पर 351वीं रिपोर्ट सोमवार को संसद के दोनों सदनों में पेश की गई ।रिपोर्ट पर राज्यसभा सचिवालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय अकादमी और जी-20 सदस्य देशों के सांस्कृतिक संस्थानों के बीच सहयोगात्मक परियोजनाएं शुरू की जा सकती हैं ।इसमें संयुक्त प्रदर्शनी, कार्यक्रम या सांस्कृतिक आदान-प्रदान शामिल हो सकते हैं ।बयान में कहा गया है कि सोशल मीडिया हैंडल, लाइव स्ट्रीमिंग और वर्चुअल प्रदर्शनियों जैसे डिजिटल मंचों का उपयोग जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय अकादमी सांस्कृतिक पहलों की पहुंच बढ़ाने और वैश्विक दर्शकों को जोड़ने और भौतिक सीमाओं से परे सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है ।संसदीय समिति ने कहा कि कुछ लोग भक्ति गीत, कव्वाली या बॉलीवुड के गीत गाकर ट्रेनों और बसों में पैसे मांगते हैं ।रिपोर्ट में कहा गया कि इनमें से अधिकांश शारीरिक रूप से विकलांग होते हैं और कुछ सिर्फ गरीबी के कारण जीविकोपार्जन के लिए ऐसा करते हैं। समिति ने कहा, ‟मंत्रालयाअकादमी को ऐसे कलाकारों की पहचान करने के लिए कदम उठाने चाहिए और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए उन्हें एक मंच प्रदान करना चाहिए। साथ ही उन्हें मौद्रिक सहायता भी प्रदान करनी चाहिए।

# पॉक्सो अदालत ने दुष्कर्म हत्या के मामले में अभियुक्त को फांसी की सजा दी

**भाषा।** मथुरा

**उत्तर** प्रदेश के मथुरा जनपद की पॉक्सो अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म एवं हत्या के जुर्म में एक व्यक्ति को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने उसपर एक लाख 30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है ।जमुना पार थाना प्रभारी निरीक्षक सूरज प्रकाश शर्मा ने बताया कि मामला 31 अगस्त 2020 का है जब एक ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बेटी बीती रात अपनी बुआ की बेटी के साथ एक दुकान पर गई थी, परंतु वापस नहीं लौटी तथा उसे शक है कि दुकानदार बनवारी ने ही उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाकर कहीं गायब कर दिया है ।शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि नीलम नामक महिला ने उसे बताया है कि बनवारी उसकी पुत्री एवं भांजी को लेकर उसके घर पहुंचा था, लेकिन उसने उसे अपने घर से भगा दिया था। शिकायतकर्ता के अनुसार अगले दिन उसकी बेटी का शव निकट के मावली गांव के जंगल में पड़ा मिला। वादी ने बताया कि भान्जी घर वापस आ गई थी ।थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद बनवारी को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उसने गुनाह कबूल कर लिया कि वह ही वादी की नौ वर्ष की बेटी को अपने साथ ले गया था और उससे दुष्कर्म करने के पश्चात उसकी हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बनवारी के खिलाफ भादवि की धाराओं 363।376।302 एवं 201 तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम की धारा 5।6 के तहत चालान कर अदालत में पेश किया गया तथा जांच पूरी कर अपर जिला सत्र न्यायालय एवं स्पेशल पॉक्सो कोर्ट (द्वितीय) में आरोप पत्र दाखिल कर दिया जिसकी सुनवाई विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) रामकिशोर यादव के यहां हुई ।सरकारी पक्ष से मामले की विशेष अभियोजक अलका शर्मा ने बताया कि सुनवाई के पश्चात मंगलवार को अदालत ने अभियुक्त बनवारी को फांसी की सजा सुनाई। उन्होंने अपने आदेश में स्पष्ट उल्लेख किया कि उसे तब तक फांसी पर लटकाया जाए, जब तक कि उसकी जान न निकल जाए ।उन्होंने बताया कि अदालत ने अभियुक्त को एक लाख तीस हजार रुपए के अर्थदंड की सजा भी सुनाई है जिसमें से 80 प्रतिशत धनराशि पीड़िता के परिजनों को सौंपी जाने के आदेश किए हैं।

# सीएम चौहान को ले जा रहे हेलीकाप्टर में खराबी, सड़क मार्ग से करनी पड़ी यात्रा

**भाषा।** भोपाल

**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ले जा रहे हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ जाने से उन्हें मंगलवार को होशंगाबाद जिले के बनखेड़ी से सिवनी मालवा शहर तक 120 किलोमीटर से अधिक सड़क मार्ग से यात्रा करनी पड़ी ।अधिकारी ने कहा कि इससे पहले कि वह बनखेड़ी में हेलीकॉप्टर में चढ़ पाते, उन्हें सूचित किया गया कि यह हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर पाएगा क्योंकि इसमें तकनीकी समस्या आ गई है। उनके अनुसार मुख्यमंत्री भोपाल से होशंगाबाद जिले के बनखेड़ी तक हेलीकॉप्टर से पहुंचे थे वहां से उन्हें सिवनी मालवा शहर जाना था।

अधिकारी ने कहा कि इसके बाद चौहान ने बनखेड़ी से सिवनी मालवा तक सड़क मार्ग से जाने जाने का निर्णय लिया जो दो घंटे से अधिक की यात्रा थी ।मुख्यमंत्री ने एक वीडियो संदेश में कहा, मैं आपसे माफी मांगता हूं कि बनखेड़ी में हेलीकॉप्टर में कुछ तकनीकी खराबी आ जाने के कारण मैं आपके बीच समय पर सिवनी मालवा नहीं पहुंच सका। चौहान ने कार में यात्रा करते समय रिकॉर्ड किए गए संदेश में कहा कि देरी के कारण जन दर्शन कार्यक्रम रद्द कर दिया गया जिसमें उन्हें भाग लेना था ।उन्होंने कहा , लेकिन मैं आप सभी से मिले बिना वापस नहीं जाऊंगा और जल्द ही बैठक स्थल पर पहुंचूंगा।

वर्ष के अंत में होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों से पहले 16 जुलाई से 14 अगस्त तक भाजपा शासित इस राज्य में आयोजित विकास पर्व कार्यक्रम में बनखेड़ी में भाग लेने के बाद चौहान को सिवनी मालवा पहुंचना था लेकिन उनके हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण उनका कार्यक्रम बाधित हुआ ।अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री को भोपाल वापस लाने के लिए एक और हेलीकॉप्टर सिवनी मालवा भेजा गया।

# राज्यपाल ने किया छात्रों को सम्मानित

**मथुरा।** संस्कृति यूनिवर्सिटी मथुरा, के चौथे दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से छात्रों को सम्मानित किया। दीक्षांत समारोह कुल 21 पीएचडी शोधार्थीओ को डॉक्टरेट की डिग्री से सम्मानित किया गया, जबकि स्नातक और स्नातकोत्तर में सर्वोच्च अंक हासिल करने वाले 125 छात्रों को हुए स्वर्ण पदक, रजत पदक और कांस्य पदक से सम्मानित किया गया । इस दौरान मथुरा की सांसद हेमा मालिनी को डी. फिल की मानद उपाधि प्रदान की गई . संस्कृति यूनिवर्सिटीके चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने कहा कि शिक्षा का व्यवसायीकरण होने के बाद से कमाई करने के लिए तो बहुत से शिक्षण संस्थान इस क्षेत्र में उतर आए हैं किंतु शिक्षा देने का उद्देश्य लेकर समाज के लिए जो कार्य संस्कृति विश्वविद्यालय कर रहा है वह वास्तव में एक पुण्यकार्य है, इससे यहां के छात्र आत्मनिर्भर हो रहे हैं । हेमा मालिनी ने अपने भाषण में विश्वविद्यालय को धन्यवाद दिया और कहा की मुझे इस ऑडिटोरियम का उद्घाटन का मौका मिला था। राष्ट्र के विकास में संस्कृति यूनिवर्सिटी का योगदान है, इसका बड़ा नाम है, यह गर्व की बात है। इस सम्मान को जन-जन को समर्पित करती हूँ। संस्कृति यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति , डॉ. सचिन गुप्ता ने छात्रों को संबोधित किया, और सफलता की तलाश में आजीवन सीखने और नवाचार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ÷जैसे ही आप आज विश्वविद्यालय के मैदान से बाहर निकलें, याद रखें कि आपकी सीखने की यात्रा अभी शुरू हुई है। ज्ञान प्राप्त करना जारी रखें और दुनिया में बदलाव के माध्यम बने ।

# भारत 2020 से 2050 तक आर्थिक बोझ झेलने वाला तीसरा देश हो सकता हैः लांसेट

**भाषा।** नई दिल्ली

● **दुनिया की अर्थव्यवस्था पर 4.3 ट्रीलियन डॉलर का खर्च बढ़ सकता है जो 2019 में भारत के कुल सकल घरेलू उत्पाद का तकरीबन आधा है।**

**चीन** तथा अमेरिका के बाद भारत 2020 से 2050 तक फेफड़ों में सूजन और वायु प्रवाह को बाधित करने वाले रोग सीओपीडी के कारण सबसे अधिक आर्थिक बोझ झेलने वाला तीसरा देश हो सकता है। द लांसेट ग्लोबल हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित नए अध्ययन में यह कहा गया है। पत्रिका में कहा गया है कि दुनियाभर में मौत की तीसरी प्रमुख वजह क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मनरी डिजीज (सीओपीडी) के कारण 2019 में 33 लाख लोगों की मौत हुई। चीन में इस बीमारी से सबसे अधिक मौत हुई और उसके बाद भारत तथा अमेरिका में सीओपीडी से सबसे अधिक लोगों ने जान गंवाई। अध्ययन के अनुसार, सीओपीडी के कारण 2009 से 2019 के बीच दुनियाभर में हुई मौतों में 14.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई जिसकी वजह शहरीकरण, वायु प्रदूषण और तंबाकू का इस्तेमाल हो सकता है।

इसमें कहा गया कि इस बीमारी से दुनिया की अर्थव्यवस्था पर 4.3 ट्रीलियन डॉलर का खर्च बढ़ सकता है जो 2019 में भारत के कुल सकल घरेलू उत्पाद का तकरीबन आधा है। सीओपीडी से जुड़ी 90 फीसदी मौत कम आय और मध्यम आय वाले देशों में हुई जबकि इन देशों की आबादी वैश्विक आबादी का केवल 83 फीसदी हिस्सा है। अध्ययन में कहा गया है कि अगर तंबाकू कंपनियां उभरते बाजार में अनियंत्रित रूप से बढ़ती रहीं, अधिक लोग शहरीकरण के कारण वायु प्रदूषण की जद में आते रहे और संक्रामक रोगों का फैलना जारी रहा तो इन मौतों का आंकड़ा बढ़ सकता है।

# विश्व कप से पहले तैयारियों को आंकेगा भारत

## घरेलू सत्र 2023-24 में तीन वनडे, आठ टी20 और पांच टेस्ट खेलेगी टीम इंडिया

**भाषा**। नई दिल्ली

भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला से विश्व कप से पहले अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने का मौका मिलेगा। इसके अलावा टीम 2023-24 घरेलू सत्र में आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय और इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट भी खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला एकदिवसीय मैच मोहाली में 22 सितंबर को खेला जाएगा जबकि इंदौर और राजकोट बाकी बचे दो मैच की मेजबानी क्रमशः 24 और 27 सितंबर को करेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को घरेलू सत्र के कार्यक्रम की घोषणा की। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने संकेत दिए थे कि विश्व कप मुकाबलों की मेजबानी की दौड़ में पिछड़ने वाले मोहाली, नागपुर, राजकोट, इंदौर, तिरूवनंतपुरम जैसे स्थलों की घरेलू सत्र के दौरान इसकी भरपाई की जाएगी और उन्हें कम से कम दो मैच की मेजबानी मिलेगी। बीसीसीआई इस हफ्ते मीडिया अधिकार निविदा की घोषणा कर सकता है और ऐसे में कार्यक्रम की घोषणा करना जरूरी था। अक्टूबर-नवंबर में स्वदेश में होने वाले विश्व कप के बाद भारत घरेलू सत्र में एकदिवसीय मैच नहीं खेलेगा। भारत को अगले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में हिस्सा लेना है और इसे देखते हुए हार्दिक पंड्या की अगुआई वाली टीम घरेलू सत्र में आठ टी20 मैच खेलेगी। टीम इंडिया एकदिवसीय विश्व कप के एक हफ्ते बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच और फिर जनवरी 2024 में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी20 मैच खेलेगी। अफगानिस्तान ने 2018 में भारत में टेस्ट मैच खेला था लेकिन उसकी सीमित ओवरों की टीम भारत में पहली बार श्रृंखला खेलेगी। विशाखापत्तनम (23 नवंबर), तिरूवनंतपुरम (26 नवंबर), गुवाहाटी (28 नवंबर), नागपुर (एक दिसंबर) और हैदराबाद (तीन दिसंबर) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मुकाबलों की मेजबानी करेंगे जबकि अफगानिस्तान के खिलाफ मैच मोहाली (11 जनवरी), इंदौर (14 जनवरी) और बेंगलुरू (17 जनवरी) में होंगे। घरेलू सत्र के दौरान बड़ी श्रृंखला भारत और इंग्लैंड के बीच एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी होगी। हैदराबाद (25 से 29 जनवरी), विशाखापत्तनम (दो से छह फरवरी), राजकोट (15-19 फरवरी), रांची (23-27 फरवरी) और धर्मशाला (सात से 11 मार्च) श्रृंखला के पांच टेस्ट की मेजबानी करेंगे। समय पर मैदान तैयार नहीं होने के कारण इस साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के मैच की मेजबानी से चूकने के बाद धर्मशाला को टेस्ट मेच के आयोजन के लिए चुना गया है। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाद और इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत के बीच तीन हफ्ते का अंतर होगा।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ ड्रॉ मैच के बाद भारत डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसका

दुबई। वेस्टइंडीज के खिलाफ बारिश के कारण दूसरा मैच ड्रॉ पर छूटने के बाद भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की नवीनतम तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गया है। भारत ने इस तरह से दो मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीती लेकिन बारिश ने उसकी क्लीन स्वीप करके डब्ल्यूटीसी के तीसरे चक्र के लिए कुछ महत्वपूर्ण अंक जुटाने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। डब्ल्यूटीसी के पहले दो चक्र में फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम ने डोमिनिका में खेला गया पहला टेस्ट मैच पारी और 141 रन से जीत कर नए चक्र की शानदार शुरुआत की थी। इस ड्रा से भारत की जीत-हार का प्रतिशत प्रभावित हुआ, जो 100 से घटकर 66.67 रह गया है। पिछले सप्ताह गॉल में श्रीलंका पर चार विकेट की जीत के बाद पाकिस्तान 100 प्रतिशत जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ शीर्ष पर काबिज है। एशेज श्रृंखला खेल रहे मौजूदा डब्ल्यूटीसी चैंपियन ऑस्ट्रेलिया (54.17) और इंग्लैंड (29.17) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर है। भारत के खिलाफ ड्रॉ से वेस्टइंडीज को फायदा हुआ है और उसकी जीत-हार का प्रतिशत बढ़कर 16.67 हो गया है और वह पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। श्रीलंका एक हार के साथ नौवें स्थान पर है। पिछले महीने शुरू हुए नए 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश ने अभी कोई मैच नहीं खेला है।

**कार्यक्रमः** ऑस्ट्रेलिया श्रृंखलाःपहला वनडेः 22 सितंबर (मोहाली),दूसरा वनडेः 24 सितंबर (इंदौर),तीसरा वनडेः 27 सितंबर (राजकोट),पहला टी20ः 23 नवंबर (विशाखापत्तनम), दूसरा टी20ः 26 नवंबर (तिरुवनंतपुरम),तीसरा टी20ः 28 नवंबर (गुवाहाटी),चौथा टी20ः एक दिसंबर (नागपुर),पांचवां टी20ः तीन दिसंबर (हैदराबाद),अफगानिस्तान श्रृंखलाःपहला टी20ः 11 जनवरी (मोहाली),दूसरा टी20ः 14 जनवरी (इंदौर),तीसरा टी20ः 17 जनवरी (बेंगलुरु) इंग्लैंड श्रृंखलाःपहला टेस्टः 25-29 जनवरी (हैदराबाद),दूसरा टेस्टः दो से छह फरवरी (विशाखापत्तनम),तीसरा टेस्टः 15-19 फरवरी (राजकोट),चौथा टेस्टः 23-27 फरवरी (रांची),पांचवां टेस्टः तीन से सात मार्च (धर्मशाला)।

# हेटमायर, थॉमस की वेस्टइंडीज टीम में वापसी

## भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए टीम घोषित

**भाषा**। सेंट जोंस

**मेजबान** वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ गुरुवार से बारबाडोस में शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए आक्रामक बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर और तेज गेंदबाज ओशाने थॉमस को टीम में वापस बुलाया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पूर्व कप्तान निकोलस पूरन और हरफनमौला खिलाड़ी जेसन होल्डर चयन के लिए उपलब्ध नहीं है, जबकि चोटिल हरफनमौला कीमो पॉल का भी चयन नहीं हुआ है। तेज गेंदबाज जेडन सील्स और लेग स्पिनर यानिक कारिया ने सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है और 15 सदस्ईय टीम में उनकी वापसी हुई हैं। चोट से उबरने के बाद बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती को भी टीम में जगह दी गई है। बडे शॉट लगाने में माहिर हेटमायर ने लगभग एक साल के बाद किसी भी प्रारूप में कैरेबियाई टीम में वापसी कर रहे है। उन्होंने अपना पिछला एकदिवसीय जुलाई 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ था। चयन के लिए खुद को उपलब्ध कराने के बावजूद उन्हें विश्व कप क्वालीफायर की टीम में जगह नहीं दी गई थी। थॉमस ने वेस्टइंडीज के लिए अपना पिछला मैच दिसंबर 2021 में खेला था। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, हम ओशाने और शिमरोन का टीम में फिर से स्वागत करते हैं। दोनों ने पहले भी कुछ सफलता के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेला है। हमें विश्वास है कि वे इस टीम में अच्छी तरह से फिट होंगे। ओशाने के पास नई गेंद से विकेट लेने की क्षमता है जबकि शिमरोन की बल्लेबाजी की शैली बीच के ओवरों में टीम के लिए मददगार होगी। वह फिनिशर की भूमिका भी निभा सकते हैं। इस साल मई में एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद वेस्टइंडीज की टीम पहली बार 50 ओवर के प्रारूप में खेलेगी। वेस्टइंडीज क्वालीफायर में भारत में खेले जाने वाले विश्व कप का टिकट पक्का करने में नाकाम रहा

### वेस्टइंडीज में पिचों में सुधार से हमें बल्लेबाजी और गेंदबाजी में मदद मिलेगीः ब्रेथवेट

पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद)। वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने भारत के खिलाफ दो मैचों की घरेलू श्रृंखला में हार के बाद कहा कि कैरेबियाई क्षेत्र में पिचों के सुधार करना बेहद जरूरी है। भारत पहला टेस्ट मैच पारी और 141 रन से जीतने के बाद दूसरे टेस्ट मैच में भी जीत की तरफ बढ़ रहा था लेकिन बारिश के कारण पांचवें दिन का खेल नहीं हो पाया जिससे यह मैच ड्रॉ समाप्त हुआ। पहले टेस्ट मैच के लिए जो पिच तैयार की गई थी उस पर गेंद टर्न ले रही थी और दूसरे टेस्ट के बजाय भारतीय गेंदबाजों के अनुकूल थी। दूसरे टेस्ट मैच की पिच भी अच्छी नहीं थी जिससे कैरेबियाई तेज गेंदबाजों को कोई मदद नहीं मिली। ब्रेथवेट ने श्रृंखला समाप्त होने के बाद पिचों को लेकर कहा सच अपनाते हुए कहा, एक बार जब हम कैरेबियाई क्षेत्र में अच्छी पिच तैयार करना लग जाएंगे तो इससे हमारे बल्लेबाजों को मदद मिलेगी। प्रत्येक बल्लेबाज लंबे समय तक पैर बनाए नहीं रख सकता। मेरा मानना है कि पिचों में सुधार करने से बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद मिलेगी और यह बेहद महत्वपूर्ण है।

### खेल मंत्रालय ने भारतीय हैंडबॉल संघ को मान्यता प्रदान की

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने भारतीय हैंडबॉल संघ (एचएआई) को देश में खेल के संचालन के लिए आधिकारिक संस्था के रूप में मान्यता देने का फैसला किया है। मंत्रालय ने यह फैसला दिग्विजय चौटाला के एचएआई के अध्यक्ष और जगन मोहन राव के महासचिव चुने जाने के बाद किया। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के हस्तक्षेप के बाद हैंडबॉल संघ के चुनाव कराए गए जिससे लंबे समय से चला आ रहा गतिरोध भी समाप्त हो गया था। आईओए ने हाल में एचएआई को मान्यता प्रदान की थी। एचएआई के भारतीय हैंडबॉल महासंघ के साथ विलय के बाद आईओए ने यह फैसला किया था। मंत्रालय ने एचएआई के अध्यक्ष और महासचिव को भेजे गए पत्र में कहा, देश में हैंडबॉल खेल के संचालन के लिए खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय ने भारतीय हैंडबॉल संघ को राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में मान्यता प्रदान करने का फैसला किया है।

### शतरंज विश्व कप में भारत की अगुआई करेंगे गुकेश, हंपी

**बाकू (अजरबेजान)।** युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और आर प्रज्ञाननंदा 30 जुलाई से 24 अगस्त तक यहां होने वाले शतरंज विश्व कप में चुनौती पेश करेंगे। पुरुष और महिला खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता से 2024 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट (विश्व शतरंज चैंपियनशिप का चैलेंजर तय करने वाला टूर्नामेंट) के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। सत्रह साल के खिलाड़ियों गुकेश और प्रज्ञाननंदा दोनों को पहले दौर में बाई मिली है और वे सीधे दूसरे दौर मे उतरेंगे।

### पाकिस्तान की बिस्माह भी एशियाई खेलों से हटीं

कराची। आयशा नसीम के समय से पहले संन्यास के बाद पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम को एक और झटका लगा जब पूर्व कप्तान बिस्माह माहरूफ बच्चों के साथ यात्रा नही करने की एशियाई खेलों की नीति के कारण इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता से हट गईं। पाकिस्तान ने इस तरह आगामी खेलों के लिए अपनी दो शीर्ष खिलाड़ियों को गंवा दिया। आयोजकों ने प्रतिभागी देशों के खिलाड़ियों को खेलों के लिए अपने बच्चों के साथ यात्रा करने की स्वीकृति देने से इनकार कर दिया है

### रेफरी राहुल गुप्ता, किशन ने जीता एआईएफएफ वार्षिक खिताब

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने 2022-23 सत्र के लिए मंगलवार को राहुल गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ रेफरी और किशन चंद जोश को सर्वश्रेष्ठ सहायक रेफरी के खिताब से नवाजा। भारत और मुंबई सिटी एफसी के विंगर लालियानजुआला छांगटे को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) और राष्ट्रीय टीम के लिए उनके शानदार प्रदर्शन के लिए हाल ही मे एआईएफएफ साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना था। मिजोरम के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 2022-23 सत्र मे भारत के लिए 12 मैचों मे दो गोल किए थे जबकि एक मे सहायक की भूमिका निभाई थी।

### आर्यन नेहरा ने सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय की बराबरी की

फुकुओका (जापान)। युवा तैराक आर्यन नेहरा ने तैराकी विश्व चैंपियनशिप की 800 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा मे 27वें स्थान पर रहते हुए सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय की बराबरी की। उन्नीस साल के आर्यन ने हीट (शुरुआती दौर) मे आठ मिनट 0.76 सेकेंड का समय लेकर अद्वेत पेज के सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय की बराबरी की। आर्यन ने इसके साथ ही आठ मिनट 1.81 सेकेंड के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मे भी सुधार किया जो उन्होंने इसी महीने हैदराबाद में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान बनाया था।

# यशस्वी व मुकेश की दक्षिण अफ्रीका में होगी असली परीक्षा

## दोनो प्रदर्शन सकारात्मक

**भाषा**। नई दिल्ली



**सलामी** बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने पदार्पण मैच में धैर्य और प्रवाहमय बल्लेबाजी का शानदार नमूना पेश किया जो वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल में समाप्त हुई दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला का सकारात्मक पहलु रहा लेकिन भारतीय टीम की असली परीक्षा दक्षिण अफ्रीका दौरे में होगी।

वेस्टइंडीज की टीम में कुशल खिलाड़ियों की कमी है और ऐसे में बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टीम अपने प्रदर्शन का सही आकलन नहीं कर सकती। उसके बल्लेबाजों की असली परीक्षा दक्षिण अफ्रीका में होगी जहां उन्हें एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा और लुगी एनगिडी जैसे गेंदबाजों का सामना करना होगा। भारत ने वेस्टइंडीज में कुछ नए खिलाड़ियों को आजमाया जिनमें जायसवाल भी शामिल हैं जिन्होंने टेस्ट पदार्पण पर ही 387 गेंदों का सामना किया था। उन्होंने दिखाया कि वह जानते हैं कि उनका ऑफ स्टंप कहां है और कौन सी गेंद को छोड़ना है। अपने इस कौशल से वह गेंदबाजों को थकाने में सफल रहे।जायसवाल ने दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 30 गेंदों पर 38 रन की आक्रामक पारी खेली और दिखाया की जरूरत पड़ने पर बहुत तेजी से रन भी बना सकते हैं। उनकी असली परीक्षा हालांकि दिसंबर 2023 से जनवरी 2025 तक होगी जब भारत को दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है।इस दौरे के लिए उपकप्तान नियुक्त किए जाने पर अजिंक्य रहाणे को भी हैरानी हुई होगी। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में 89 रन बनाने के बाद यह जिम्मा सौंपा गया था। वेस्टइंडीज में हालांकि उनका बल्ला नहीं चल पाया तथा श्रेयस अय्यर और केएल राहुल के फिट होने के बाद रहाणे को मध्यक्रम में उनके लिए जगह छोड़नी पड़ सकती है।जयदेव उनादकट भी प्रभावित नहीं कर पाए लेकिन अगर वह कुछ अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें विश्वकप तक सीमित ओवरों की टीम में रखा जा सकता है। अर्शदीप सिंह को एशियाई खेलों के लिए भेजा जा रहा है और ऐसे में उनादकट के सामने बाएं हाथ के गेंदबाज के रूप में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। लेकिन विश्वकप के बाद उनके टीम में बने रहने की संभावना नहीं है।घरेलू स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने विकल्प मुहैया कराए हैं। उनकी गेंदों में तेजी नहीं है लेकिन उनकी कटर बल्लेबाजों को परेशानी में डालती है और वह तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में अच्छे विकल्प हो सकते हैं।इस श्रृंखला से यह भी तय हो गया है कि ऋषभ पंत के फिट होने तक इशान किशन टेस्ट मैचों में भी विकेटकीपर की जिम्मेदारी निभाएंगे। कोना भरत को पांच टेस्ट मैच खेलने का मौका मिला लेकिन वह उनमें अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित नहीं कर पाए।दूसरी तरफ ईशान किशन ने अपनी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग से प्रभावित किया लेकिन दक्षिण अफ्रीका में उनके लिए शार्ट पिच गेंदों का सामना करना आसान नहीं होगा।

### ललित और अग्रिम पंक्ति के चार अन्य खिलाड़ियों को एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी की टीम में नहीं मिली जगह

**नई दिल्ली।** ललित कुमार उपाध्याय अगले महीने चेन्नई में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 18 सदस्ईय भारतीय पुरुष हॉकी टीम से बाहर किए गए अग्रिम पंक्ति के पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं। ललित के अलावा, अभिषेक, पवन, दिलप्रीत सिंह और सिमरनजीत सिंह को टीम में जगह नहीं दी गई है। ए पांचों खिलाड़ी इस समय स्पेनिश हॉकी फेडरेशन-इंटरनेशनल टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम के साथ स्पेन में है। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन तीन से 12 अगस्त तक चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में होगा। शीर्ष ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे जबकि मिडफील्डर हार्दिक सिंह टीम के उपकप्तान होंगे। प्रो लीग के यूरोपीय चरण के दौरान डिफेंडर के रूप में टीम को अपनी सेवाएं देने वाले मनप्रीत सिंह मिडफील्ड में वापसी करेंगे।टूर्नामेंट के पूल चरण में भारत का सामना कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और चीन से होगा।

### भारत के घरेलू विश्व कप अभियान में अपेक्षाओं से निपटना महत्वपूर्ण होगाः कपिल



बेंगलुरू। भारत आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में खिताब के दावेदार के रूप में उतरेगा और पूर्व कप्तान कपिल देव ने मंगलवार को कहा कि मेजबान टीम को दोबारा ट्रॉफी जीतने के लिए उम्मीदों के बोझ से निपटना होगा। दो बार के चैंपियन भारत की नजरें पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के दौरान 12 साल के इंतजार के बाद एक और आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप जीतने पर टिकी है। कर्नाटक गोल्फ संघ के एक कार्यक्रम के इतर कपिल ने कहा, मुझे नही पता कि क्या होगा। उन्होंने अब तक विश्व कप के लिए टीम की घोषणा भी नही की है। भारत हमेशा टूर्नामेंट मे प्रबल दावेदार के रूप मे उतरता है और ऐसा लंबे समय से है। यह इस पर निर्भर करता है कि टीम चारों तरफ से अपेक्षाओं के दबाव से कैसे निपटती है। हमने स्वदेश मे विश्व कप जीता है और मुझे यकीन है कि टीम मे चाहे किसी को भी चुना जाए वे दोबारा ऐसा कर सकते है। विश्व कप चार साल मे होता है और मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ी पूरी तरह से तैयार होंगे। कपिल ने कहा कि इस समय क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए काम के बोझ और चोट प्रबंधन को महत्व दिया जाना चाहिए। विश्व कप 1983 जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान ने कहा, मेरा समय अलग था, हम बामुश्किल इतना क्रिकेट खेलते थे।

### हर टेस्ट में तेजी से रन बनाना जरूरी नहीं, यह परिस्थितियों पर निर्भरः इशान

पोर्ट ऑफ स्पेन। भारतीय विकेटकीपर इशान किशन ने टेस्ट क्रिकेट मे मैच की स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी करने की वकालत करते हुए कहा कि उन्हे नही लगता कि हर पांच दिवसीय मैच मे आक्रामक बल्लेबाजी करने की जरूरत है। वेस्टइंडीज दौरे पर टेस्ट मे पदार्पण करने वाले इशान ने दूसरे मैच की दूसरी पारी मे आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 34 गेंद मे नाबाद 52 रन बनाए थे। भारतीय टीम ने इस दौरान 7.54 के रन रेट से दो विकेट पर 181 रन बनाकर पारी घोषित की थी। मैच के बाद किशन से जब तेजी से बल्लेबाजी करने के बारे मे पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह जरूरी नही है कि आप हर मैच मे फटाफट क्रिकेट खेलने लगें। यह स्थिति पर निर्भर होना चाहिए। पिचों की परिस्थिति भी इसमें भूमिका निभाती है कि कोई कितनी तेजी से रन बना सकता है। मैच के चौथे दिन वेस्टइंडीज ने 365 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए दो विकेट पर 76 रन बनाए थे। पांचवां दिन पूरी तरह से बारिश की भेंट चढ़ गया। अगर आपको ऐसा विकेट मिलता है जहां आप तेजी से रन बना सकते हैं और टीम को इसकी जरूरत है तो इस (भारतीय) टीम मे हर खिलाड़ी उस भूमिका को निभाने की क्षमता रखता है।

### अश्विन मेरे लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीः जहीर

**चेन्नई।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट की श्रृंखला के लिए किसी को श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार नही मिला लेकिन पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि अगर यह पुरस्कार दिया जाता तो यह रविचंद्रन अश्विन को मिलता। अश्विन श्रृंखला के सबसे सफल गेंदबाज रहे। इस ऑफ स्पिनर ने 15.00 के औसत से 15 विकेट चटकाए और दो बार पारी मे पांच या इससे अधिक विकेट हासिल करने मे सफल रहे। उन्होंने श्रृंखला मे सिर्फ एक पारी मे बल्लेबाजी की और त्रिनिदाद मे आठ चौकों की मदद से 56 रन बनाए। जहीर ने जियो सिनेमा से कहा, उन्होंने (अश्विन ने) मैच मे 10 से अधिक विकेट चटकाए, वह सबसे सफल गेंदबाज रहा, 15 विकेट हासिल किए, अर्धशतक भी बनाया। उसके लिए श्रृंखला शानदार रही। विराट (कोहली), रोहित (शर्मा) और यशस्वी (जायसवाल) ने रन बनाए लेकिन इस खिलाड़ी ने अपने प्रदर्शन से भारत को नतीजा हासिल करने मे मदद की। मेरे लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अश्विन है। दूसरे टेस्ट के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पहली पारी मे पांच विकेट चटकाए थे। डोमिनिका मे पहले टेस्ट मे जायसवाल को यह पुरस्कार मिला था।

### पाकिस्तान की 18 वर्षीय क्रिकेटर आयशा नसीम ने संन्यास लिया

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को पुष्टि की कि 18 वर्षीय बल्लेबाज आयशा नसीम निजी कारणो से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के सभी प्रारूपो से संन्यास ले रही है।पीसीबी ने इसके साथ ही निदा डार को नया कप्तान नियुक्त किया है। वह पहली बार पूर्णकालिक कप्तान के रूप मे जिम्मेदारी संभालेंगी।रविवार को रिपोर्टो मे कहा गया था कि आक्रामक बल्लेबाज नसीम ने धार्मिक कारणो से क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है लेकिन पीसीबी को इसकी पुष्टि करने मे 48 घंटे का समय लगा।उन्होंने हालांकि संन्यास की वजह निजी कारणों को बताया है लेकिन क्यास लगाए जा रहे है कि उन्होंने धार्मिक कारणो से यह फैसला किया। इस कारण उन्हें चीन के हांगझोउ मे 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलो के लिए पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम मे नही चुना गया है।

# विनेश, बजरंग ट्रायल में हारे तो कट सकता है एशियाई खेलों का टिकट



**भाषा**। नई दिल्ली

**भारतीय ओलंपिक** संघ (आईओए) द्वारा कुश्ती के संचालन के लिए नियुक्त तदर्थ समिति के एक सदस्य ने कहा कि वह समिति को प्रस्ताव देंगे कि अगर बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट विश्व चैंपियनशिप के लिए आगामी ट्रायल हार जाते हैं तो उन्हें भारत की एशियाई खेलों की टीम से हटा दिया जाए। बजरंग (पुरुष फ्रीस्टाइल 65 किग्रा) और विनेश (महिला 53 किग्रा) एशियाई खेलों में सीधे प्रवेश दिया गया। ओलंपिक के अन्य 16 वजन श्रेणियों में खिलाड़ियों का चयन यहां 22 और 23 जुलाई को हुए ट्रायल के नतीजे के आधार पर हुआ। दिल्ली में 21 अप्रैल से 28 मई तक जंतर मंतर पर धरना देने वाले बजरंग, विनेश और चार अन्य पहलवानों ने ट्रायल की तैयारी के लिए 10 अगस्त तक का समय मांगा था। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने हालांकि कुश्ती की प्रविष्टियां भेजने की सीमा 23 जुलाई से आगे नहीं बढ़ाई। तदर्थ समिति के द्वारा बजरंग और विनेश को एशियाई खेलों के ट्रायल के लिए छूट देने के फैसले की आलोचना हुई और कुश्ती बिरादरी के एक वर्ग ने इसे पक्षपातपूर्ण करार दिया।

# हरलीन और जेमिमा को वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में फायदा

**भाषा**। दुबई

**भारत की** हरलीन देओल और जेमिमा रोड्रिग्स बांग्लादेश के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला में प्रभावी प्रदर्शन की बदौलत नवीनतम आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में आगे बढ़ने में सफल रहीं। तीसरा और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच विवादास्पद हालात में टाई रहने के बाद भारत और बांग्लादेश ने श्रृंखला साझा की। अंतिम एकदिवसीय मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई हरलीन 32 स्थान के फायदे से 51वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि दूसरे एकदिवसीय में 86 रन की मैच विजई पारी खेलने वाली जेमिमा 41 स्थान की लंबी छलांग के साथ 55वें पायदान पर हैं। हरलीन अंतिम एकदिवसीय में 77 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। इस मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैदानी अंपायरों पर निशाना साधा था। हरमनप्रीत को आईसीसी से सजा मिलने की संभावना है। उन्होंने अंपायरों पर निशाना साधने के अलावा आउट करार दिए जाने के बाद बल्ला स्टंप पर मारकर उपकरणों को नुकसान भी पहुंचाया था। अनुभवी दीप्ति शर्मा नौवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं।

### कप्तान हरमनप्रीत पर दो मैचों का प्रतिबंध



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत की महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर पर बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान उनके अभद्र व्यवहार के लिए मंगलवार को दो मैचों का प्रतिबंध लगा दिया।हरमनप्रीत को यह सजा पिछले सप्ताह ढाका मे उनके अभद्र व्यवहार के लिए दी गई। उन्होंने पगबाधा आउट करार दिए जाने के बाद स्टंप पर अपना गुस्सा उतारा और फिर उसके बाद सार्वजनिक रूप से मैच अधिकारियों की आलोचना की। आईसीसी ने बयान में कहा, हरमनप्रीत कौर को आईसीसी आचार संहिता के दो उल्लंघनो के लिए अगले दो अंतरराष्ट्रीय मैचों से निलंबित कर दिया गया है। इस निलंबन के कारण हरमनप्रीत सितंबर अक्टूबर मे होने वाले एशियाई खेलो मे पहले दो मैचो मे नही खेल पाएगी।

# श्रीकांत, प्रणय प्री-क्वर्टर फाइनल में

## जापान ओपन बैडमिंटन : आकर्षी बाहर

**भाषा**। तोक्यो



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ जापान ओपन के पुरुष एकल में मंगलवार को यहां प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन स्थानीय दिग्गज अकाने यामागुची के खिलाफ हार के साथ ही आकर्षी कश्यप का अभियान खत्म हो गया। पुरुष एकल के पहले दौर में श्रीकांत ने ताइवान के चोउ तीएन-चेन को 21-13, 21-13 से जबकि प्रणय ने चीन के ली शिफेंग को 21-17, 21-13 से हराकर अंतिम-16 में जगह पक्की की। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए दोनों खिलाड़ी एक दूसरे का सामना करेंगे। महिला एकल में आकर्षी जापान की यामागुची से पार पाने में असफल रहीं और 17-21, 17-21 से हार गईं।महिला युगल में त्रीशा जॉली और पुलेला गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने जापान की सयाका होबारा और सुइजू की जोड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 11-21, 21-15, 21-14 से जीत दर्ज की। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी ताइवान की ए होंग वेई और ली चिया ह्सिन की जोड़ी के खिलाफ पहले गेम की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी।

### सात्विक-चिराग की जोड़ी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी कोरिया ओपन जीतने के बाद मंगलवार को बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) की नवीनतम रैंकिंग मे करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। सात्विक और चिराग ने इस रैंकिंग सूची मे लिआंग वेई केंग और वांग चांग की चीन की जोड़ी की जगह ली। भारतीय जोड़ी ने कोरिया ओपन के सेमीफाइनल मे केंग और चांग की जोड़ी को हराया था। मौजूदा सत्र मे कोरिया ओपन (सुपर 500), स्विस ओपन (सुपर 300) और इंडोनेशिया ओपन (सुपर 1000) खिताब जीतने वाली एशियाई चैंपियन जोड़ी के नाम अब 87,211 अंक है।

### पाकिस्तान ने श्रीलंका पर बनाई बढ़तअ दूसरे दिन 10 ओवर का हुआ खेल

**कोलंबो।** पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच की अपनी पहली पारी में मंगलवार को श्रीलंका पर मामूली बढ़त हासिल कर ली, लेकिन लगातार बारिश के दूसरे दिन महज 10 ओवर का खेल हो सका।दिन के शुरूआती सत्र के दौरान बारिश के कारण लंच को समय से पहले लिया गया। दोपहर में बारिश रूक गई थी लेकिन आउटफील्ड में पानी भरे होने के कारण अंपायरों ने चाय के बाद दिन के खेल को खत्म कर दिया। बुधवार को मैच का तीसरा दिन निर्धारित समय से 15 मिनट पहले शुरू होगा।पाकिस्तान की टीम ने दिन की शुरूआत दो विकेट पर 145 रन से की। टीम ने श्रीलंका की पहली पारी के 166 रन के स्कोर को पीछे छोड़ा और जब उसका स्कोर दो विकेट पर 178 रन था तब भारी बारिश के कारण खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाना पड़ा। दिन के पहले सत्र में सिर्फ 43 मिनट का खेल हो सका। पाकिस्तान ने इस दौरान 33 रन बनाए।

# फिलिपींस ने पहली बार चखा जीत का स्वाद

## फीफा विश्व कप : न्यूजीलैंड को हरा

**भाषा**। वेलिंगटन

**फिलिपींस ने** फीफा महिला विश्व कप में मंगलवार को यहां ग्रुप ए के मैच में उलटफेर करते हुए सह मेजबान न्यूजीलैंड को।-0 से हराया।सरीना बोल्डन ने 24वें मिनट में इस मैच का इकलौता गोल दागा। फिलिपींस के लिए फीफा विश्व कप का यह पहला गोल था। न्यूजीलैंड ने इससे पहले अपने शुरूआती मुकाबले में नॉर्वे को हराकर विश्व कप में अपना पहला मैच जीता था और टीम के पास इस मैच को जीतकर पहली बार इस टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने का मौका था। पूरे मैच के दौरान न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी था और टीम ने 68वें मिनट में गेंद को फिलिपींस के गोल पोस्ट में डाल कर



### कैसिडो के गोल से कोलंबिया ने दक्षिण कोरिया को हराया

सिडनी। कैंसर से उबरने वाली लिंडा कैसिडो के गोल की मदद से कोलंबिया ने फीफा महिला विश्व कप के अपने पहले मैच मे मंगलवार को दक्षिण कोरिया को 2-0 से हराया। रियल मैड्रिड की अग्रिम पंक्ति की खिलाड़ी कैसिडो को 15 साल की उम्र मे ओवेरियन कैंसर का पता चला था। उन्होंने इस मैच मे अपने देश के लिए दूसरा गोल करने के बाद सिडनी फुटबॉल मैदान मे कोलंबिया के प्रशंसकों की ओर दौड़ कर खुशी का इजहार किया।

### स्विट्जरलैंड और नॉर्वे का मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा

**हैमिल्टन (न्यूजीलैंड)।** गोलकीपर गैली थालमैन के शानदार प्रदर्शन से स्विट्जरलैंड ने फीफा महिला विश्व कप के ग्रुप ए मैच मे मंगलवार को यहां नॉर्वे को गोलरहित बराबरी पर रोका। नॉर्वे को इस मैच में अनुभवी स्ट्राइकर अदा हेगरबर्ग की सेवाएं नही मिली। बेलन डि ओर का खिताब जीत चुकी यह खिलाड़ी चोटिल होने के कारण मैदान पर नही उतरी।